BESTSELLER

QUALITY GUARANTEE

**11 Units**

**52 Chapters**

**100% Explanatory Notes**

**5th Edition**

# 10000+ वस्तुनिष्ठ सामान्य अध्ययन

## Chapter-wise MCQs for Competitive Exams

A must for all UPSC CSE, State PSC, SSC, Bank, Defence & Railway Exams

SAMPLE

**विशेषताएं**

- सामान्य अध्ययन के विविध विषयों का व्यापक समावेश
- सभी प्रश्नों के साथ व्याख्यात्मक नोट्स
- आईएएस, राज्य लोक सेवा आयोग, एसएससी, सीडीएस, एनडीए, बैंक, रेलवे, सीयूईटी परीक्षाओं के विगत वर्ष के प्रश्नों का विशाल संग्रह
- प्रत्येक अध्याय में नवीनतम पैटर्न पर आधारित सदृश वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं बहुविकल्पीय प्रश्न
- अद्यतन करेंट अफेयर्स संग्रह
- बैंकिंग, रेलवे, रक्षा और कृषि जैसे टॉपिक भी शामिल

**5th Edition**

DISHA™
Publication Inc

**DISHA Publication Inc.**

A-23 FIEE Complex, Okhla Phase II

New Delhi-110020

Tel: 49842349/ 49842350

© Copyright DISHA Publication Inc.

All Rights Reserved. No part of this publication may be reproduced in any form without prior permission of the publisher. The author and the publisher do not take any legal responsibility for any errors or misrepresentations that might have crept in.
We have tried and made our best efforts to provide accurate up-to-date information in this book.

**Typeset By**

DISHA DTP Team

Sahi Disha Ki Ore

Disha's **SOCIAL INITIATIVE**
*to make the world a better place.*

*Scan the code to be a part of the change.*

**Follow and join us.**

1. Disha uses 100% Recycled Paper in all its books
2. In a thoughtful partnership with the SankalpTaru Foundation, Disha plants trees with every unique book it prints

Buying Books from Disha is always Rewarding

This time we are appreciating your writing Creativity.
Write a review of the product you purchased on Amazon/Flipkart

Take a screen shot / Photo of that review

**Scan this QR Code →**
Fill Details and submit | That's it ... Hold tight n wait.
At the end of the month, you will get a surprise gift from Disha Publication

**Scan this QR code**

Write To Us At

**feedback_disha@aiets.co.in**

www.dishapublication.com

DISHA™
Publication Inc

# Free Sample Contents


**खंड-1 : इतिहास** **1.1 – 1.156**

4. विश्व का इतिहास 136–138

**खंड-3 : भारतीय राजव्यवस्था** **3.1 – 3.130**

1. भारत का संवैधानिक विकास 1–7

**खंड-4 : भारतीय अर्थव्यवस्था (आर्थिक एवं सामाजिक विकास)** **4.1 – 4.86**

1. भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना 1–12

**खंड-5 : पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी** **5.1 – 5.44**

1. पर्यावरण पारिस्थितिकी एवं सतत् विकास 1–9


This sample book is prepared from the book **"10000+ Vastunishth Samanya Adhyayan Chapter-wise MCQs for Competitive Exams 5th Hindi Edition | Previous Year GS PYQs Question PYQs Bank with 100% Explanatory Notes | General Knowledge & Current Affairs".**





**ISBN -** 978-9362251725


**MRP-** 995/-

In case you like this content, you can buy the **Physical Book** or **E-book** using the ISBN provided above.

The book & e-book are available on all leading online stores.

# विषय सूची


**खंड-1 : इतिहास** **1.1 – 1.156**

1. प्राचीन भारत 1–33
2. मध्यकालीन भारत 34–63
3. आधुनिक भारत 64–135
4. विश्व का इतिहास 136–138
5. कला एवं संस्कृति 139–156

**खंड-2 : भूगोल** **2.1 – 2.156**

1. विश्व का भूगोल 1–63
2. भारत का भूगोल 64–156

**खंड-3 : भारतीय राजव्यवस्था** **3.1 – 3.130**

1. भारत का संवैधानिक विकास 1–7
2. संविधान की उद्देशिका, नागरिकता 8–12
3. मूल अधिकार 13–20
4. राज्य के नीति निदेशक तत्व एवं मौलिक कर्त्तव्य 21–26
5. संघीय कार्यपालिका 27–39
6. संघीय विधायिका 40–59
7. न्यायपालिका 60–70
8. राज्य की कार्यपालिका 71–74
9. राज्य की विधायिका 75–78
10. केन्द्र-राज्य संबंध 79–82
11. पंचायती राज एवं नगरीय प्रशासन 83–88
12. संवैधानिक निकाय 89–93
13. गैर-संवैधानिक निकाय 94–96
14. राजभाषा 97–98
15. चुनाव 99–103
16. संविधान, अनुच्छेद एवं संशोधन 104–115
17. विविध 116–130

**खंड-4 : भारतीय अर्थव्यवस्था (आर्थिक एवं सामाजिक विकास)** **4.1 – 4.86**

1. भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना 1–12
2. राष्ट्रीय आय 13–17
3. आर्थिक नियोजन 18–23
4. निर्धनता एवं बेरोजगारी 24–27
5. भारत में कृषि 28–35
6. मुद्रा एवं पूँजी बाजार 36–44

7. बैंकिंग व्यवस्था 45–56
8. औद्योगिक क्षेत्र 57–63
9. वैदेशिक क्षेत्र 64–67
10. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान 68–71
11. विविध 72–86

## खंड-5 : पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी 5.1 – 5.44

1. पर्यावरण पारिस्थितिकी एवं सतत् विकास 1–9
2. जैव–विविधता 10–14
3. हरित गृह प्रभाव एवं जलवायु परिवर्तन 15–18
4. ओजोन परत क्षरण 19–20
5. वन्यजीव एवं अभयारण्य 21–28
6. प्रदूषण 29–33
7. वैकल्पिक ऊर्जा 34–36
8. जल संरक्षण 37–38
9. विविध 39–44

## खंड-6 : सामान्य विज्ञान 6.1 – 6.172

1. भौतिक विज्ञान 1–67
2. रसायन विज्ञान 68–106
3. जीव विज्ञान 107–151
4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 152–172

## खंड-7 : प्रमुख सरकारी पहलें 7.1 – 7.16

1. स्कीम/योजना 1–10
2. सरकारी पॉलिसी 11–13
3. बिल/एक्ट्स 14–16

## खंड-8 : सामान्य ज्ञान 8.1 – 8.42

1. अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 1–15
2. राष्ट्रीय परिदृश्य 16–32
3. कृषि / बैंकिग / रक्षा एवं सुरक्षा / रेलवे / विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 33–42

## खंड-9 : परीक्षा विशेष 9.1 – 9.52

1. बैंकिग 1–12
2. रेलवे 13–19
3. रक्षा 20–34
4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 35–45
5. कृषि 46–52

## खंड-10 : समसामयिकी 10.1 – 10.14

1. समसामयिकी प्रश्नोत्तरी 1–14

# अध्याय 1.4 विश्व का इतिहास

1. रूसी क्रान्ति किस वर्ष हुई थी?
   (a) वर्ष 1905 (b) वर्ष 1911
   (c) वर्ष 1917 (d) वर्ष 1929

**उत्तर: (c)** वर्ष 1917 में रूस के शासक जार की निरंकुशता के विरोध में क्रांति हुई, जिसका नेतृत्व बोल्शेविक पार्टी के नेता लेलिन ने किया था। रूसी क्रांति को बोल्शेविक क्रांति भी कहा जाता है। क्रांति की सफलता के पश्चात् बोल्शेविक (कम्युनिस्ट) सरकार की स्थापना हुई।

2. क्रीमियन युद्ध का समापन किस प्रकार हुआ था?
   (a) वर्साय समझौता (b) पेरिस समझौता
   (c) सेण्ट जर्मन समझौता (d) ट्रियनॉन समझौता

**उत्तर: (b)** क्रीमिया का युद्ध जुलाई 1853 – सितंबर 1855 तक काला सागर के आसपास चला, जिसमें एक ओर फ्रांस, ब्रिटेन, तुर्की, सारडीनिया थे तथा दूसरी ओर रूस था। यह एक अनिर्णायक युद्ध था, जिसे इतिहास में सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण युद्ध कहा गया है। युद्ध का प्रमुख कारण स्लाववादी राष्ट्रीयता तथा तुर्की का धार्मिक अत्याचार था। 30 मार्च, 1856 के हुई पेरिस संधि के तहत् युद्ध की समाप्ति हुई। इस संधि के अनुसार काला सागर को तटस्थ क्षेत्र घोषित किया गया।

3. गाँधीजी किसकी रचनाओं से प्रभावित थे?
   (a) कार्ल मार्क्स (b) थॉमस हॉब्स
   (c) चार्ल्स डार्विन (d) लियो टॉल्स्टॉय

**उत्तर: (d)** गांधीजी टॉल्सटॉय की रचनाओं से प्रभावित थे। टॉल्सटॉय ने अपने नॉवेल में न सिर्फ युद्ध, प्यार, भगवान और रिश्तों को नयी परिभाषा दी, बल्कि लोगों को जीने का नया नजरिया भी दिया। गांधी ने अहिंसा पर अमल करना टॉल्सटॉय से ही सीखा। महात्मा गांधी ने उन्हें आधुनिक युग का सबसे बड़ा ऋषि बताया है। टॉल्सटॉय के प्रभाव में गांधीजी ने ईसाई मत के नैतिक अराजकतावाद के सिद्धान्त को अपनाया।

4. कार्ल मार्क्स की पुस्तक 'दास कैपिटल' प्रकाशित हुई थी____
   (a) 1857 ई. में (b) 1862 ई. में
   (c) 1867 ई. में (d) 1872 ई. में

**उत्तर: (c)** कार्ल मार्क्स की पुस्तक 'दास कैपिटल' का प्रकाशन 1867 ई. में हुआ। इस पुस्तक में पूँजी एवं पूँजीवाद का विश्लेषण है तथा मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्त करने के उपाय बताए गए हैं। इस पुस्तक का प्रकाशन तीन खण्डों में 1867, 1883 तथा 1885 में किया गया।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. मार्क्सवादी सिद्धांत व्यष्टिप्रधान और विसंबंधित व्यक्ति के विचार को नकारता है।
   2. मार्क्सवाद मानवों और व्यक्तियों के नैसर्गिक अधिकारों के विचार की पृष्टि करता है।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (a)** कार्ल मार्क्स जर्मन दार्शनिक अर्थशास्त्री तथा वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता थे। मार्क्सवाद क्रांतिकारी समाजवाद का ही एक रूप है। यह आर्थिक और समाजिक समानता में विश्वास रखता है। अत: मार्क्सवाद सभी व्यक्तियों की समानता का दर्शन है। मार्क्सवाद की उत्पत्ति खुली प्रतियोगिता स्वतंत्र और पूंजीवाद के विरोध के कारण हुई। अत: मार्क्सवादी सिद्धान्त व्यष्टिप्रदान और विसंबधित व्यक्ति के विचार को नकारता है।

6. **निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इस प्रश्न के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए:

   **कथन I :** वियतनाम युद्ध में अमेरिकी लोगों ने सघन वनों और कृषि-क्षेत्र के बड़े भू-भाग में एजेंट आरेंज जैसे शक्तिशाली डेफोलियांट्स का प्रयोग किया।

   **कथन II :** डेफोलियांट्स लड़ाई के अत्यंत खतरनाक हथियार होते हैं, जो वनों और कृषि-क्षेत्र को वीरान बना देते हैं।

   (a) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं, और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
   (b) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (c) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
   (d) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

**उत्तर: (a)** वियतनाम युद्ध में अमेरिकी सैनिकों ने गोरिल्ला छापामार युद्ध से बचने के लिए सघन वनों एवं कृषि क्षेत्र पर खतरनाक रसायन डेफोलिएंट्स का प्रयोग किया था। डेफोलिएन्ट एक ड्रम में पैक किया जाता है जिसे रंग कोड बैंड के द्वारा चिह्नित किया जाता है। इनमे पिंक, पर्पल, ब्लू, व्हाइट एवं सर्वाधिक प्रसिद्ध ऑरेंज होता है।

7. अमेरिकी क्रान्ति के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. अमेरिकी क्रान्ति ब्रिटिश अधिवासियों तथा देशीय अमेरीकियों के बीच का संघर्ष था।
   2. अमेरिकियों ने उस ब्रिटिश संसद् द्वारा लगाये गये करों का भुगतान करने से इनकार कर दिया जिसमें अमरीकियों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
   **कूट:**
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)** अमेरिकी क्रान्ति 1775 से 1783 के दौरान जनरल जार्ज वाशिंगटन द्वारा अमेरिकी सेना का नेतृत्व करते हुए की गयी थी। वाशिंगटन ने अमेरिकन उपनिवेशों को एकीकृत करके संयुक्त राज्य अमेरीका का वर्तमान स्वरूप प्रदान किया। बाद में उन्हें 1789 में अमेरिका का पहला राष्ट्रपति चुना गया।

8. यूरोप में औद्योगिक क्रान्ति का आविर्भाव मुख्यत:
   1. उत्पादन प्रक्रम के देहातों में अवस्थापन के कारण हुआ
   2. गैर-कृषि उत्पादन के एक छत (फैक्टरी) के अन्दर आने की वजह से गिल्डों के गिरावट के कारण हुआ
   3. उत्पादन प्रक्रम में व्यापारी-पूँजीवादियों की बढ़ती भूमिका के कारण हुआ

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
   (a) 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2

**उत्तर: (b)** औद्योगिक क्रांति के अंतर्गत उत्पादन प्रक्रम शहरों में स्थापित किए गए थे जिससे शहरों का अभूतपूर्व विकास हुआ। इसमें व्यापारियों और पूंजीपतियों ने मांग का स्थान होने की वजह से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

9. उस फ्रांसीसी क्रांतिकारी का नाम बताइए जिसने 'डिक्लेरेशन ऑफ द राइट्स ऑफ वुमन एंड फ़ीमेल सिटिज़न' लिखी।
   (a) ओलिंपे द गूजे (b) नैन्सी रुहलिंग
   (c) मैक्सिमिलियन रोब्सपियरे (d) मेरी वोल्स्टोनक्राफ्ट

**उत्तर: (a)** 'डिक्लेरेशन ऑफ द राइट्स ऑफ वुमन एंड फीमेल सिटिजन' को ओलिमपे द गूजे नामक फ्रांसीसी क्रांतिकारी ने लिखा है।

10. **निर्देश:** प्रश्न में दो कथन, कथन I और कथन II हैं। आपको इन दो कथनों की सावधानी से परीक्षा करनी है और इस प्रश्न के उत्तर नीचे दिए कूट का प्रयोग कर चुनने हैं :
    **कथन I :** 1917 की रूसी क्राँति ने भारतीय कामगार वर्ग आन्दोलन को प्रेरित किया।
    **कथन II :** असहयोग आंदोलन (1921-22) में भारतीय कामगार वर्ग शामिल था।
    (a) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं और कथन II कथन I की सही व्याख्या है।
    (b) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं किन्तु कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।
    (c) कथन I सत्य है किन्तु कथन II असत्य है।
    (d) कथन I असत्य है किन्तु कथन II सत्य है।

**उत्तर: (a)** 1917 की रूसी क्रांति ने भारतीय कामगार वर्ग आंदोलन को प्रेरित किया। इसी के परिणामस्वरूप असहयोग आंदोलन में भारतीय कामगार वर्ग की बड़ी भूमिका रही थी।

11. निम्नलिखित घटनाओं में से किस एक का संबंध अमरीकी स्वातंत्र्य-युद्ध से था?
    (a) टेनिस कोर्ट शपथ (b) बोस्टन की चाय पार्टी
    (c) बास्तिल का पतन (d) आतंक का राज्य

**उत्तर: (b)** बॉस्टन चाय पार्टी ब्रिटिश उपनिवेश मैसाचुसेट्स के एक उपनिवेश बॉस्टन के उपनिवेशवासियों द्वारा ब्रिटिश सरकार के खिलाफ प्रत्यक्ष कार्यवाही थी। 16 दिसम्बर 1773 को जब बॉस्टन के अधिकारियों द्वारा कर युक्त चाय के तीन जहाजों को ब्रिटेन को लौटने से इंकार कर दिया गया तो उपनिवेशवासियों का एक समूह जहाज पर सवार हुआ और चाय को बॉस्टन हार्बर में फेंक कर नष्ट कर दिया गया।

12. निम्नलिखित घटनाओं में से किस एक का संबंध फ्रांसीसी क्रांति से नहीं था?
    (a) इस्टेट्स जनरल को आहूत करना
    (b) गिलोटिन
    (c) कॉन्कार्ड का युद्ध
    (d) टेनिस कोर्ट शपथ

**उत्तर: (b)** गिलोटिन फ्रांसीसी क्रांति से संबंधित नहीं है। गिलोटिन अथवा ऊर्ध्वाधर कर्तरी शिरश्छेदन मृत्युदण्ड देने के लिए कर्त्तन यन्त्र है। यह दो खंभों के बीच लटकता आरे वाला यंत्र है।

13. निम्नलिखित में से कौनसा कारक पहले इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति प्रारंभ होने के पीछे एक कारण नहीं था?
    (a) देश का कोई भाग समुद्र से अधिक दूर नहीं था
    (b) नौगम्य नदियाँ आन्तरिक व्यापार को सुगम बनाती थीं
    (c) इंग्लैंड में अनुकूल जलवायु-दशाओं के फलस्वरूप मशीनें पवन या जल शक्ति से संचालित हो सकती थीं।
    (d) इंग्लैंड में कोयला, लोहा तथा अन्य आवश्यक प्राकृतिक संसाधन थे

**उत्तर: (c)** इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति हेतु जिम्मेदार कारक निम्न हैं:
• कृषि क्रांति, जनसंख्या विस्फोट, व्यापार प्रतिबंधों की समाप्ति, उपनिवेशों का कच्चा माल तथा बाजार, पूंजी तथा नयी प्रौद्योगिकी, पुनर्जागरण काल और प्रबोधन, राष्ट्रवाद, कारखाना प्रणाली

14. अमेरिकी क्रांति की सफलता के लिए उत्तरदायी कारक तत्वों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
    1. अमेरिकी महाद्वीप का दूरस्थ होना और अमेरिकी महाद्वीप के विषय में ब्रिटिश की अनभिज्ञता अमेरिकियों की सफलता का कारण बना।
    2. उद्दाम स्वातन्त्र्य चेतना ने अमेरिकियों को सफलता की ओर अग्रसर किया।
    3. अमेरिकी सैन्यबल ब्रिटिश के सैन्यबल से अधिक श्रेष्ठ था।
    उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) 1 और 2
    (c) केवल 2 (d) 1 और 3

**उत्तर: (b)** अमेरिकी क्रांति की सफलता के लिए उत्तरदायी कारक तत्व निम्न थे: अमेरिकी महाद्वीप का दूरस्थ और अमेरिकी महाद्वीप के विषय में ब्रिटिश की अनभिज्ञता अमेरिकियों की सफलता का कारण बना। उद्यम स्वतंत्रय चेतना ने अमेरिकियों को सफलता की ओर अग्रसर किया। यद्यपि अमेरिकी सैन्य बल ब्रिटिश सैन्य बल से अधिक श्रेष्ठ नहीं था किंतु उद्दान स्वतंत्रय चेतना के कारण अमेरिकी सफल रहे।

15. इंग्लैंड में औद्योगिक क्रान्ति के प्रारम्भिक चरण के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
    1. इंग्लैंड भाग्यशाली था कि कोयले और लौह अयस्क उद्योग में इस्तेमाल करने के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे।
    2. अठारहवीं शताब्दी तक प्रयोज्य लोहे का अभाव था।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)** औद्योगिक क्रांति के प्रारंभिक चरण में इंग्लैंड व उसके साम्राज्य क्षेत्र में औद्योगिक उपयोग हेतु पर्याप्त लौह और कोयला विद्यमान था। परन्तु लोहे के प्रगालन हेतु आवश्यक कोयले के आभाव के कारण इंग्लैंड प्रयोज्य लोहे हेतु उत्तरी यूरोपीय देशों पर निर्भर था। अत: दोनों कथन सही हैं।

16. 19वीं शताब्दी के मध्य में औद्योगिक क्रांति के दौरान मैनचेस्टर में श्रमिकों की औसत जीवन-अवधि कितनी थी?
    (a) 17 वर्ष (b) 30 वर्ष
    (c) 55 वर्ष (d) 62 वर्ष

**उत्तर: (a)** 19वीं सदी के मध्य में औद्योगिक क्रांति के दौरान मैनचेस्टर में श्रमिकों की औसत जीवन-अवधि 17 वर्ष थी। फैक्ट्री श्रमिकों को कृषि श्रमिकों की तुलना में अधिक काम करना पड़ता था। उनकी कार्यशील स्थिति अत्यन्त दयनीय थी। स्वास्थ्य देखभाल में कमी तथा स्मॉल पॉक्स, लाल (Scarlet) बुखार तथा अन्य संक्रामक बीमारियाँ इसके कारण थे।

17. जॉर्ज वॉशिंगटन को अमेरिकी सेना का कमांडर इन चीफ कब बनाया गया था?
    (a) बोस्टन चाय पार्टी के पश्चात्, दिसम्बर 1773 में
    (b) प्रथम महाद्वीपीय काँग्रेस के दौरान, सितम्बर 1774 में
    (c) द्वितीय महाद्वीपीय काँग्रेस के दौरान, 1775 में
    (d) महाद्वीपीय काँग्रेस द्वारा, 4 जुलाई, 1776 को स्वतंत्रता की घोषणा के समय

**उत्तर: (c)** द्वितीय महाद्वीपीय कांग्रेस के दौरान 16 जून, 1975 को वॉशिंगटन को अमेरिकी संयुक्त सेनाओं का प्रधान (कमाण्डर इन चीफ) चुना गया। इसके बाद (1775-83) अमेरिकी क्रांति में ब्रिटेन पर विजय हासिल की।

18. अलेक्जेंडर केरेन्स्की कौन थे?
    (a) अक्तूबर क्रांति से पहले रूस की अंतिम सरकार के प्रधान
    (b) लेनिन के घनिष्ठ विश्वासपात्र, जिनकी मदद से ज़ार को गद्दी से उतारा गया था
    (c) ज़ार की सेना के प्रधान
    (d) जोसेफ स्टालिन के एक सलाहकार

**उत्तर: (a)** केरेन्स्की एक रूसी अधिवक्ता और क्रांतिकारी तथा 1917 की रूसी क्रांति के प्रमुख व्यक्तित्व थे। अक्टूबर क्रांति से पूर्व वह रूस की अंतरिम सरकार के प्रधान थे। अक्टूबर क्रांति के दौरान 7 नवम्बर को लेलिन के नेतृत्व वाले बोल्शेविकों ने उनकी सरकार को उखाड़ फेंका।

19. 1854 के केन्सास-नेब्रास्का अधिनियम के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम निकला?
   (a) मिसौरी समझौता निरस्त किया गया तथा केन्सास एवं नेब्रास्का की जनता को यह निर्धारित करने की अनुमति दी गई कि उन्हें गुलाम रखने चाहिए अथवा नहीं।
   (b) इस अधिनियम ने राज्यक्षेत्रों को दास-प्रथा के प्रश्न पर मताधिकार की अनुमति नहीं दी।
   (c) दास-प्रथा के मुद्दे के संबंध में बहुमत की आवाज को दबा दिया गया था।
   (d) दास-प्रथा पर निर्णय लेने का पूरा अधिकार संघीय सरकार के पास था।

**उत्तर: (a)** 30 मई 1854 को अमेरिकी कांग्रेस द्वारा केन्सास-नेब्रास्का अधिनियम पास हुआ। इसके द्वारा 1820 का मिसौरी समझौता रद्द किया गया तथा केन्सास एव नेब्रास्का की जनता को यह निर्धारित करने की अनुमति दी गई कि उन्हें गुलाम रखने चाहिए अथवा नहीं।

20. इतिहास में पर्यावरणी सरोकारों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. प्रारम्भिक फ्रांसीसी एवं ब्रितानी वैज्ञानिकों ने हिन्द महासागर क्षेत्र में वनोन्मूलन, बड़ी मात्रा में स्थानीय वृक्ष अनाच्छादन तथा जल के पुनः पूर्ति चक्रों के सम्भावित सम्बन्धों पर चिन्तन किया।
   2. संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) में इसी तरह के भय 19वीं सदी के अन्त तक व्याप्त थे।
   3. भूतकाल में संसाधनों के उपयोग के तरीके के विस्तृत भूमण्डलीय प्रभावों के बारे में शायद ही कोई पर्यावरणीय सरोकार था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1 और 2 (b) केवल 1
   (c) केवल 3 (d) केवल 2

**उत्तर: (a)** फ्रांसीसी तथा ब्रितानी वैज्ञानिकों ने हिंद महासागरीय क्षेत्र में पर्यावरणीय सरोकारों पर चिंतन किया था।

21. वियतनाम (हिंद-चीन) की औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. वियतनाम में औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था मुख्यतः धान की खेती तथा रबर के बागानों पर आधारित थी।
   2. वियतनाम के सभी रबर बागान एक छोटे वियतनामी आभिजात्य वर्ग के स्वामित्व तथा नियंत्रण में थे।
   3. करारबद्ध वियतनामी श्रमिकों का रबर बागानों में व्यापक रूप से उपयोग किया गया था।
   4. करारबद्ध श्रमिक, संविदाओं के आधार पर कार्य करते थे जिनमें श्रमिकों के लिए कोई अधिकार विनिर्दिष्ट नहीं किए जाते थे परन्तु मालिकों को अत्यधिक अधिकार दिए जाते थे।

   ऊपर दिये गये कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1, 3 और 4 (b) केवल 1 और 4
   (c) 2 और 3 (d) केवल 1

**उत्तर: (a)** वियतनाम (हिंद-चीन) की औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से धान की खेती तथा रबड़ के बागानों पर आधारित थी। यहां सभी रबड़ बागान फ्रांस और वियतनाम के मुट्ठी भर धनी तबके स्वामित्व में थे। करारबद्ध श्रम करवाया जाता था। करारबद्ध श्रमिक संविदाओं के आधार पर कार्य करते थे जिनमें श्रमिकों के लिए कोई अधिकार निर्दिष्ट नहीं किए जाते थे। परंतु मालिकों को अत्यधिक अधिकार दिए जाते थे।

22. फ्रांस की क्रांति के संबंध में वर्ष और घटना का निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही सुमेलित है?
   (a) 1789 : नेपोलियनी कोड (b) 1971 : टेनिस कोर्ट शपथ
   (c) 1792 : नेशनल कन्वेन्शन (d) 1804 : फ्रांस का नया संविधान

**उत्तर: (c)** फ्रांस की क्रांति से संबंधित विकल्पों में (c) सही है। नेशनल कन्वेंशन 1792 में हुआ।
नेपोलियन कोड – 1804
टेनिस कोर्ट शपथ – 1789
फ्रांस का नया संविधान – 1792

23. द सोशल कॉन्ट्रैक्ट पुस्तक के लेखक इनमें से कौन है?
   (a) वॉल्टेयर (b) हॉब्स
   (c) लॉक (d) रूसो

**उत्तर: (d)** 'द सोशल कॉन्ट्रेक्ट' पुस्तक की रचना रूसो ने फ्रेंच भाषा में की थी। यह पहली बार 1762 में प्रकाशित हुई थी। इस पुस्तक ने यूरोप में, विशेष रूप से फ्रांस में राजनीतिक सुधारों या क्रांति को प्रेरित करने में मदद की।

24. निम्नलिखित में से किन कारकों के कारण अठारहवीं सदी में इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति हुई थी?
   1. कोयला और लोह के भण्डारों की खोज
   2. वाष्प शक्ति की खोज
   3. रेलवे का आरंभ
   4. कच्चे माल की नियमित आपूर्ति

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)** इंग्लैण्ड में हुई औद्योगिक क्रांति के लिए सभी कारक उत्तरदायी थे। इस क्रांति की शुरूआत कपड़ा उद्योग से हुई।

25. धर्मसन्धि (कॉन्कॉर्डैट) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. यह रोमन कैथोलिक चर्च और राज्य के बीच अनुबन्ध है।
   2. पोप बेनेडिक्ट XVI की 2007 की ब्राजील यात्रा के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति ने किसी धर्मसन्धि पर हस्ताक्षर नहीं किए।
   3. 2009 की धर्मसन्धि होली सी और पुर्तगाल के बीच हस्ताक्षरित हुई

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 (d) केवल 1 और 3

**उत्तर: (a)** कंकोरडेन्ट पॉप तथा राष्ट्रों के बीच पवित्र एलाइंस के रूप में देखा जाता है।

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, इतिहास के विषय में मार्क्स के दृष्टिकोण का संक्षिप्त वर्णन करता है?
   (a) इतिहास विभिन्न व्यक्तियों के बीच युद्धों का अभिलेख है
   (b) इतिहास शोषक और शोषित वर्गो के बीच संघर्ष का सिलसिला है
   (c) इतिहास अतीत की घटनाओं का विश्वसनीय अभिलेख है
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b)** मार्क्स एक साम्यवादी आलोचक थे जिन्होंने वर्ग संघर्ष के सिद्धांत को प्रमुखता दी। उन्होंने इतिहास को वर्ग संघर्ष की प्रक्रिया की उपज बताया।

27. रूसी क्रांतिकारियों ने अपनी विचारधारा किनके सिद्धान्तों से व्युत्पत्र की?
   (a) लेनिन और स्टालिन (b) मार्क्स और लेनिन
   (c) मार्क्स और एन्जेल्स (d) लेनिन और एन्जेल्स

**उत्तर: (b)** मार्क्स और लेनिन ।

28. 1760 का प्रसिद्ध वांडीवाश का युद्ध अंग्रेज़ों द्वारा किसके खिलाफ लड़ा गया? **[BPSC 2020]**
   (a) फ्रांसीसी (b) स्पेन
   (c) मैसूर (d) कार्नेटिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (a)** वांडिवाश की लड़ाई (1760) में, फ्रांसीसी कॉम्ते डे लाली और ब्रिटिश सर आइरे कोटे के बीच, के बीच हुई थी। इसमें, फ्रांसीसी सेना बुरी तरह से ब्रिटिश सेनाओं से हार गई और भारत में अपनी सारी संपत्ति खो दी। युद्ध के बाद, पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। संधि के अनुसार, पांडिचेरी, कराईकल और माहे को अंग्रेजों के संरक्षण में फ्रेंच में बहाल किया गया था।

अध्याय 1.5

# कला एवं संस्कृति

## भारतीय स्थापत्य एवं वास्तुकला

1. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **[IAS Prelims 2018]**
   1. फतेहपुर सीकरी स्थित बुलंद दरवाजा तथा खानकाह के निर्माण में सफेद संगमरमर का प्रयोग हुआ था।
   2. लखनऊ स्थित बड़ा इमामबाड़ा और रूमी दरवाजा के निर्माण में लाल-बलुआ पत्थर और संगमरमर का प्रयोग हुआ था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (a)** अकबर ने 1601 में गुजरात विजय की स्मृति में बुलन्द दरवाजा का निर्माण करवाया था। आगरा से 53 किमी दूर फतेहपुर सीकरी नामक स्थान पर स्थित यह इमारत लाल बलुवा पत्थर से बनी है जिसे सफेद संगमरमर से सजाया गया है।
अवध के नवाब आसफ-उद-दौला ने 1784 में लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा का निर्माण करवाया था। इमामबाड़ा से कुछ ही दूर बाहर 18 मीटर ऊँची रूमी दरवाजा का भी निर्माण करवाया गया। इन इमारतों के बनाने में ईंटों तथा चूने का प्रयोग किया गया है।

2. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | **सूची-I** | | **सूची- II** |
|---|---|---|---|
| A. | गुप्त | 1. | बादामी |
| B. | चन्देल | 2. | पनमलै |
| C. | चालुक्य | 3. | खजुराहो |
| D. | पल्लव | 4. | देवगढ़ |

**कूट:**
(a) A – 4; B – 3; C – 1; D – 2
(b) A – 4; B – 2; C – 3; D – 1
(c) A – 2; B – 3; C – 4; D – 1
(d) A – 3; B – 4; C – 1; D – 2

**उत्तर:** (a) वंश एवं स्थान का सही सम्बन्ध इस प्रकार है-

| | **वंश** | | **स्थान** |
|---|---|---|---|
| A. | गुप्त | - | देवगढ़ |
| B. | चन्देल | - | खजुराहो |
| C. | चालुक्य | - | बादामी |
| D. | पल्लव | - | पनमलै |

3. निम्नलिखित वक्तव्यों में कौन-सा एक वक्तव्य अशोक के प्रस्तर स्तम्भों के बारे में गलत है?
   (a) इन पर बढ़िया पॉलिश है
   (b) यह अखण्ड है
   (c) स्तम्भों का शॉफ्ट शुण्डाकार है
   (d) ये स्थापत्य संरचना के भाग हैं

**उत्तर: (d)** अशोक के पाषाण स्तम्भ धम्म के प्रचार के लिये निर्मित किये गये थे। ये स्थापत्य का भाग नहीं थे।

4. होयसल स्मारक (Hoysala monuments) पाये जाते हैं-
   (a) हम्पी और हेलिबिड में (b) हेलिबिड और बेलूर में
   (c) मैसूर और बैंगलूर में (d) शृंगेरी और धारवाड़ में

**उत्तर: (b)** प्रारम्भ में होयसलों की राजधानी बेलूर थी परन्तु बाद में हेलीविड हो गई है।

5. निम्नलिखित शहरों में से किस में लिंगराज मन्दिर अवस्थित है?
   (a) भुवनेश्वर (b) बीजापुर
   (c) कोलकाता (d) श्रवणबेलगोला

**उत्तर: (a)** लिंगराज मंदिर अनन्तवर्मन द्वारा निर्मित कराया गया। वह उड़ीसा का शासक था। ये मंदिर भुवनेश्वर में स्थित हैं।

6. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| | **सूची -I (प्रसिद्ध मन्दिर)** | | **सूची -II (राज्य)** |
|---|---|---|---|
| A. | विद्याशंकर मन्दिर | 1. | आन्ध्र प्रदेश |
| B. | राजरानी मन्दिर | 2. | कर्नाटक |
| C. | कन्दरिया महादेव मन्दिर | 3. | मध्य प्रदेश |
| D. | भीमेश्वर मन्दिर | 4. | उड़ीसा |

**कूट:**
(a) A – 2; B – 4; C – 3; D – 1
(b) A – 2; B – 3; C – 4; D – 1
(c) A – 1; B – 4; C – 3; D – 2
(d) A – 1; B – 3; C – 4; D – 2

**उत्तर: (a)** विद्याशंकर मंदिर कर्नाटक राज्य में, राजरानी मंदिर उड़ीसा में, कन्दरिया महादेव मन्दिर मध्यप्रदेश में तथा भीमेश्वर मन्दिर आन्ध्र प्रदेश राज्य में स्थित हैं।

7. कुछ शैलकृत बौद्ध गुफाओं को चैत्य कहते हैं, जबकि अन्य को विहार। दोनों में क्या अन्तर है?
   (a) विहार पूजा-स्थल होता है, जबकि चैत्य बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है
   (b) चैत्य पूजा-स्थल होता है, जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है
   (c) चैत्य गुफा के दूर के सिरे पर स्तूप होता है, जबकि विहार गुफा पर अक्षीय कक्ष होता है
   (d) दोनों में कोई वस्तुपरक अन्तर नहीं होता

**उत्तर: (b)** चैत्य पूजा-स्थल होता है, जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है।

8. भारतीय शिलावास्तु के इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. बादामी की गुफ़ाएँ भारत की प्राचीनतम अवशिष्ट शैलकृत गुफ़ाएँ हैं।
   2. बाराबर की शैलकृत गुफ़ाएँ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा मूलतः आ. जीविकों के लिए बनवाई गई थीं।
   3. एलोरा में, गुफ़ाएँ विभिन्न धर्मों के लिए बनाई गई थीं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर (c)** एलोरा की गुफाएँ पाँच से दस शताब्दी के बीच में बनाई गई थीं। इनमें उप गुफाएँ भी थीं, जिनमें से 12 बौद्धीय गुफाएँ, 17 हिन्दू गुफाएँ थीं और 5 जैन गुफाएँ थीं। इन गुफाओं का आपस में एक साथ अवस्थान करना इस बात की साक्षी देता है कि इतिहास के इस दौर में धम्मीय एकता बरकरार थी।

9. निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों पर विचार कीजिए:
   1. अजन्ता की गुफ़ाएँ 2. लेपाक्षी मन्दिर
   3. साँची स्तूप

   उपर्युक्त स्थलों में से कौन-सा/से भित्ति चित्रकला के लिए भी जाना जाता है/जाने जाते हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) 1, 2 और 3 (d) कोई नहीं

**उत्तरः (b)** अजन्ता की गुफाओं में भित्ति चित्रकला के निदर्सन पाए गए हैं। गुफा 1, 2, 16 एवं 17 में यह चित्रकला देख सकते हैं। इनमें से कुछ चित्रकलाएँ वकाटक साम्राज्य के राजा हरिसेन ने अपनी इच्छा से निर्मित करायी थीं। यह चित्रकलाएँ जातक की कहानियाँ बताती हैं। लेपाक्षी मन्दिर भित्ति चित्रकला के लिए प्रसिद्ध है, जिसे विजयनगर राज्य के राजाओं ने बनवाए थे। साँची स्तूप में बहुत सी सुन्दर मूर्तियाँ हैं पर भित्ति चित्रकलाएँ यहाँ देखने को नहीं मिलतीं।

10. भारत में बौद्ध इतिहास, परम्परा और संस्कृति के सम्बन्ध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| | **विख्यात तीर्थस्थल** | | **अवस्थान** |
|---|---|---|---|
| 1. | टाबो मठ और मन्दिर संकुल | : | स्पीति घाटी |
| 2. | ल्होत्सव लाखांग मन्दिर, नको | : | जास्कर घाटी |
| 3. | अल्वी मन्दिर संकुल | : | लद्दाख |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (c)** टाबो मठ और मंदिर संकुल स्पीति घाटी में स्थित है। अल्वी मंदिर संकुल लद्दाख में स्थित है। ल्होत्सव लाखांग मंदिर, नको, हिमाचल प्रदेश में स्थित है। किन्तु जास्कार घाटी, जम्मू तथा कश्मीर में है।

11. भारत के कला और पुरातात्विक इतिहास के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से किस एक का सबसे पहले निर्माण किया गया था
   (a) भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर
   (b) धौली स्थित शैलकृत हाथी
   (c) महाबलिपुरम स्थित शैलकृत स्मारक
   (d) उदयगिरि स्थित वराह मूर्ति

**उत्तरः (b)** भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर का निर्माण 11वीं शताब्दी (1025-1040 ई.) ययाति प्रथम के द्वारा करवाया गया था। धौली (ओडिशा) स्थित शैलकृत हाथी का निर्माण मौर्य शासक अशोक के काल में 250 ई.पू. के आसपास हुआ था। महाबलिपुरम स्थित शैलकृत स्मारकों का निर्माण 7वीं-8वीं शताब्दी में पल्लव शासनकाल में हुआ था। उदयगिरि (विदिशा, मध्य प्रदेश) स्थित वराह प्रतिमा का निर्माण गुप्तकाल में चंद्रगुप्त द्वितीय द्वारा करवाया गया था।

12. अजंता और महाबलीपुरम के रूप में ज्ञात दो ऐतिहासिक स्थानों में कौन-सी बात/बातें समान है/हैं? **[IAS Prelims 2016]**
   1. दोनों एक ही समयकाल में निर्मित हुए थे।
   2. दोनों का एक ही धार्मिक संप्रदाय से संबंध हैं।
   3. दोनों में शिलाकृत स्मारक हैं।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) उपर्युक्त कथनों में से कोई नहीं

**उत्तरः (b)** पहला और दूसरा कथन गलत हैं, क्योंकि अजंता (बौद्ध गुफा) दूसरी शताब्दी ई.पू. से 5वीं शताब्दी ई.पू. के मध्य बनाया गया था, जबकि महाबलीपुरम (हिन्दू मंदिर) 7वीं-8वीं शताब्दी के दौरान पल्लव राजाओं द्वारा बनाया गया था। तीसरा कथन सही है। दोनों स्मारकों को पत्थर से काटकर बनाया गया है।

13. निम्नलिखित में से किस स्मारक में वह गुम्बज है जो संसार के विशालतम गुम्बजों में से एक है?
   (a) शेरशाह का मकबरा, सासाराम
   (b) जामा मस्जिद, दिल्ली
   (c) ग्यासुद्दीन तुगलक का मकबरा, दिल्ली
   (d) गोल गुम्बज, बीजापुर

**उत्तरः (d)** बीजापुर का गोल गुम्बज संसार के विशालतम गुम्बजों में से एक है। यह बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह का मकबरा है।

14. कौन-से वृहत् मन्दिर की प्रारम्भिक अभिकल्पना तथा निर्माण सूर्यवर्मन के राज्यकाल के दौरान हुए?
   (a) श्री मरियम्मन मन्दिर (b) अंकोरवाट मन्दिर
   (c) बाटु केव्ज मन्दिर (d) कामाख्या मन्दिर

**उत्तरः (b)** अंकोरवाट का मंदिर हिन्दू देवता विष्णु को समर्पित है। इसका निर्माण सूर्यवर्मन द्वितीय के राज्यकाल में प्रारम्भ हुआ। यह विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक इमारत है।

15. प्रसिद्ध विजय विट्ठल मन्दिर, जिसके 56 तक्षित स्तम्भ संगीतमय स्वर (Musical notes) निकालते हैं, कहाँ अवस्थित है?
   (a) बेलूर (b) भद्राचलम (c) हम्पी (d) श्रीरंगम

**उत्तरः (c)** विजयविट्ठल मंदिर हम्पी में अवस्थित है जो विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी। इसका निर्माण कृष्णदेव राय द्वारा कराया गया।

16. प्रसिद्ध विरुपाक्ष मन्दिर कहाँ अवस्थित है?
   (a) भद्राचलम (b) चिदम्बरम
   (c) हम्पी (d) श्रीकालहस्ति

**उत्तरः (c)** विरुपाक्ष मंदिर कर्नाटक के हम्पी में तुंगभद्रा नदी के दक्षिणी तट पर स्थित है। ये अब विश्व धरोहर है। इसका निर्माण कृष्णदेव राय ने 1509 में कराया था।

17. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सूर्य मंदिरों के लिए विख्यात है/हैं?
   1. अरसवल्ली 2. अमरकंटक **[CDS 2017 - I]**
   3. ओंकारेश्वर

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (a)** अरसवल्ली सूर्य मंदिर आंध्रप्रदेश के उक्त स्थल पर अवस्थित है, जिसका निर्माण 7वीं सदी में किया गया था। अमरकंटक एक पवित्र हिन्दू धर्मस्थल है, किन्तु सूर्य मंदिर के लिए प्रसिद्ध नहीं है। ओंकारेश्वर भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर है।

18. गोल गुम्बद कहाँ है?
   (a) कोणार्क (b) हैदराबाद (c) पुरी (d) बीजापुर

**उत्तरः (d)** बीजापुर में स्थित गोलगुम्बद के निर्माण में गहरे भूरे बेसाल्ट पत्थरों का प्रयोग किया गया है। याकूत आफ दाबुल द्वारा डिजाइन किए गए इस इमारत का निर्माण कार्य, बहमन शासक आदिल शाह द्वितीय के समय में 1626 ई. में प्रारम्भ हुआ। इसकी ऊँचाई 51 मी. है।

19. कुतुबमीनार को जैसे हम आज उसे देखते हैं, अन्ततः पुनर्निर्माण किया गया था?
   (a) बलबन द्वारा (b) अलाउद्दीन खिलजी द्वारा
   (c) सिकन्दर लोदी द्वारा (d) फिरोज तुगलक द्वारा

**उत्तरः (d)** कुतुबुद्दीन ऐबक के द्वारा आरम्भ किए गए कुतुबमीनार के निर्माण का कार्य इल्तुतमिश के काल में पूरा हुआ। फिरोजशाह तुगलक के शासन काल में आसमानी बिजली के कारण इसके चौथी मंजिल को काफी हानि पहुंची थी, जिसपर फिरोज ने चौथी मंजिल के स्थान पर दो और मंजिलों का भी निर्माण करवाया। वर्तमान में यह इसी अवस्था में है।

20. 'मोती मस्जिद' निम्न में से किस नगर में स्थित है?
   (a) आगरा (b) जयपुर
   (c) लाहौर (d) अहमदाबाद

**उत्तरः (a)** आगरा में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ ने अपनी पुत्री जहाँआरा के सम्मान में करवाया था। दिल्ली के लाल किले में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ के पुत्र औरंगजेब ने करवाया था।

DISHA Publication Inc

21. चंदेल राजाओं ने निर्माण किया–
(a) सांची (b) उज्जैन
(c) ग्वालियर (d) खजुराहो

**उत्तर: (d)** खजुराहो में स्थित मंदिरों का निर्माण चंदेल शासकों द्वारा किया गया था। इन मंदिरों का निर्माण काल 950-1050 ई. रहा है। यह मंदिर प्रांगण मध्य प्रदेश के छत्तरपुर जिले में स्थित है। स्थापत्य कला की दृष्टि से यहां की कला कृतियां उच्च कोटि की हैं।

22. खजुराहो के मंदिर संबंधित हैं–
(a) बौद्ध धर्म (b) हिंदू धर्म
(c) हिंदू धर्म और जैन धर्म (d) जैन धर्म

**उत्तर: (c)** ऐसा माना जाता है कि खजुराहो में 85 मंदिरों का निर्माण हुआ था जो वर्तमान में केवल 30 शेष बचे हैं। इन मंदिरों का संबंध वैष्णव, शैव, शाक्त तथा जैन धर्म से है। पार्श्व नाथ मंदिर तथा आदि नाथ मंदिर का संबंध जैन धर्म से है।

23. खजुराहो का मातंगेश्वर मंदिर समर्पित है–
(a) विष्णु को (b) शिव को
(c) सूर्य को (d) पार्वती को

**उत्तर: (b)** मातंगेश्वर मंदिर का संबंध भगवान शिव से है। इसमें स्थित शिवलिंग आठ फीट ऊँचा है। इसका निर्माण संभवत: राजा धंग के शासनकाल में हुआ था। यह नागर शैली में निर्मित है।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व धरोहर स्थल (वर्ल्ड हेरिटेज साइट) नहीं है?
(a) खजुराहो के मंदिर (b) भीमबेटका की गुफाएं
(c) सांची के स्तूप (d) मांडू का महल

**उत्तर: (d)** खजुराहो के मन्दिर, भीमबेटका की गुफाएं तथा सांची के स्तूप विश्व धरोहर स्थल के रूप में सूचीबद्ध हैं, मांडू का महल इस सूची में नहीं है। यह इन्दौर से लगभग 90 किमी दूर है। मांडू विन्ध्य की पहाड़ियों में स्थित है जो समुद्र तल से लगभग 2000 फीट की ऊंचाई पर है। यहाँ जहाज महल, हिंडोला महल तथा शाही इमाम आदि वास्तुकला के उत्कृष्ट नमूने हैं।

25. निम्नलिखित में से किसका शिखर द्रविड़ शैली में बना हुआ है?
(a) भितरगांव मंदिर (b) ग्वालियर का तेली मंदिर
(c) कंदरिया महादेव मंदिर (d) ओसिया मंदिर

**उत्तर: (b)** ग्वालियर का तेली मंदिर ग्वालियर किले में स्थित है। इसका ऊपरी हिस्सा द्रविड़ शैली में निर्मित है। इसकी दीवारें तथा मूर्तियां उत्तर भारतीय शैली में बनी हैं।

26. आबू का जैन मंदिर किससे बना है?
(a) बलुए पत्थर से (b) चूना पत्थर से
(c) ग्रेनाइट से (d) संगमरमर से

**उत्तर: (d)** दिलवाड़ा का जैनमंदिर, विमलशाह द्वारा बनवाया गया था, जो चालुक्य शासक भीमदेव प्रथम के सामंत थे। यह मंदिर संगमरमर के पत्थरों से निर्मित है।

27. एलोरा के गुहा-मंदिर संबंधित हैं–
1. हिंदू धर्म से 2. बौद्ध धर्म से
3. जैन धर्म से
नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 एवं 2 (d) 1,2 एवं 3

**उत्तर: (d)** एलोरा गुहा-मंदिरों का संबंध तीनों धर्मों से है– हिंदू, बौद्ध तथा जैन धर्म। एलोरा की एक से बारह तक की गुफाएं बौद्ध धर्म, तेरह से उनतीस तक की गुफाएं हिंदू धर्म से तथा गुफा संध्या तीस से चौतीस तक जैन धर्म से संबंधित हैं।

28. निम्नलिखित में से किसे 'काला (श्याम) पैगोडा' के नाम से जाना जाता है?
(a) शोर मंदिर (b) खजुराहो का मंदिर
(c) कोणार्क का सूर्य मंदिर (d) देवगढ़ का मंदिर

**उत्तर: (c)** कोणार्क के सूर्य मंदिर को ब्लैक पैगोडा भी कहा जाता है। इस मंदिर का निर्माण पूर्वी गंग वंश के राजा नरसिंह देव प्रथम ने 1250 ई. में कराया था। इस मंदिर का निर्माण तीन भागों में हुआ है। गर्भगृह जगमोहन तथा नृत्य मंदिर।

29. 'ब्लैक पगोडा' कहाँ है?
(a) मदुरै (b) कोणार्क
(c) खजुराहो (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (b)** ब्लैक पगोडा नामक मंदिर उड़ीसा राज्य के पुरी जिले में स्थित है।

30. मोढेरा का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
(a) बिहार (b) गुजरात (c) ओडिशा (d) बंगाल

**उत्तर: (b)** सोलंकी वंश के राजा भीमदेव द्वारा 1026 ई॰ में मोढेरा का सूर्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। यह गुजरात के पाटन नामक स्थान से 30 किमी दक्षिण की ओर स्थित है।

31. अंकोरवाट मंदिर समूह किस देश में स्थित है?
(a) इंडोनेशिया (b) म्यांमार
(c) श्रीलंका (d) कंपूचिया

**उत्तर: (d)** अंकोरवाट मंदिर समूह का निर्माण सूर्यवर्मन द्वितीय (1112-53 ई॰) द्वारा किया गया। वह कंपूचिया (कंबोडिया) का प्रतापी शासक था। यह मंदिर अंकोर (पुराना नाम –यशोधरापुर) में स्थित है।

32. द्रविड़ शैली के मंदिरों में 'गोपुरम' से तात्पर्य है–
(a) गर्भ गृह से
(b) दीवारों पर की गई चित्रकारी से
(c) शिखर से
(d) तोरण के ऊपर बने अलंकृत एवं बहुमंजिला भवन से

**उत्तर: (d)** द्रविड़ शैली के मंदिरों में 'गोपुरम्' तोरण के ऊपर बने अलंकृत एवं बुहमंजिला भवन को कहा गया है। पाण्ड्यकालीन वास्तुकला में गोपुरम का महत्वपूर्ण स्थान है।

33. महाबलीपुरम् में रथ मंदिरों का निर्माण कराया गया था–
(a) चोलों द्वारा (b) पल्लवों द्वारा
(c) चेदियों द्वारा (d) चालुक्यों द्वारा

**उत्तर: (b)** पल्लवों द्वारा महाबलीपुरम में रथ मंदिरों का निर्माण किया गया। इन मंदिरों के निर्माण की शुरुआत नरसिंह वर्मन द्वितीय द्वारा हुई थी। यहाँ तीन मंदिरों की प्रमुखता हैं– समुद्रतटीय शिव मंदिर, ईश्वर मंदिर तथा मुकुंद मंदिर।

34. महाबलीपुरम का सप्तरथ मंदिर बनवाया गया था–
**[U.P.P.C.S.(Mains) 2015]**
(a) महेंद्र वर्मन द्वारा (b) नरसिंह वर्मन द्वारा
(c) परमेश्वर वर्मन द्वारा (d) नन्दि वर्मन द्वारा

**उत्तर: (b)** महाबलीपुरम का सप्तरथ मंदिर नरसिंह वर्मन I द्वारा बनवाया गया था। इस पल्लव शासक के काल में (630-668) मामल्ल शैली का विकास हुआ। सप्तरथ मंदिर को सप्त पगोडा भी कहा जाता है।

35. निम्नलिखित में से किसने सोमपुर महाविहार का निर्माण कराया था?
(a) कुमारगुप्त-I (b) हर्ष
(c) धर्मपाल (d) विजयसेन

**उत्तर: (c)** सोमपुर महाविहार का निर्माण बंगाल के पाल शासक धर्मपाल ने कराया था। धर्मपाल एक उत्साही बौद्ध एवं बौद्ध धर्म का अनुयायी था। इसने 'परमसौगात' की उपाधि धारण की थी।

36. 'भोजशाला मंदिर' की अधिष्ठात्री देवी हैं–
(a) भगवती दुर्गा (b) भगवती पार्वती
(c) भगवती लक्ष्मी (d) भगवती सरस्वती

**उत्तरः (d)** 'भोजशाला मंदिर' की अधिष्ठात्री देवी भगवती सरस्वती है। यह मंदिर मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित है। संस्कृत पाठशाला के रूप में भोजशाला का निर्माण परमार शासक राजा भोज ने करवाया था। वर्तमान में भोजशाला कमाल मौला मस्जिद परिसर में स्थित है।

37. 'अलाई दरवाजा' का निर्माण किस सुल्तान ने करवाया?
   (a) इल्तुतमिश (b) बलबन
   (c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोज तुगलक

**उत्तरः (c)** 'अलाई-दरवाजा' का निर्माण सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने 'कुतुबमीनार' के निकट करवाया था। इसे भारत-इस्लामी शैली का वास्तुकला कहा जाता है। लाल-पत्थरों और संगमरमर से बनाया गया यह दरवाजा कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के दक्षिण की तरफ से प्रवेश करने के लिए बनवाया गया था।

38. चित्तौड़ का 'कीर्ति स्तंभ' निर्मित हुआ था शासनकाल में-
   (a) राणा कुंभा के (b) राणा हम्मीर के
   (c) राणा रतनसिंह के (d) राणा संग्राम सिंह के

**उत्तरः (a)** राणा कुंभा के शासनकाल में चित्तौड़ का कीर्ति स्तंभ निर्मित हुआ था। महमूद खिलजी पर विजय प्राप्त करने के उपलब्ध में राणा कुंभा ने इस स्तंभ का निर्माण करवाया।

39. आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार मठ हैं-
   (a) जोशीमठ, द्वारका, पुरी, शृंगेरी
   (b) शृंगेरी, द्वारका, जोशीमठ, प्रयाग
   (c) द्वारका, जोशीमठ, प्रयाग, कांची
   (d) पुरी, शृंगेरी, द्वारका, वाराणसी

**उत्तरः (a)** आदि शंकराचार्य ने भारत के चार दिशाओं में चार मठ की स्थापना की, ये हैं – उत्तर में ज्योर्तिमठ या जोशीमठ, जो उत्तराखंड में स्थित है, पूर्व में ओडिशा के पूरी में गोवर्धन मठ, पश्चिम में गुजरात के द्वारका में द्वारका पीठ तथा दक्षिण में तमिलनाडु में शृंगेरी मठ। इन्होंने पाँचवें मठ की स्थापना कांचीपुरम में की जिसका क्षेत्राधिकार इन चारों मठों पर है।

40. भारत में बौद्ध इतिहास, परंपरा और संस्कृति के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| | **विख्यात तीर्थस्थल** | | **अवस्थान** |
|---|---|---|---|
| 1. | टाबो मठ और मंदिर संकुल | : | स्पीति घाटी |
| 2. | ल्होत्सव लाखांग मंदिर, नको | : | जंस्कार घाटी |
| 3. | अल्वी मंदिर संकुल | : | लद्दाख |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (c)** टाबो मठ और मंदिर संकुल हिमाचल प्रदेश के स्पीति घाटी में स्थित है। अल्वी मंदिर संकुल जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख क्षेत्र में स्थित है। जास्कर घाटी जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख क्षेत्र में स्थित है। ल्होत्सव लाखांग मंदिर, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के नको गाँव में स्थित है।

41. निम्नलिखित में से कौन-सा एक किसी मृत व्यक्ति का स्मारक नहीं है?
   (a) बीबी का मकबरा (b) ताजमहल
   (c) चारमीनार (d) इतमाद उद दौला

**उत्तरः (c)** चारमीनार एक ऐतिहासिक स्मारक है जो हैदराबाद में स्थित है। इसका निर्माण कुतुब शाही वंश के पांचवें शासक मुहम्मद कुली कुतुब शाह द्वारा सन् 1591 ई. में कराया गया था। यह किसी भी मृत व्यक्ति का स्मारक नहीं है। इसे प्लेग जैसी महामारी का अंत करने के चिह्न के रूप में बनवाया गया था।

42. कोणार्क (Konark) मंदिर का निर्माण किसने कराया था?
   (a) राजा कुलोथुंगा (b) नरसिंह देव प्रथम
   (c) विष्णुगोपा (d) महिपाल

**उत्तरः (b)** कोणार्क के सूर्य मंदिर, जिसे ब्लैक पैगोड़ा भी कहा जाता है। भारत के उड़ीसा राज्य में स्थित है। इसका निर्माण लगभग सन् 1278 ई. में गंग वंश के राजा नरसिंह देव प्रथम ने बनवाया था। सन् 1984 ई. में इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में स्थान प्राप्त हुआ।

43. बिहू नृत्य किस भारतीय राज्य का लोक नृत्य है?
   (a) असम (b) अरुणाचल प्रदेश
   (c) उड़ीसा (d) हरियाणा

**उत्तरः (a)** बिहू नृत्य असम राज्य का प्राचीनतम लोक नृत्य है। यह नृत्य युवा एवं महिलाओं द्वारा किया जाने वाला हर्षोल्लास का उत्सव है।

44. "अढ़ाई दिन का झोपड़ा" मस्जिद कहाँ स्थित है?
   (a) आगरा (b) अजमेर
   (c) अहमदाबाद (d) माउंट आबू

**उत्तरः (b)** अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक मस्जिद है जो राजस्थान के अजमेर में स्थित है। इसका निर्माण 1192 ई. में मोहम्मद गोरी के आदेश पर कुतुब-उद्दीन ऐबक ने शुरू कराया तथा यह 1199 ई. में बनकर तैयार हुई।

45. नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर (Jantar Mantar) जिसमें वास्तुसबंधी खगोल विज्ञान उपकरण मौजूद है- को किसके द्वारा बनवाया गया था?
   (a) महाराजा जय सिंह द्वितीय (b) मुहम्मद शाह
   (c) महाराजा बिशन सिंह (d) बहादुर शाह

**उत्तरः (a)** महाराजा जय सिंह द्वितीय ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर, जिसमें वास्तु संबंधी खगोल विज्ञान उपकरण मौजूद है, का निर्माण करवाया था। इन्होंने सन् 1727 ई. में 'सवाई जयनगर', जयपुर नामक नगर बसाया था।

46. खजुराहो के मन्दिरों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. यह मंदिर वास्तुकला की बेसर शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं।
   2. खजुराहो में हिन्दू और जैन, दोनों मंदिर हैं।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तरः (b)** खजुराहों में मंदिरों का निर्माण चन्देल वंश के शासकों ने कराया था। खजुराहो मंदिर वास्तुकला की नागर शैली के उदाहरण हैं, अतः कथन 1 गलत है। खजुराहो में अधिकतर हिन्दू देवी-देवताओं के तथा कुछ जैन मंदिर है। अतः कथन 2 सही है।

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. कुतुबमीनार का निर्माण लाल-बलुआ पत्थर से किया गया है।
   2. इसका निर्माण ख्वाजा कुतुबद्दीन बख्तियार काकी की स्मृति में कराया गया था।
   उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तरः (c)** 1119 ई. में कुतुबद्दीन ऐबक ने इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया, जिसे इल्तुतमिश ने चार मंजिला तक पूरा किया। यह मीनार लाल-बलुआ पत्थरों से बनाया गया है। ख्वाजा कुतुबद्दीन बख्तियार काकी की स्मृति में इसका निर्माण किया गया था। अतः दोनों कथन सही हैं।

48. गुप्तकालीन मंदिरों से संबद्ध कथनों पर विचार कीजिए:
   1. सांची का मंदिर गुप्त काल का सामान्यतः अंतिम मंदिर माना जाता है।
   2. भूमरा के शिव मंदिर के प्रवेश द्वार स्तंभ के बायीं ओर मकरवाहिनी गंगा तथा कछुआवाहिनी यमुना की मूर्तियाँ स्थापित हैं।
   3. देवगढ़ का दशावतार मंदिर गुप्तकालीन मंदिरों में सबसे सुन्दर तथा इस काल की सभी विशेषताओं से युक्त है।
   उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
   (a) केवल एक (b) केवल दो
   (c) सभी तीन (d) कोई नहीं

**उत्तरः (b)** सांची के स्तूप के दक्षिण-पूर्व की ओर बने इस मंदिर को मंदिर संख्या 17 कहा जाता है। यह गुप्तकाल का प्रारंभिक मंदिर है। इस मंदिर की छत सपाट, गर्भगृह चौकोर तथा इसके सामने छोटा स्तंभयुक्त मण्डप है।

49. निम्न में से कौन-सा लोदीकालीन स्थापत्य कला का उदाहरण नहीं है?
(a) लाल पत्थरों का प्रयोग।
(b) मुख्य रूप से मकबरों का निर्माण।
(c) रंगीन टाइलों की सजावट अधिक समृद्ध और बहुलता लिए हुए।
(d) इमारतों की नींव गहरी तथा दीवारें मोटी।

**उत्तर: (d)** गहरी नींव तथा मोटी दीवारें, सरल ढंग के मेहराब, ईंटों में सरलता व खुरदरे पत्थर का प्रयोग, स्तंभ सादे व सजावट का अभाव, मीनारों का निर्माण नहीं, सादगी और भव्यता अधिक उभरी हुई गर्दन वाले नुकीले गुम्बदों का प्रयोग इत्यादि तुगलककालीन स्थापत्य कला की विशेषताएं हैं।

50. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (शब्द) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| A. मेहराब | 1. सोपानी उपदेश मंच |
| B. मिम्बर | 2. प्रार्थना के लिए काबा की ओर की दिशा |
| C. खुतबा | 3. तोरण |
| D. किबला | 4. धर्मोपदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**उत्तर: (c)** सूचियों का सही मिलान इस प्रकार होगा:-
मेहराब - तोरण
मिंबर - सोपानी उपदेश मंच
खुतबा - धर्मोपदेश
किबला - प्रार्थना के लिए काबा की ओर की दिशा

51. हज़ारा राम मंदिर किस राज्य में था?
(a) अवध (b) त्रावणकोर
(c) विजयनगर (d) अहोम

**उत्तर: (c)** हज़ार राम मन्दिर अथवा 'हज़ारा राम मन्दिर' हम्पी, कर्नाटक के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थलों में से एक है। राजा कृष्णदेव राय को इस मन्दिर का निर्माता कहा जाता है। शाही परिधि के मध्य स्थित 'हजार राम मन्दिर' हम्पी के मुख्य आकर्षणों में से एक है। यह भगवान विष्णु को समर्पित हम्पी क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय मन्दिरों में से एक है।

52. तंजावुर में वृहदेश्वर मंदिर के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) मंदिर चोल वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है
(b) इसे सम्राट राजराजा द्वारा बनवाया गया था
(c) मंदिर ग्रैनाइट से निर्मित है
(d) मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित स्मारक है

**उत्तर: (d)** बृहदेश्वर अथवा बृहदीश्वर मन्दिर विश्व के प्रमुख ग्रेनाइट मंदिरों मे से एक है। यह मंदिर तमिलनाडु के तंजौर जिले में स्थित प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है। तमिल भाषा में इसे बृहदीश्वर के नाम से संबोधित किया जाता है। ग्यारहवीं सदी के आरम्भ में बनाया गया था। यह मंदिर चोल शासकों की महान् कला केन्द्र रहा है। यह भव्य मंदिर विश्व धरोहर के रूप में जाना जाता है। भगवान शिव को समर्पित बृहदीश्वर मंदिर शैव धर्म के अनुयायियों के लिए पवित्र स्थल रहा है।

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए : **[UPPSC 2020]**
1. मुल्तान के सूर्य मन्दिर का उल्लेख ह्वेनसांग, आबूजईद, अल्मसूदी तथा अल्बेरुनी ने किया है।
2. साम्बपुर यात्रोत्सव सूर्यपूजा से सम्बन्धित था।

**कूट:**
(a) केवल 1 सही है
(b) केवल 2 सही है
(c) 1 और 2 दोनों सही हैं
(d) न तो 1 न ही 2 सही है

**उत्तर: (c)** मुल्तान का सूर्य मंदिर एक प्राचीन हिंदू सूर्य मंदिर है जो सूर्य देवता को समर्पित एक सूर्य-पूजा संप्रदाय का आधार था और पाकिस्तान में मुल्तान में स्थित है। अरब के भूगोलवेत्ता अल-मुकद्दासी ने इसके बारे में लिखा था। सम्बापुर का तीर्थ सूर्य पूजा से जुड़ा था। सांबापुर में कार उत्सव का भी पालन किया गया था, क्योंकि पुरी के जगन्नाथ में इसका पालन किया गया था।

54. इनमें से कौन अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का वास्तुकार है? **[CDS 2020]**
(a) पी. ओ. सोमपुरा (b) चंद्रकांत सोमपुरा
(c) बृन्दा सौम्या (d) बी. वी. दोशी

**उत्तर: (b)** जो आर्किटेक्चरल डिजाइन का नेतृत्व कर रहे है और राम मंदिर की परियोजना का संचालन कर रहे है, वह चंद्रकांत सोमपुरा हैं। चंद्रकांत सोमपुरा ने तत्कालीन विश्व हिंदू परिषद (VHP) के अध्यक्ष अशोक सिंघल के साथ पहली बार अयोध्या में राम लला के मंदिर में काम शुरू किया था। सोमपुरा ने तब बिड़ला मंदिरों में सेवा की थी। सोमपुरा परिवार के पास मंदिरों के निर्माण का समृद्ध वंशज है क्योंकि चंद्रकांत सोमपुरा के पिता-प्रभाशंकर ने गुजरात तट पर प्रभास पाटन में प्रतिष्ठित सोमनाथ मंदिर का निर्माण किया था, जिसका उद्घाटन 1951 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था।

55. एलोरा एवं एलीफेंटा के स्थल किस काल से सम्बन्धित है? **[MPPSC 2021]**
(a) प्रतिहार (b) चालुक्य
(c) राष्ट्रकूट (d) होयसल

**उत्तर: (b)**
- अजंता व एलोरा राष्ट्रकूट काल से संबंधित है। एलोरा महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित है। इन गुफाओं का निर्माण राष्ट्रकूट वंश के शासकों द्वारा किया गया था।
- यूनेस्कों द्वारा 1983 में इसे विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया।

56. हाल ही में, प्रधानमंत्री ने वेरावल में सोमनाथ मंदिर के निकट नए सर्किट हाउस का उद्घाटन किया। सोमनाथ मंदिर के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन-से सही हैं? **[UPSC 2022]**
1. सोमनाथ मंदिर ज्योतिर्लिंग देव-मंदिरों में से एक है।
2. अल-बरूनी ने सोमनाथ मंदिर का वर्णन किया है।
3. सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा (आज के मंदिर की स्थापना) राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन द्वारा की गई थी।

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर (a)** ज्योतिर्लिंग भगवान शिव का एक भक्ति प्रतीक है। यह शब्द ज्योति 'चमक' और लिंग का संस्कृत यौगिक है। शिव पुराण में भारत में 64 मूल ज्योतिर्लिंग मंदिरों का उल्लेख है, जिनमें से 12 सबसे पवित्र (महा ज्योतिर्लिंग) हैं। सोमनाथ उनमें से एक हैं। अत:, 1 सही है।
मध्ययुगीन युग के इतिहासकर अल बरूनी ने मंदिर के विनाश का वर्णन किया है : "जनवरी 1026 में, कई भक्तों को मारने के बाद, सोमनाथ लिंग को तोड़ा गया, और लूट की राशि बड़ी बहुत थी"। अत: कथन 2 भी सही है।
सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा (स्थापना) भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा की गई थी। अत:, 3 सही नहीं है।
**स्रोत:** https://en.wikipedia.org/wiki/Jyotirlinga

DISHA Publication Inc

57. हम्पी के भग्नावशेषों को निम्नलिखित में से ईस्ट इण्डिया कम्पनी के किस ब्रिटिश अधिकारी द्वारा प्रकाश में लाया गया था ? **[CDS 2022 - I]**
(a) कर्नल कॉलिन मेकेंजी (b) जेम्स प्रिन्सेप
(c) विलियम जोन्स (d) जेम्स रेनेल

**उत्तर: (a)** कॉलिन मैकेंजी ने **1800** में हम्पी के खंडहरों की खोज की थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अभी भी कई मंदिरों और अन्य कलाकृतियों की खोज के लिए खुदाई करता है।

58. बिहार का सबसे पुराना गिरजाघर कौन-सा है? **[68th BPSC 2023]**
(a) पादरी की हवेली (b) ल्यूक चर्च
(c) स्टीफन चर्च (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a)** पादरी की हवेली बिहार का सबसे पुराना चर्च है। इस चर्च का निर्माण 1713 में किया गया था। इसका शाब्दिक अर्थ है 'पादरी का भवन' और इसे सेंट मैरी चर्च के नाम से भी जाना जाता है। यह पटना शहर में स्थित है।

## भारतीय चित्रकला एवं मूर्तिकला

1. सुप्रसिद्ध चित्र "बणी-ठणी" किस शैली का है? **[IAS Prelims 2018]**
(a) बूँदी शैली (b) जयपुर शैली
(c) काँगड़ा शैली (d) किशनगढ़ शैली

**उत्तर: (d)** निहाल चन्द द्वारा चित्रित "बणी-ठणी" का चित्र मारवाड़ के किशनगढ़ शैली का है। इसकी तुलना मोनालिसा से की जाती है। ऐसा माना जाता है कि बणी-ठणी, राजा सावंत सिंह की सौतेली माँ बैंकवाटजी की एक नौकरानी या दास लड़की थी। उसने साहित्य का अध्ययन किया तथा अनेक प्राकृतिक स्वभाव की कविताओं की रचना की। उसने कृष्ण पर सुंदर गीत भी बनाये थे।

2. निम्नलिखित में से किस मूर्तिकला में सदैव हरित स्तरित चट्टान (शिस्ट) का प्रयोग माध्यम के रूप में होता था?
(a) मौर्य मूर्तिकला (b) मथुरा मूर्तिकला
(c) भरहुत मूर्तिकला (d) गान्धार मूर्तिकला

**उत्तर: (c)**

3. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही समेलित है?
(a) हड़प्पा सभ्यता – चित्रित धूसर मृद्भाण्ड
(b) कुषाण – गंधार कला शैली
(c) मुगल – अजंता चित्रकारी
(d) मराठा – पहाड़ी चित्र शैली

**उत्तर: (b)** निम्नलिखित का सही सुमेलन इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| चित्रित धूसर मृद्भाण्ड | – | उत्तर वैदिक काल |
| गांधार कला शैली | – | कुषाण काल |
| अजंता चित्रकारी | – | गुप्त काल |
| पहाड़ी चित्र शैली | – | मुगल काल |

4. प्राचीन भारत में गुप्त काल से सम्बन्धित गुफा चित्रांकन के केवल दो उदाहरण उपलब्ध हैं। इनमें से एक अजन्ता की गुफाओं में किया गया चित्रांकन है। गुप्त काल के चित्रांकन का दूसरा अवशिष्ट उदाहरण किस स्थान पर उपलब्ध है?
(a) बाघ गुफाएँ (b) एलोरा गुफाएँ
(c) लोमस ऋषि गुफा (d) नासिक गुफाएँ

**उत्तर: (a)** गुप्तकाल से सम्बन्धित चित्र अजन्ता तथा बाघ की गुफाओं में मिलते हैं। अजन्ता के चित्र धार्मिक तथा बाघ के चित्र लौकिक विषयों से सम्बन्धित हैं। अजन्ता में निर्मित 20 गुफाओं में से 16वीं तथा 17वीं गुफा गुप्तकालीन है। बाघ से 9 गुफायें मिली हैं।

5. नागर, द्राविड़ और वेसर हैं
(a) भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मुख्य जातीय समूह
(b) तीन मुख्य भाषा वर्ग, जिनमें भारत की भाषाओं को विभक्त किया जा सकता है
(c) भारतीय मन्दिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियाँ
(d) भारत में प्रचलित तीन मुख्य संगीत घराने

**उत्तर: (c)** नागर, द्रविड़ और वेसर प्राचीन भारत की मन्दिर निर्माण की शैलियाँ हैं। नागर शैली उत्तर भारत में, वेसर शैली मध्य भारत में तथा द्रविड़ शैली दक्षिण भारत में प्रचलित थीं।

6. भगवान बुद्ध की प्रतिमा कभी-कभी एक हस्त मुद्रा युक्त दिखाई गई है, जिसे 'भूमिस्पर्श मुद्रा' कहा जाता है। यह किसका प्रतीक है?
(a) मार पर दृष्टि रखने एवं अपने ध्यान में विघ्न डालने से मार को रोकने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान।
(b) मार के प्रलोभनों के बावजूद अपनी शुचिता और शुद्धता का साक्षी होने के लिए बुद्ध का धरती का आह्वान।
(c) बुद्ध का अपने अनुयायियों को स्मरण कराना कि वे सभी धरती से उत्पन्न होते हैं और अन्तत: धरती में विलीन हो जाते हैं, अत: जीवन संक्रमणशील है।
(d) इस सन्दर्भ में दोनों ही कथन (a) एवं (b) सही हैं।

**उत्तर: (b)** बुद्ध की मूर्ति इस बात का प्रतीक है कि मार के आकर्षण/मोह के बावजूद बुद्ध उसकी शुद्धता एवं शील को देखने के लिए आह्वान कर रहे हैं।

7. बोधिसत्व पद्मपाणि का चित्र सर्वाधिक प्रसिद्ध और प्राय: चित्रित चित्रकारी है, जो **[CDS 2017-I]**
(a) अजंता में है (b) बदामी में है
(c) बाघ में है (d) एलोरा में है

**उत्तर: (a)** वाचस्पति गैरोला ने विषय की दृष्टि से अजंता की चित्रकला को तीन प्रमुख भागों में बाँटा है, जिसकी दूसरी श्रेणी में लोकपाल, बौधिसत्व, राजा-रानियों की आकृतियों आदि को रखा गया है। अजंता की गुफा संख्या 1 में बोधिसत्व पद्मपाणि, वज्रपाणि आदि के चित्र उल्लेखनीय हैं।
बाघ के चित्र दैनिक जीवन की घटनाओं पर आधारित हैं। एलोरा में बोधिसत्व के चित्र नहीं प्राप्त होते। बादामी के गुहा मंदिरों में से तीन ब्राह्मण और एक जैन धर्म से संबंधित हैं।

8. चित्रकला की मुगल कला भारतीय लघुचित्र कला की रीढ़ है। निम्नलिखित में से किस कला पर मुगल चित्रकला का प्रभाव नहीं पड़ा?
(a) पहाड़ी (b) राजस्थानी
(c) कांगड़ा (d) कालीघाट

**उत्तर: (d)** कालीघाट चित्रकला का क्षेत्र पश्चिमी मध्य प्रदेश है जो मुगल शासकों के नियन्त्रण में कम समय तक था। अत: इस कला पर मुगलों का प्रभाव नहीं आ सका, जबकि पहाड़ी, राजस्थानी एवं कांगड़ा चित्रकला पर मुगल कला का प्रभाव पड़ा।

9. चोल काल में निर्मित नटराज की कांस्य प्रतिमाओं में देवताओं की आकृति प्राय:-
(a) अष्टभुज है (b) षट्भुज है
(c) चतुर्भुज है (d) द्विभुज है

**उत्तर: (c)** चोल काल में निर्मित नटराज की कांस्य प्रतिमाओं में देवताओं की आकृति प्राय: चतुर्भुज है। नटराज की कांस्यमूर्ति चोल कला का सर्वोत्कृष्ट नमूना है।

10. मुगल चित्रकला किसके राज्यकाल में अपनी पराकाष्ठा पर पहुँची?
(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**उत्तर: (c)** मुगल चित्रकला जहाँगीर के राज्यकाल में अपनी पराकाष्ठा पर पहुँची। जहाँगीर ने स्वयं चित्रकला में रुचि ली एवं कई चित्रकारों को प्रश्रय दिया।

11. अवनीन्द्रनाथ टैगोर के बनाये चित्रों को वर्गीकृत किया गया है-
(a) यथार्थवादी (b) समाजवादी
(c) पुनराज्जीवन वादी (d) प्रभाववादी

**उत्तर: (c)** अवनीन्द्रनाथ टैगोर पुनराज्जीवन आन्दोलन के नेता के रूप में जाने जाते हैं। ये बंगाल के आधुनिक चित्रकार हैं।

12. चित्रकारी किसके शासनकाल के दौरान अपने उच्चतम स्तर पर पहुँची?
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**उत्तर: (c)** मुगल सम्राटों में जहाँगीर के समय में चित्रकारी अपने चरमोत्कर्ष पर थी। जहाँगीर ने आगरा में एक चित्रशाला की स्थापना की थी। इसके दरबार में अबुल हसन, मंसूर, बिसन दास, मनोहर, गोवर्धन, बालचन्द, दौलत, भीम, इनायत तथा आका हसन जैसे प्रमुख चित्रकार रहते थे।

13. नटराज की प्रसिद्ध कांस्य मूर्ति किस कला का उदाहरण है?
(a) चोल कला का (b) गंधार कला का
(c) गुप्त कला का (d) मौर्य कला का

**उत्तर: (a)** नटराज की प्रसिद्ध कांस्य मूर्ति चोल कला का उदाहरण है। इस काल में कांस्य मूर्ति के साथ पत्थर की मूर्ति का भी निर्माण किया जाता था। इस काल में निर्मित नटराज की कांस्य मूर्ति को विश्व की श्रेष्ठतम प्रतिमा-रचनाओं में शामिल किया जाता है।

14. शिव की 'दक्षिणामूर्ति' प्रतिमा उन्हें किस रूप में प्रदर्शित करती है?
(a) शिक्षक (b) नृत्य करते हुए
(c) विश्राम करते हुए (d) ध्यानमग्न

**उत्तर: (a)**

15. चित्रकला की मुगल शैली का प्रारम्भ किया था-
(a) अकबर ने (b) हुमायूं ने
(c) जहांगीर ने (d) शाहजहां ने

**उत्तर: (b)** चित्रकला की मुगल शैली का प्रारंभ हुमायूँ ने किया था। इसने फारस एवं अफगानिस्तान के अपने निर्वासन के दौरान मुगल चित्रकला की नींव रखी। फारसी चित्रकार मीर सैयद अली और अब्दुस्समद के प्रयत्नों से मुगल काल में चित्रकला की शुरुआत हुई।

16. निम्नलिखित में से कौन जहांगीरी चित्रकार थे? नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए-
1. अब्दुस्समद 2. अबुल हसन
3. अका रिज़ा 4. मीर सैयद अली

**कूट:**
(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3
(c) 3 एवं 4 (d) 4 एवं 1

**उत्तर: (b)** हुमायूँ के समय में मुगल चित्रकला की आधारशिला फारसी चित्रकार मीर सैयद अली और अब्दुस्समद ने रखी। जहाँगीर के शासनकाल में विभिन्न चित्रकार थे-अबुल हसन, अका रिजा, उस्ताद मंसूर, बिशनदास, मनोहर, माधव इत्यादि।

17. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
1. जौनपुरी चित्रशैली के पोथीचित्र प्रमुख हैं, जिनकी विषय-वस्तु साहित्यिक है।
2. जौनपुरी चित्रशैली में हिन्दू-मुस्लिम शैलियों का मिश्रित रूप नहीं देखने को मिलता है।
उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (a)** जौनपुरी चित्रशैली में ऐतिहासिक मुगल संस्कृति के प्रभाव के कारण मुगलकालीन तत्व परिलक्षित होते हैं। इसमें हिन्दू-मुस्लिम शैलियों का मिश्रित रूप दिखलाई पड़ता है। कालान्तर में यह शैली मालवा एवं दक्खिनी शैली से भी प्रभावित रही।

18. बणी-ठणी चित्रकला शैली से संबद्ध कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस शैली में बनाए गए स्त्रियों के चेहरे कोमल हैं तथा उनमें भारीपन परिलक्षित होता है।
2. इस शैली में निर्मित प्रकृति चित्रों में लता गुल्मों को प्रेमी-प्रेमिका की मनोदशा के प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है।
उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)** बणी-ठणी चित्रकला शैली का जन्म किशनगढ़ में 1735-1757 ई. के बीच हुआ। इस शैली में बनाए गए स्त्रियों के चेहरे कोमल हैं और उनमें भारीपन का अभाव है।

19. निम्नलिखित में से किस चित्रकार को 'पूर्व का रॉफेल' कहा जाता है?
(a) मीर सैय्यद अली (b) अब्दुस्मद
(c) दसवंत (d) बिहजाद

**उत्तर: (d)** तैमूरी चित्रकला को चरमोत्कर्ष पर ले जाने का श्रेय 'बिहजाद' को जाता है। 'बिहजाद' को 'पूर्व का रॉफेल' भी कहा जाता है।

20. मथुरा शैली के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस शैली की मूर्तियों को चित्तिदार लाल बलुआ प्रस्तर का उपयोग करके बनाया गया था।
2. इसमें हिंदू, बुद्ध तथा जैन तीनों धर्मों का प्रभाव था।
उपर्युक्त कथन में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)** मथुरा शैली का विकास पहली और तीसरी शताब्दी ई. पू. की बीच की अवधि में हुआ। इस शैली की मूर्तियों में चित्तिदार लाल बलुआ पत्थरों का प्रयोग किया जाता था। इसमें तीनों धर्मों (हिंदू, बुद्ध तथा जैन) का प्रभाव था। अत: दोनों कथन सत्य हैं।

21. लेपाक्षी चित्रकला पर विचार कीजिए:
1. इसमें शैव तथा धर्मनिरपेक्ष विषयों को चित्रित किया गया है।
2. यह चित्रकला मीनाक्षी सुन्देश्वर मन्दिर की दीवारों पर की गई है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (a)** भारत में भित्ति चित्र की अंतिम श्रृंखला हिंदपुर के निकट लेपाक्षी मंदिर में पायी जाती है। यह आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह चित्रकला लेपाक्षी मंदिर की दीवारों पर की गई है। इसमें शैव तथा धर्मनिरपेक्ष विषयों को चित्रित किया गया है। अत: कथन 1 सही है तथा कथन 2 गलत है।

22. निम्नलिखित में से किस चित्रकार ने सिंहासन पर बैठे हुए जहाँगीर का चित्र बनाया था?
(a) उस्ताद मंसूर (b) अबुल हसन
(c) फारूख वेग (d) बिशनदास

**उत्तर: (b)** अबुल हसन ने सिंहासन पर बैठे हुए जहाँगीर का चित्र बनाया था। इसने जहाँगीर की आत्मकथा 'तुतुक-ए-जहाँगीर' का मुख्य पृष्ठ बनाया था।

23. मधुबनी चित्रकला के सन्दर्भ में विचार कीजिए:
1. इस शैली के विषय मुख्यत: धार्मिक थे।
2. इनमें चटख रंगों का प्रयोग किया गया है। इनमें गहरा लाल, हरा, नीला और काले रंग का प्रयोग किया गया है।
3. सीता देवी व चन्द्रकला देवी इस चित्रकला की प्रसिद्ध चित्रकार हैं।
नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

DISHA Publication Inc

**उत्तर: (c)** मधुबनी शैली बिहार के मिथिलांचल इलाके (मधुबनी, दरभंगा और नेपाल के कुछ इलाके) में प्रचलित हुई। इस शैली के विषय मुख्यत: धार्मिक हैं। इसके अलावा कुलदेवता, सूर्य, चन्द्र, तुलसी का पौधा आदि के दृश्यों का चित्रांकन किया गया है। इसमें प्राय: गहरा लाल, हरा, नीला और काले रंगों का प्रयोग किया गया है। मधुबनी चित्रकला से सीता देवी, लीला देवी, चन्द्रकला देवी आदि सम्बन्धित हैं।

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. मथुरा शैली में बुद्ध की प्रारंभिक अवस्था की मूर्तियाँ बैठी हुई अवस्था में बनायी गयी हैं।
   2. गांधार शैली के कलाकारों ने ईरानी तथा यूनानी कला के कुछ प्रतीकों को भी ग्रहण कर उन पर भारतीयता का रंग चढ़ा दिया।

   उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (d)** मथुरा शैली में बुद्ध की प्रारंभिक अवस्था की मूर्तियाँ खड़ी अवस्था में बनायी गई हैं। मथुरा शैली में ही वहाँ के कलाकारों ने ईरानी और यूनानी कला के कुछ प्रतीकों को ग्रहण कर उन पर भारतीयता का रंग चढ़ा दिया।

25. 'मुड़े हुए हाथ या ऐंठी हुई उंगलियाँ' चित्रकला की किस शैली की विशेषताए हैं?
   (a) पाल शैली (b) गुजरात शैली
   (c) अपभ्रंश शैली (d) जैन शैली

**उत्तर: (c)** खाली जगह से निकली हुई आँख, परवल के आकार की आँखें, स्त्रियों की आँखों में कान तक की गयी काजल की रेखा, नुकीली नाक, मुड़े हाथ या ऐंठी हुई उंगलियाँ, अप्राकृतिक रूप से उभरी हुई छाती, खिलौनों की भांति पशु-पक्षियों का अलंकरण इत्यादि अपभ्रंश शैली के चित्रों की विशेषताएँ हैं।

26. मधुबनी चित्रकला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. इसके चित्र द्विआयामी होते हैं।
   2. यह कला नेपाल के तराई के निकटवर्ती क्षेत्रों में विस्तृत है।
   3. इस चित्रकला के चित्र सांकेतिक होते हैं।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
   (a) केवल 2 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)** मधुबनी (बिहार) के आस-पास ग्रामीण महिलाओं द्वारा की जाने वाली इस चित्रकारी को मिथिला चित्रकारी भी कहा जाता है। यह कला नेपाल तराई के निकटवर्ती क्षेत्रों में विस्तृत है। यह हिन्दू धार्मिक रूपांकनों से प्रेरित है तथा इस चित्र कलाओं के चित्र सांकेतिक हैं एवं द्विआयामी हैं।

27. निम्नलिखित में से किस भारतीय पुरातत्त्ववेता ने पहली बार 'भीमबैठका गुफा' को देखा और उसके शैलचित्रों के प्रागैतिहासिक महत्व को खोजा? **[UPPSC 2020]**
   (a) माधो स्वरूप वत्स (b) एच. डी. संकालिया
   (c) वी. एस. वाकंकर (d) वी. एन. मिश्र

**उत्तर: (c)** वी.एस.वाकणकर प्रथम पुरातत्वविद थे जिन्होंने कुछ गुफाओं का दौरा किया और इसके प्रागैतिहासिक महत्व की खोज की। उन्होंने भीमबेटका की गुफाओं के पत्थर बनने की समानता उन लोगों के साथ देखी जो उन्होंने स्पेन और फ्रांस में देखे थे। 1970 में ही इसके महत्व को पहचान लिया गया था। रॉक आश्रय का महत्व क्षेत्र में निरंतर मानव निवास के लंबे समय तक रहने के कारण है।

28. साँची स्थित मूर्तिशिल्पों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? **[CDS 2022 - I]**
   1. कुछ मूर्तिशिल्पों में शालभंजिका का प्रतिरूपण है।
   2. शालभंजिका की आकृति कमल-पुष्पों और हाथियों से घिरी एक स्त्री द्वारा प्रतिरूपित की गई हैं।
   3. शालभंजिका का रूपांकन बौद्ध विचारों से प्रत्यक्षत: प्रेरित नहीं था।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 2 (d) केवल 1 और 3

**उत्तर: (a)** शालभंजिका भारतीय कला और साहित्य में विभिन्न अर्थों के साथ पाया जाने वाला शब्द है। बौद्ध कला में, इसका अर्थ है एक महिला या यक्षी की छवि, शाल पेड़ के पास माया का संदर्भ जिन्होंने सिद्धार्थ (बुद्ध) को जन्म दिया था। अत: कथन 2 सही है।
सांची में, कुछ मूर्तियों में शालभंजिका का प्रतिनिधित्व है। अत: कथन 1 सही है। शाल वृक्ष भगवान विष्णु का प्रतीक है। बौद्ध, जैन और हिंदू कला में वृक्ष और स्त्री की छवि मिलती है। अत: कथन **3** सही है।

## नृत्य एवं संगीत कला

1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए : **[IAS Prelims 2018]**

| | परम्परा | | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | चपचार कुट त्योहार | – | मिज़ोरम |
| 2. | खोंगजॉम परबा गाथागीत | – | मणिपुर |
| 3. | थांग-टा नृत्य | – | सिक्किम |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) 2 और 3

**उत्तर: (b)** थांग-टा नृत्य भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की पारंपरिक मार्शल आर्ट है। 'थांग' का मतलब है तलवार तथा 'टा' का मतलब भाला होता है। यह मूल रूप से हमले और रक्षा का एक नकली लड़ाई है।

2. निम्न कथनों पर विचार कीजिए– **[2003]**
   1. हिन्दू देवी-देवताओं तथा मुस्लिम सन्तों की प्रशंसा में रचित गीतों का संग्रह 'किताब-ए-नौरस' इब्राहिम आदिल शाह द्वितीय द्वारा लिखा गया था।
   2. भारत में कव्वाली से जानी जाने वाली संगीत शैली के प्रारम्भिक रूप के आरम्भक अमीर खुसरो थे।

   इन कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 और 2 (d) दोनों में से कोई नहीं

**उत्तर: (c)** इब्राहीम आदिलशाह द्वितीय बीजापुर का शासक था जिसने किताब-ए-नौरस की रचना की। अमीर खुसरो को भारत में कव्वाली के पिता के रूप में जाना जाता है।

3. भारत में बनने वाली सर्वप्रथम कथा फिल्म (टॉकी) थी–
   (a) हातिमताई (b) आलमआरा
   (c) पुण्डलीक (d) राजा हरिश्चन्द्र

**उत्तर: (b)** भारत में बनने वाली प्रथम टॉकी फिल्म आलमआरा थी। इस फिल्म का प्रदर्शन 14 मार्च (शनिवार) 1931 को किया गया था।

4. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?
   (a) 'नील दर्पण' नील की खेती करने वाले किसानों के शोषण पर आधारित नाटक था।
   (b) 'घासीराम कोतवाल' नामक नाटक के लेखक का नाम विजय तेन्दुलकर था।
   (c) नवीनचन्द्र दास लिखित नाटक 'नवाब' बंगाल के अकाल पर आधारित था।
   (d) उर्दू रंगमंच, फारसी थियेटर पर बहुत अधिक आधारित हुआ करता था।

**उत्तर: (c)** घासीराम कोतवाल एक मराठी नाटक है जिसके लेखक विजय तेन्दुलकर (1972) है। नील दर्पण (बंगाली नाटक) दीनबन्धु मित्र द्वारा 1858-1859 में लिखा गया।

DISHA Publication Inc

5. निम्नलिखित युग्मों में कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
(a) भारत की प्रथम टेक्नीकलर फिल्म – झाँसी की रानी
(b) भारत की प्रथम 3-डी फिल्म – माई डिअर कुट्टीचाटन
(c) भारत की प्रथम बीमाकृत फिल्म – ताल
(d) भारत रत्न प्राप्त करने वाली भारत की प्रथम अभिनेत्री – मीना कुमारी

**उत्तर: (d)** मीना कुमारी को भारत रत्न नहीं मिला है।

6. निम्न में से सबसे प्राचीन वाद्य यंत्र है–
(a) सितार (b) वीणा
(c) सरोद (d) तबला

**उत्तर: (b)** दिये गए विकल्प में सबसे प्राचीन वाद्य यंत्र वीणा है। एक पौराणिक कथा के अनुसार, वीणा का सृजन स्वयं भगवान शिव ने पार्वती देवी के रूप को करते हुए किया था। सितार, सरोद एवं तबला मध्यकालीन वाद्य यंत्र है।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संगीत वाद्य बजाने में औरंगजेब की दक्षता थी? **[U.P.P.C.S.(Mains) 2007]** **[U.P.P.C.S.(Pre) 2010]**
(a) सितार (b) पखावज
(c) वीणा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c)** औरंगजेब संगीत को इस्लाम विरोधी मानता था। इसीलिए इसने संगीत पर पाबंदी लगा दी लेकिन यह एक कुशल वीणावादक था। संगीत वाद्य वीणा बजाने में औरंगजेब की दक्षता थी।

8. अकबर के शासनकाल में ध्रुपद गायकों में सम्मिलित थे–
**1.** तानसेन **2.** हरिदास
**3.** सूरदास **4.** विलास खां
नीचे दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–
**कूट:**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) सभी चारों

**उत्तर: (a)** अकबर के शासनकाल के दौरान 'तानसेन' और 'स्वामी हरिदास' प्रमुख ध्रुपद गायक थे। अकबर के समय में 'ध्रुपद' गायन शैली एवं 'वीणा' का प्रचार हुआ।

9. निम्नलिखित में सही जोड़े बनाइए–

| राज्य | | त्योहार |
|---|---|---|
| **(A)** बिहू | **1.** | असम |
| **(B)** ओणम | **2.** | केरल |
| **(C)** पोंगल | **3.** | तमिलनाडु |
| **(D)** बैसाखी | **4.** | पंजाब |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**उत्तर: (a)** बिहू, असम राज्य का त्योहार है। इसे मुख्य रूप से फसल कटाई के समय मनाया जाता है।
ओणम, फसल कटाई के मौसम में केरल राज्य में मनाया जाता है।
पोंगल, फसल कटाई के उत्सव पर प्रत्येक वर्ष 14-15 जनवरी को तमिलनाडु में मनाया जाता है।
बैशाखी, पंजाब व उसके आस-पास के क्षेत्रों में रबी फसल के पकने की खुशी में मनाया जाता है।

10. लोसांग एक उत्सव है जो मनाया जाता है–
(a) तिब्बत में (b) अरूणाचल प्रदेश में
(c) सिक्किम में (d) केरल में

**उत्तर: (c)** 'लोसांग' उत्सव भोटिया जनजाति द्वारा फसलों की कटाई के अवसर पर सिक्किम राज्य में मनाया जाता है। यह इनके नव वर्ष के प्रारंभ का द्योतक भी है।

11. सदियों से भारत में जीवित रही एक प्रमुख परंपरा 'ध्रुपद' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. ध्रुपद की उत्पत्ति तथा विकास मुगल काल में राजपूत राज्यों में हुआ।
2. ध्रुपद प्रमुखतः भक्ति और आध्यात्म का संगीत है।
3. ध्रुपद आलाप मंत्रों से लिए गए संस्कृत अक्षरों पर आधारित है।
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर: (b)** ध्रुपद की उत्पत्ति तथा विकास पन्द्रहवीं शताब्दी में ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर के द्वारा किया गया था। इनका शासनकाल 1486 से 1516 ई॰ तक रहा है। इस समय लोदी वंश का शासन था।

12. विख्यात सत्रीया नृत्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. सत्रीया, संगीत, नृत्य तथा अभिनय का सम्मिश्रण है।
2. यह असम के वैष्णवों की शताब्दियों पुरानी जीवंत परंपरा है।
3. यह तुलसीदास, कबीर और मीराबाई द्वारा रचित भक्ति-गीतों के शास्त्रीय रागों तथा तालों पर आधारित है।
उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई नहीं

**उत्तर: (b)** पन्द्रहवीं शताब्दी में असम के महान वैष्णव संत और समाज सुधारक श्रीमंत शंकरदेव को विख्यात सत्रीया नृत्य को प्रचारित तथा लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। यह असम के वैष्णव मठों, जो कि सत्रा के नाम से जाना जाता है, की परंपरा है। सत्रीया नृत्य का मूल आमतौर पर पौराणिक कहानियाँ होती हैं।

13. कुचिपुड़ी तथा भरतनाट्यम नृत्यों के बीच क्या भेद है?
1. कुचिपुड़ी नृत्य में नर्तक प्रासंगिक रूप से कथोपकथन का प्रयोग करते हैं, जबकि भरतनाट्यम में कथोपकथन का प्रयोग नहीं किया जाता।
2. पीतल की तश्तरी की धार पर पाद रख नृत्य करने की परंपरा भरतनाट्यम की विशिष्टता है, जबकि कुचिपुड़ी नृत्य में इस प्रकार की क्रियाओं का कोई स्थान नहीं है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)** आंध्र प्रदेश का लोक नृत्य कुचिपुड़ी में नर्तक नृत्य करते समय कथनों और उपकथनों का प्रासंगिक रूप से प्रयोग करते हैं। लेकिन भरतनाट्यम में कथनों और उपकथनों का प्रयोग नहीं किया जाता है। पीतल की तश्तरी की धार पर पाद रखकर नृत्य करने की परंपरा कुचिपुड़ी की विशेषता है। इस तरह की विशेषता भरतनाट्यम में नहीं पाई जाती है।

14. भारत की संस्कृति एवं परंपरा के संदर्भ में 'कलारीपयट्टू' क्या है?
(a) यह शैवमत का प्राचीन भक्ति पंथ है जो अभी भी दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में प्रचलित है
(b) यह कांसे और पीतल के काम की एक प्राचीन शैली है जो अभी भी कोरोमंडल क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में पाई जाती है
(c) यह नृत्य-नाटिका का एक प्राचीन रूप है और मालाबार के उत्तरी हिस्से में एक जीवंत परंपरा है
(d) यह एक प्राचीन मार्शल कला है और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जीवंत परंपरा है

**उत्तर: (d)** भारत की संस्कृति एवं परंपरा के संदर्भ में कलारीपट्टू दक्षिणी राज्य केरल से व्युत्पन्न भारत की एक युद्ध कला है।

15. भारत में बनने वाली सर्वप्रथम कथा फिल्म (टॉकी) थी–
(a) हातिमताई (b) आलम आरा
(c) पुंडलीक (d) राजा हरिश्चंद्र

**उत्तर: (b)** भारत में बनने वाली सर्वप्रथम कथा फिल्म (टॉकी) आलम आरा है जो आर्देशिर ईरानी द्वारा निर्देशित किया गया जिसे 14 मार्च 1931 को प्रदर्शित किया गया। यह फिल्म उर्दू भाषा में प्रदर्शित की गई थी।

16. कुचीपुड़ी (Kuchipudi) नृत्य शैली का प्रारंभ भारत के किस भाग से हुआ है?
(a) तमिलनाडु (b) महाराष्ट्र
(c) आंध्र प्रदेश (d) उड़ीसा

**उत्तर: (c)** कुचीपुड़ी नृत्य शैली का प्रारंभ भारत के आंध्र प्रदेश से हुआ था। इस नृत्य का नाम कृष्णा जिले में स्थित कुचिपुड़ी गाँव के नाम पर पड़ा। यह नृत्य सामान्यत: पुरुषों द्वारा किया जाता है।

17. हॉर्नबिल (Hornbill) त्योहार कहाँ मनाया जाता है?
(a) अरूणाचल प्रदेश (b) नागालैंड
(c) ओडिशा (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर: (b)** हॉर्नबिल नागालैंड राज्य का सबसे बड़ा वार्षिक महोत्सव है। यह उत्सव दिसम्बर माह में मनाया जाता है। यह उत्सव पर्यटन विभाग और कला व संस्कृति विभाग के द्वारा नागा गांव, किसामा में आयोजित किया जाता है।

18. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
1. भंडैती – यह लोकनाट्य उत्तराखंड में प्रचलित है।
2. अंकिया – महाराष्ट्र का लोकनाट्य है।
3. जात्रा – ओडिशा तथा बंगाल की लोकनाट्य पर आधारित।
4. रम्मत – राजस्थान के बीकानेर तथा जैसलमेर में प्रचलित लोकनाट्य।

निम्न कूटों की सहायता से सही युग्म/युग्मों का चयन करें:
(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)** भंडैती बुंदेलखंड में प्रचलित लोकनाट्य है, जिसमें पात्रों का श्रृंगार नहीं होता तथा इसके पात्र हाजिर जवाब के गुण से युक्त होते हैं। अंकिया असम के ग्रामीण क्षेत्रों में खेला जाने वाला लोकनाट्य है। इसे भाओना भी कहा जाता है।

19. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
1. ओडिशा का साखी कुंदेई, असम का पुतला नाच, महाराष्ट्र का मालासूत्री बहुली तथा कर्नाटक की गोम्बेयेट्टा धागे से नचायी जाने वाली कठपुतलियों के प्रमुख रूप हैं।
2. कठपुतली की खास बात यह है कि यह विभिन्न कलाओं का मिश्रण हैं।

उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)** कठपुतली विभिन्न कलाओं का मिश्रण है। इसमें लेखन कला, नाट्य कला, चित्र कला, मूर्तिकला, काष्ठ कला, वस्त्र निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य जैसी कलाओं का इस्तेमाल होता है।

20. वाद्ययंत्रों से संबंधित निम्न युग्मों पर विचार कीजिए:
1. तत् वाद्य – एयर कॉलम में कंपन की वजह से सुरीली ध्वनि निकलती है।
2. घन वाद्य – इस श्रेणी के वाद्य लय प्रदर्शित करते हैं।
3. अपनद्य वाद्य – ये ताल वाद्यों की श्रेणी में आते हैं।

निम्न में कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)** तत् वाद्य, तारयुक्त वाद्य को कहा जाता है। इसके अंतर्गत वे वाद्य यंत्र आते हैं, जिन्हें उंगली, गज या कमानी अथवा मिजराव आदि की मदद से बजाते हैं। वीणा, सितार, सरोद, संतूर, गिटार इत्यादि इस श्रेणी में आते हैं। एयर कॉलम में कंपन के कारण जिन यंत्रों से सुरीली ध्वनि निकलती है, उसे सुषिर वाद्य कहा जाता है। हारमोनियम, बांसुरी, शहनाई, क्लारियोनेट इत्यादि इस श्रेणी में आते हैं।

21. भारत के लोक नाट्य से संबद्ध कथनों पर विचार कीजिए।
1. नौटंकी में आवाज ऊँची रखकर संवादों को पद्य रूप में बोला जाता है।
2. माचा की उत्पत्ति तथा विकास लगभग दो सदी पूर्व उज्जैन में हुआ था, जिसका मंचन होली त्योहार के दौरान किया जाता है।
3. भवाई छत्तीसगढ़ में प्रचलित नाट्य है, जिसका विषय केवल सामाजिक होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)** भवाई लोकनाट्य राजस्थान और गुजरात में प्रचलित है। इसमें विभिन्न नाटिकाओं की प्रस्तुति क्रमिक रूप से की जाती है। भवाई लोकनाट्य का विषय पौराणिक, धार्मिक अथवा सामाजिक होता है। इसमें पात्रों की वेश-भूषा एवं साज-सज्जा विशिष्ट होती है।

22. मणिपुरी नृत्य के किस रास में गोपियाँ कृष्ण के साथ होली खेलने की योजना बनाती हैं, किन्तु कृष्ण इसकी उपेक्षा करते हैं?
(a) वसंत रास (b) महारास
(c) उखलरास (d) गोष्ठरास

**उत्तर: (a)** प्रश्न में वर्णित दशा वसंत रास में देखने को मिलता है। उपेक्षा के बाद चिढ़ी हुई राधा और गोपियों को कृष्ण मनाते हैं। महारास में गोपियाँ कृष्ण की मुरली की आवाज से मंत्रमुग्ध होकर नृत्य में लीन हो जाती हैं। उखलरास में कृष्ण की बाल्यावस्था का प्रदर्शन किया जाता है तथा गोष्ठरास में गोचारण की विविध लीलाओं का वर्णन किया जाता है।

23. किस लोक नृत्य को 'गागर लोटी गरबा' के नाम से भी जाना जाता है?
(a) पाण्डवानी नृत्य (b) मेररॉस नृत्य
(c) माडुभांगी नृत्य (d) पणिहारी नृत्य

**उत्तर: (d)** गुजरात के पणिहारी नृत्य को गागर लोटी गरबा के नाम से जाना जाता है। इस नृत्य में स्त्रियाँ सिर पर बड़ा गागर और उसके ऊपर छोटी-सी लोटी रखकर वृत्ताकार घूमते हुए नाचती हैं। संतुलन इस नृत्य का प्रमुख आकर्षण होता है।

24. निम्न युग्मों पर विचार कीजिए:
1. राग भैरव – प्रात:काल गाया जाने वाला राग
2. राग यमन – रात्रि के प्रथम प्रहर में गाया जाने वाला राग
3. राग बिहाग – मध्य रात्रि में गाया जाने वाला राग

उपर्युक्त में कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)** राग बिहाग रात्रि के द्वितीय प्रहर में गाया जाने वाला राग है। मध्य रात्रि में गाया जाने वाला राग, राग बागश्री है।

25. चेराव नृत्य के संदर्भ में विचार कीजिए:
1. इस नृत्य में बाँस का प्रयोग किया जाता है।
2. यह नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है।
3. यह त्योहारों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति की मृत्यु पर भी प्रस्तुत किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (c)** यह नृत्य मिजोरम के आदिवासियों द्वारा किया जाता है। इस नृत्य में बाँस का प्रयोग किया जाता है, इसलिए इसे बाँस नृत्य के नाम से भी जाना जाता है। इस नृत्य में स्त्री तथा पुरुष दोनों शामिल होते हैं। चेराव नृत्य त्यौहारों के अलावा किसी व्यक्ति की मृत्यु पर भी प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी धारणा है कि इस नृत्य को करने से उस व्यक्ति की आत्मा पवित्रता को प्राप्त करती है।

26. सत्रिया नृत्य के सन्दर्भ में विचार कीजिए:
   1. यह सिक्किम राज्य की प्रसिद्ध नृत्य शैली है।
   2. इसमें ढोल, ताल एवं बांसुरी का प्रयोग होता है।
   3. इस नृत्य शैली को संगीत नाटक अकादमी द्वारा शास्त्रीय नृत्य का दर्जा दिया गया है।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
   (a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (b)** सत्रिया नृत्य पूर्वोत्तर भारत के असम की प्रसिद्ध नृत्य शैली है, न कि सिक्किम की, अतः कथन 1 गलत है। इस नृत्य शैली के विकास का श्रेय संत और समाज सुधारक शंकर देव को जाता है। इस नृत्य में ढोल, ताल एवं बांसुरी का प्रयोग होता है। इस नृत्य शैली को संगीत नाटक अकादमी द्वारा 15 नवम्बर, 2000 को शास्त्रीय नृत्य की सूची में सम्मिलित किया गया। अतः कथन 2 और 3 सही है।

27. उत्तर भारत में 18वीं और 19वीं शताब्दी में संगीत संस्कृति के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   1. उस अवधि की विशेषता सदारंग नियामत खाँ का, जिन्होंने खयाल की विधा प्रारंभ की, बढ़ता हुआ प्रभाव था।
   2. बड़ी संख्या में संगीतकार प्रादेशिक केन्द्रों से चलकर दिल्ली आ गए जहाँ उन्हें आशा थी कि उन्हें और अधिक रोज़गार और संरक्षण प्राप्त होगा।
   3. अलग-अलग विशिष्ट प्रदेशों के आधार पर घरानों का निर्माण इस अवधि की विशेषता थी।

   उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
   (a) केवल एक (b) केवल दो
   (c) सभी तीन (d) कोई नहीं

**उत्तरः (a)** औरंगजेब के शासनकाल से पूर्व लगभग सभी राजाओं ने संगीत को प्रश्रय एवं विकास की दिशा की ओर ध्यान दिया था, लेकिन औरंगजेब के शासनकाल से संगीत संस्कृति का पतन होने लगा और संगीतकार मुगलों के दरबार (दिल्ली) से अलग-अलग प्रान्तों की ओर चले गये, जिससे संगीत घराने का विकास हुआ।

28. 18वीं और 19वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में संगीत संस्कृति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. संगीत संबंधी विकास अर्काट दरबार की पहल से हुए।
   2. उन्नीसवीं शताब्दी के दूसरे अर्धभाग में तंजावुर ने, शास्त्रीय संगीत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में, मद्रास का स्थान ले लिया।
   3. त्यागराज, दीक्षितार और श्याम शास्त्री, इन तीन महान् संगीतकारों ने कृति रूप में प्रयोग करके आधुनिक कर्नाटक संगीत की नींव डाली।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (c)** सन् 1750 से 1850 ई० के बीच तिरूरर में संगीत की त्रिमूर्ति-त्यागराज, मुत्तुस्वामी दीक्षितार तथा श्याम शास्त्री के जन्म फलस्वरूप कर्नाटक संगीत में गतिशील विकास का युग प्रारम्भ हुआ। इन्हीं कलाकारों ने कृति रूप में प्रयोग करके आधुनिक कर्नाटक की नींव डाली। अतः केवल कथन (3) सत्य है।

29. भारत के एक लोक नृत्य रूप के विषय में निम्नलिखित परिच्छेद पर विचार कीजिए:

   यह नृत्य एकल अथवा तीन या चार महिलाओं मे समूह में अनिर्वाय रूप से देवी मनसा की पूजा के अवसर पर निष्पादित किया जाता है। पुराण-कथा के अनुसार, बेहुला को अपने पति (लखिन्दर) का जीवन वापस लेने के लिए देवी मनसा के सम्मुख नृत्य करते समय अपने केश खुले रखती हैं। इस नृत्य का एक और प्रभावशाली क्षण दा (बलि के लिए प्रयुक्त तीक्ष्ण धार वाला हथियार) के साथ नृत्य करना और खुले केशों के साथ तीव्र वृत्तीय गति में नर्तकियों के सर का घूमना है।

   निम्नलिखित में से कौन सा नृत्यरूप ऊपर वर्णित है?
   (a) पाडयानि नृत्य (b) देवधनी नृत्य
   (c) बागुरूम्बा नृत्य (d) गौर नृत्य

**उत्तरः (b)** उपरोक्त परिच्छेद में देवधनी नृत्य की चर्चा की गई है, जिसका संबंध असम से है।

30. हाल ही में, प्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज का निधन हो गया। वे निम्नलिखित में से किस कथक घराने के अग्रणी थे?
   (a) जयपुर (b) रायगढ़ **[NDA 2020–I]**
   (c) लखनऊ (d) बनारस

**उत्तर (c)** पंडित बिरजू महाराज कथक नृत्य के 'लखनऊ कालका-बिंदादीन' घराने के नर्तक, संगीतकार, गायक और प्रतिपादक थे। बिरजू महाराज को अपने क्षेत्र में आरम्भ से ही काफी प्रशंसा एवं सम्मान मिले, जिनमें 1986 में पद्मविभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा कालिदास सम्मान प्रमुख हैं। इनके साथ ही इन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधिमानद मिली थी।
बिरजू महाराज जी की मृत्यु 17 जनवरी 2022 को हुई।

## भाषा एवं साहित्य

1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

| | सूची-I (संवत्सर) | | सूची-II (किसी समय से गणना) |
|---|---|---|---|
| A. | विक्रम संवत्सर | 1. | 3102 ई. पू. |
| B. | शक संवत्सर | 2. | 320 ई. |
| C. | गुप्त संवत्सर | 3. | 78 ई. |
| D. | कलि संवत्सर | 4. | 58 ई.पू. |
| | | 5. | 248 ई. |

   **कूट:**
   (a) A – 2; B – 4; C – 5; D – 1
   (b) A – 1; B – 3; C – 2; D – 4
   (c) A – 4; B – 5; C – 2; D – 3
   (d) A – 4; B – 3; C – 2; D – 1

**उत्तरः (d)** विक्रम संवत्सर 58 ई.पू. में मालवा के शासक विक्रमादित्य द्वारा प्रारम्भ किया गया। शक संवत्सर 78 ई. में कुषाण शासक कनिष्क द्वारा प्रारम्भ किया गया तथा यही आज भारत का राष्ट्रीय संवत्सर है। गुप्त संवत्सर की स्थापना 319-20 ई. में चन्द्रगुप्त प्रथम द्वारा की गई। कलि संवत्सर का प्रारम्भ 3102 ई.पू. से माना गया है। 248 ई. में कलचुरि संवत्सर का प्रारम्भ माना गया है।

2. प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में प्राप्त 'यवनप्रिय' शब्द द्योतक था–
   (a) एक प्रकार की उत्कृष्ट भारतीय मलमल का
   (b) हाथी दाँत का
   (c) नृत्य के लिए यवन राजसभा में भेजी जाने वाली नर्तकियों का
   (d) काली मिर्च का

**उत्तरः (d)** यवन इण्डो-ग्रीक थे। उन्हें काली-मिर्च बहुत अधिक पसन्द थी इसलिये काली मिर्च का नाम ही 'यवनप्रिय' हो गया और तब से इसी 'यवनप्रिय' नाम से जाना जाता है।

DISHA Publication Inc

3. निम्नलिखित में से कौन गुप्तकाल में अपनी आयुर्विज्ञान विषयक रचना के लिए जाना जाता है?
(a) सौमिल्ल (b) शुद्रक
(c) शौनक (d) सुश्रुत

**उत्तरः (d)** सुश्रुत, गुप्तकाल में अपनी आयुर्विज्ञान विषयक रचना 'सुश्रुत संहिता' के लिए जाने जाते हैं। इनका आविर्भाव चरक के कुछ समय बाद हुआ था। इन्होंने शल्य चिकित्सा के 121 उपकरणों का उल्लेख किया है। इन्हें शल्य चिकित्सा एवं प्लास्टिक सर्जरी का जनक माना जाता है।

4. 'अपभ्रंश' शब्द का प्रयोग मध्यकालीन संस्कृत ग्रन्थों में होता था–
(a) राजपूतों में से जातिच्युत लोगों को इंगित करने के लिए
(b) वैदिक कर्मकाण्डों के त्याग को इंगित करने के लिए
(c) कुछ आधुनिक भारतीय भाषाओं के आरम्भिक रूपों को इंगित करने के लिए
(d) संस्कृतेत्तर छन्दों को इंगित करने के लिए

**उत्तरः (c)** मध्यकालीन संस्कृत ग्रन्थों में अपभ्रंश शब्द का प्रयोग कुछ आधुनिक भारतीय भाषाओं के आरम्भिक रूपों को इंगित करने के लिए होता था। सर्वप्रथम व्यास ने शब्द संस्कार से हीन शब्दों के लिए अपभ्रंश नाम दिया था।

5. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

| सूची-I | सूची- II |
|---|---|
| A. विशाखदत्त | 1. चिकित्सा |
| B. वराहमिहिर | 2. नाटक |
| C. चरक | 3. खगोल विज्ञान |
| D. ब्रह्मगुप्त | 4. गणित |

**कूटः**
(a) A – 1; B – 3; C – 4; D – 2
(b) A – 2; B – 1; C – 3; D – 4
(c) A – 2; B – 3; C – 1; D – 4
(d) A – 3; B – 4; C – 1; D – 2

**उत्तरः (c)** विशाखदत्त का सम्बंध नाटक से है, जिन्होंने 'मुद्राराक्षस' नामक, नाट्यग्रन्थ की रचना की थी। वराहमिहिर का संबंध खगोल विज्ञान से है। इनकी वृहत्संहिता, वृहत्जातक, लघुजातक, पंचसिद्धांतिका आदि प्रसिद्ध रचनाएं हैं। चरक का सम्बंध चिकित्सा से है, जिनकी प्रसिद्ध रचना चरकशास्त्र है। ब्रह्मगुप्त का संबंध गणित से है। इन्होंने ब्रह्मधमसिद्धान्त की रचना की।

6. प्राचीन भारत के निम्नलिखित ग्रन्थों में से किसमें पति द्वारा परित्यक्त पत्नी के लिए विवाह विच्छेद की अनुमति दी गई है?
(a) कामसूत्र (b) मानवधर्म शास्त्र
(c) शुक्र नीतिसार (d) अर्थशास्त्र

**उत्तरः (d)** अर्थशास्त्र में पति द्वारा परित्यक्त पत्नी के विवाह विच्छेद की अनुमति दी गई है। अर्थशास्त्र की रचना कौटिल्य द्वारा की गयी थी। यह राजनीतिशास्त्र पर लिखी गई पुस्तक है। विवाह विच्छेद के लिए अर्थशास्त्र में 'मोक्ष' शब्द का प्रयोग किया गया है।

7. प्राचीन भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी एक लिपि दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाती थी?
(a) ब्राह्मी (b) देवनागरी
(c) शारदा (d) खरोष्ठी

**उत्तरः (d)** खरोष्ठी लिपि को जेम्स प्रिंसेप (1799–1840) ने इण्डो-ग्रीक द्विभाषी सिक्कों की सहायता से पढ़ा। इससे अशोक के अभिलेखों को पढ़ने की दिशा में कदम बढ़ाये गये जो खरोष्ठी लिपि में लिखे गये एशिया उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम में स्थित थे। खरोष्ठी लिपि दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाती थी। शेष लिपियां बायीं से दायीं ओर लिखी जाती हैं। शारदा का विकास ब्राह्मी से ही हुआ है।

8. नचिकेता और यम के बीच सुप्रसिद्ध संवाद उल्लिखित है–
(a) छान्दोग्योपनिषद् में (b) मुण्डकोपनिषद् में
(c) कठोपनिषद् में (d) केनोपनिषद् में

**उत्तरः (c)** 'कठोपनिषद' में नचिकेता तथा यमराज (मृत्यु के देवता) के बीच संवाद है। इसमें नचिकेता शिष्य तथा यमराज गुरु थे।

9. 'मिलिन्दपन्हो' राजा मिलिन्द और किस बौद्ध भिक्षु के मध्य संवाद के रूप में है?
(a) नागसेन (b) नागार्जुन
(c) नागभट्ट (d) कुमारिल भट्ट

**उत्तरः (a)** मिलिन्दपन्हो में इण्डो ग्रीक राजा मिलिन्द (मिनान्डर) और बौद्ध भिक्षु नागसेन के संवाद हैं। यह पालि भाषा में लिखा गया ग्रंथ है।

10. निम्नलिखित युग्मों में से सही सुमेलित है–
1. मृच्छकटिकम् – शुद्रक
2. बुद्धचरित – वसुवन्धु
3. मुद्राराक्षस – विशाखदत्त
4. हर्षचरित – बाणभट्ट

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
**कूटः**
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 2 और 3

**उत्तरः (b)** मृच्छकटिकम के रचयिता शुद्रक, मुद्राराक्षस के रचयिता विशाखदत्त, हर्षचरित के रचयिता बाणभट्ट थे। बुद्धचरित नामक ग्रन्थ की रचना अश्वघोष ने की थी।

11. विशाखदत्त के प्राचीन भारतीय नाटक मुद्राराक्षस की विषय-वस्तु है–
(a) प्राचीन हिन्दू अनुश्रुति के देवताओं और राक्षसों के बीच संघर्ष के बारे में
(b) एक आर्य राजकुमार और एक कबीली महिला की प्रेम कथा के बारे में
(c) दो आर्य कबीलों के बीच सत्ता के संघर्ष की कथा के बारे में
(d) चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में राजदरबार की दुरभिसन्धियों के बारे में

**उत्तरः (d)** विशाखदत्त द्वारा संस्कृत भाषा में रचित नाटक मुद्राराक्षस उत्तर भारत में चन्द्रगुप्त मौर्य के उत्थान व शक्ति के विषय में बताता है।

12. शूद्रक द्वारा लिखी हुई प्राचीन भारतीय पुस्तक 'मृच्छकटिकम्' का विषय था–
(a) एक धनी व्यापारी और एक गणिका की पुत्री की प्रेम-गाथा
(b) चन्द्रगुप्त द्वितीय की पश्चिम भारत के शक क्षत्रपों पर विजय
(c) समुद्रगुप्त के सैन्य अभियान तथा शौर्यपूर्ण कार्य
(d) गुप्त राजवंश के एक राजा तथा कामरूप की राजकुमारी की प्रेम-गाथा

**उत्तरः (a)** मृच्छकटिकम् (मिट्टी की गाड़ी) दूसरी सदी ई. पू. में संस्कृत में शूद्रक द्वारा लिखा गया एक नाटक है। इसमें युवा व्यापारी चारूदत्त तथा उसकी प्रेमिका वसन्तसेना की कहानी है, जो एक गणिका की पुत्री थी।

13. भारत के सम्प्रतीक के नीचे उत्कीर्ण भारत की राष्ट्रीय आदर्शोक्ति 'सत्यमेव जयते' कहां से ली गई है ?
(a) कठ उपनिषद् (b) छांदोग्य उपनिषद्
(c) ऐतरेय उपनिषद् (d) मुंडक उपनिषद्

**उत्तरः (d)** 'सत्यमेव जयते' शब्द मुंडकोपनिषद् से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है–सत्य की ही जीत।

14. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में इतिवृत्तें, राजवंशीय इतिहासों तथा वीरगाथाओं को कंठस्थ करना निम्नलिखित में से किस व्यवसाय से था?
(a) श्रमण (b) परिव्राजक
(c) अग्रहारिक (d) मगध

**उत्तरः (d)**

15. प्राचीन भारत की निम्नलिखित पुस्तकों में से किस एक में शुंग राजवंश के संस्थापक के पुत्र की प्रेम कहानी है? **[IAS Prelims 2016]**
(a) स्वप्नवासवदत्ता (b) मालविकाग्निमित्र
(c) मेघदूत (d) रत्नावली

**उत्तर: (b)** मालविकाग्नि मित्र कालिदास द्वारा लिखा गया संस्कृत नाटक है। यह नाटक शुंग सम्राट अग्निमित्र की प्रेम कहानी कहता है। वह निर्वासित नौकरानी मालविका की तस्वीर से ही प्यार में पड़ जाता है।

16. मीमांसा दर्शन के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति किसके द्वारा संभव है?
(a) ज्ञान द्वारा (b) भक्ति द्वारा
(c) योग द्वारा (d) कर्म द्वारा

**उत्तर: (d)** मीमांसा दर्शन के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति कर्म द्वारा संभव है। इसमें ज्ञान के स्थान पर वैदिक कर्मों के अनुष्ठान को ही साधन स्वीकार किया गया है। मीमांसा दर्शन के प्रणेता जैमिनी है, जिनका ग्रंथ 'मीमांसा सूत्र' इस दर्शन का सूत्र है।

17. नस्तालीक है–
(a) एक प्रकार की फारसी लिपि जो मध्यकालीन भारत में प्रयुक्त होती थी
(b) एक राग जिसकी रचना तानसेन ने की थी
(c) मुगल शासकों द्वारा उद्गृहीत एक उपकर
(d) उलेमाओं के लिए एक आचार संहिता

**उत्तर: (a)** यह मुगल काल की फारसी लिपि थी। यह उर्दू की पारंपरिक लिपि थी।

18. कृष्ण जीवनपरक 'प्रेमवाटिका' काव्य की रचना की थी–
(a) बिहारी ने (b) सूरदास ने
(c) रसखान ने (d) कबीर ने

**उत्तर: (c)** रसखान (लगभग 1558–1628) हिन्दी के कवि थे। ये मुस्लिम थे परन्तु साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के भी अनुयायी थे। इन्होंने प्रेमवाटिका नामक काव्य की रचना की।

19. महाभारत की विषय-वस्तु पर विभिन्न भाषाओं के कृतिकारों और उनकी कृतियों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है?
(a) सारलादास – बंगाली (b) काशीराम – उड़िया
(c) टिक्कण – मराठी (d) पम्पा – कन्नड़

**उत्तर: (d)** पम्पा ने कन्नड़ भाषा में महाभारत का अनुवाद किया था।

20. काव्याभिव्यक्ति के रूप में उर्दू का प्रयोग करने वाला पहला लेखक था–
(a) अमीर खुसरो (b) मिर्जा गालिब
(c) बहादुरशाह जफर (d) फैज

**उत्तर: (a)** अमीर खुसरो (1253–1325 ई. स.) एक फारसी कवि थे जो दिल्ली सल्तनत के शासकों से सम्बन्ध रखते थे। इन्होंने अरबी तथा फारसी में कवितायें लिखी तथा उर्दू भाषा का प्रयोग करने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

21. सदियों से भारत में जीवित रही एक प्रमुख परम्परा 'ध्रुपद' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. ध्रुपद की उत्पत्ति तथा विकास मुगल काल में राजपूत राज्यों में हुआ।
2. ध्रुपद प्रमुखत: भक्ति और अध्यात्म का संगीत है।
3. ध्रुपद आलाप मंत्रों से लिए गए संस्कृत अक्षरों पर आधारित है।
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर: (b)** ध्रुपद भक्ति एवं आध्यात्मिक संगीत है। ध्रुपद के आलाप मंत्र संस्कृत के श्लोकों पर आधारित हैं।

22. 'मोडी लिपि' का प्रयोग किनके लेखों में किया जाता था?
(a) वोडेयारों के (b) जमोरिनों के
(c) होयसलों के (d) मराठों के

**उत्तर: (d)** मोडी लिपि का प्रयोग मराठों के लेखों में किया जाता था। सामान्यतया शिवाजी एवं पेशवाओं के दस्तावेजों में इसी लिपि का प्रयोग मिलता है। मोडी लिपि के आविष्कार के संबंध में इतिहासकारों में मतभेद है। कुछ इतिहासकारों के अनुसार मोडी लिपि का आविष्कार यादव राजाओं के एक मंत्री हेमाद्री ने किया था जबकि कुछ इतिहासकार इसके विकास का श्रेय शिवाजी के एक अधिकारी बालाजी भावजी को देते हैं।

23. निम्नलिखित में कौन-सा उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में लिखा हुआ महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक उपन्यास है?
(a) रस्त गुफ्तार (b) दुर्गेश नन्दिनी
(c) महारथ (d) निबन्धमाला

**उत्तर: (b)** दुर्गेश नन्दिनी उन्नीसवीं सदी के उत्तराद्धं में बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखा गया ऐतिहासिक उपन्यास है, जो उड़ीसा युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए हुए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

| | **सूची-I (पुस्तकें)** | | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|---|---|
| A. | द फर्स्ट इण्डियन वार ऑफ इण्डिपेन्डेन्स | 1. | रवीन्द्रनाथ टैगोर |
| B. | आनन्द मठ | 2. | श्री अरविन्द |
| C. | लाइफ डिवाइन | 3. | बंकिम चन्द्र चटर्जी |
| D. | साधना | 4. | विनायक दामोदर सावरकर |

**कूट:**
(a) A – 4; B – 3; C – 2; D – 1
(b) A – 3; B – 4; C – 1; D – 2
(c) A – 4; B – 3; C – 1; D – 2
(d) A – 3; B – 4; C – 2; D – 1

**उत्तर: (a)** द लाइफ डिवाइन श्री अरविन्द की दार्शनिक साहित्यिक रचना है। यह पश्चिमी विचारों तथा पूर्वी आध्यात्म का संकलन है।

25. निम्नलिखित अंग्रेजों में से कौन था जिसने सर्वप्रथम भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया था?
(a) विलियम जोन्स (b) चार्ल्स विल्किन्स
(c) अलेक्जेण्डर कनिंघम (d) जॉन मार्शल

**उत्तर: (b)** सर्वप्रथम भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद चार्ल्स विल्किंस ने किया था जिसकी प्रस्तावना को गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने लिखा था। विल्किंस ने हितोपदेश का अंग्रेजी में अनुवाद भी किया था। इन्होंने फारसी तथा बंगला मुद्रण के लिए ढलाई के अक्षरों का आविष्कार किया। एशिया के सामाजिक तथा प्राकृतिक इतिहास, पुरातत्व सम्बन्धी कला, विज्ञान तथा साहित्य के अध्ययन हेतु सर विलियम जोन्स ने 1778 ई. में एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल की नींव डाली।

26. निम्नलिखित में से किसने 'सोम प्रकाश' नामक समाचार-पत्र शुरू किया?
(a) दयानन्द सरस्वती (b) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(c) राजा राममोहन राय (d) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी

**उत्तर: (b)** प्रथम बंगाली राजनैतिक अखबार सोम प्रकाश 1858 में कलकत्ता से प्रकाशित हुआ। इसके प्रकाशक ईश्वरचन्द्र विद्यासागर थे।

27. निम्नलिखित में से किसने 'बहुविवाह' नामक पुस्तक लिखी?
(a) राजा राममोहन राय
(b) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(c) पण्डित रमाबाई
(d) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**उत्तर: (b)** यह पुस्तक बहुविवाह कुप्रथा के विरोध में लिखी गई। ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने इसके अतिरिक्त बाल्य विवाहेर दोस नामक पुस्तक भी लिखी। इन्हीं के प्रयासों से विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 में पारित हुआ।

DISHA Publication Inc.

28. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची-I (लेखक) | | सूची-II (कृति) | |
|---|---|---|---|
| A. | बंकिमचन्द्र चटर्जी | 1. | शतरंज के खिलाड़ी |
| B. | दीनबन्धु मित्र | 2. | देवी चौधरानी |
| C. | प्रेमचन्द | 3. | नील दर्पण |
| | | 4. | चन्द्रकान्ता |

**कूटः**
(a) A-2; B-4; C-1 (b) A-3; B-4; C-2
(c) A-2; B-3; C-1 (d) A-3; B-1; C-4

**उत्तर: (c)** बंकिमचंद्र चटर्जी – देवी चौधरानी
दीनबंधु मित्र – नील दर्पण
प्रेमचंद – शतरंज के खिलाड़ी

29. निम्नलिखित साहित्यिक कृतियों का उनके लेखकों के साथ मिलान कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | कविराजमार्ग | 1. | महावीराचार्य |
| B. | आदिपुराण | 2. | संकटायन |
| C. | गणितसारास्गृह | 3. | अमोघवर्ष |
| D. | अमोघव्रिथी | 4. | जिनसेन |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तर: (c)** सही सुमेलन इस प्रकार है –
कविराजमार्ग – अमोघवर्ष
आदिपुराण – जिनसेन
गणितसारास्गृह – महावीराचार्य
अमोघव्रिथी – संकटायन

30. ऐनालेक्ट्स पवित्र ग्रन्थ है —
(a) शिन्तो धर्म का
(b) टाओवाद (टाओ धर्म) का
(c) कन्फ्यूशियसवाद (कन्फ्यूशिन धर्म) का
(d) यहूदी (जूडा) धर्म का

**उत्तर: (c)** 'ऐनालेक्ट्स' कन्फ्यूशियन धर्म के पाँच पवित्र ग्रन्थों में एक है। ज्ञवरपाप (कोजीकी) तथा निहोंगी, शिन्तो धर्म का पवित्र ग्रंथ है।

31. रामायण का अनुवाद फारसी में किसने किया था?
(a) अबुल फजल (b) बदायूँनी
(c) अब्दुल लतीफ (d) ईश्वर दास

**उत्तर: (b)** अकबर के शासन काल में 'रज्मनामा' के नाम से रामायण का फारसी में अनुवाद कराया गया। इसका अनुवाद अकबर के आदेशानुसार अब्दुलकादिर बदायूँनी तथा फैजी ने किया।

32. 'मीन काम्फ' का लेखक कौन है? **[SSC (10 + 2) Nov. 2014]**
(a) हिटलर (b) मुसोलिनी
(c) बिस्मार्क (d) मैजिनी

**उत्तर: (a)** 'मीन काम्फ' अर्थात् मेरा संघर्ष का लेखक हिटलर था। यह पुस्तक हिटलर की आत्मकथा तथा उसके राजनीतिक विचारों का संग्रह है। इसका प्रकाशन 18 जुलाई, 1925 को हुआ था। इस पुस्तक का दूसरा भाग 1926 में प्रकाशित हुआ था। एडोल्फ हेस ने इस पुस्तक का संपादन किया था।

33. संगम साहित्य में 'तोलकाप्पियम' एक ग्रंथ है– **[U.P.P.C.S.(Mains) 2014]**
(a) तमिल कविता का
(b) तमिल व्याकरण का
(c) तमिल वास्तुशास्त्र का
(d) तमिल राजशास्त्र का

**उत्तर: (b)** 'तोलकाप्पियम' ग्रंथ द्वितीय संगम का एकमात्र शेष ग्रंथ है। इसके रचयिता 'अगस्त ऋषि' के बारह योग्य शिष्यों में से एक 'तोल्काप्पियर' द्वारा किया गया है। यह तमिल भाषा का प्राचीनतम व्याकरण ग्रंथ है। यह काव्य से भी संबंधित है।

34. निम्नलिखित राजवंशों में किसका उल्लेख संगम साहित्य में नहीं हुआ है?
(a) कदंब (b) चेर
(c) चोल (d) पाण्ड्य

**उत्तर: (a)** संगम शब्द का अर्थ संघ, परिषद, गोष्ठी अथवा संस्थान होता है। दक्षिण भारत में तमिल कवियों, विद्वानों, आचार्यों, ज्योतिषियों एवं बुद्धिजीवियों की एक परिषद थी। तमिल भाषा में लिखे गए प्राचीन साहित्य को ही 'संगम साहित्य' कहते हैं । इसमें दक्षिण भारत के तीन राज्यों चोल, चेर एवं पाण्ड्य के उद्भव का वर्णन है। इस साहित्य में इन तीन राजवंशों के अलावा और किसी भी राज वंश का वर्णन नहीं है।

35. निम्नलिखित तमिल ग्रंथों में किसे 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है?
(a) नन्दिकलम्बकम् (b) कलिंगत्तुपर्णि
(c) पेरियापुराणम् (d) कुरल

**उत्तर: (d)** तमिल ग्रंथ 'कुरल' को लघुवेद की संज्ञा दी जाती है। इसके रचयिता 'तिरुवल्लुवर' हैं। ये तमिल कवि हैं। यह ग्रंथ तमिल साहित्य में नीति पर आधारित है।

36. 'मत्त विलास प्रहसन' का लेखक कौन था?
(a) गौतमीपुत्र सातकर्णि (b) महाक्षत्रप रुद्रदामन
(c) महेंद्र वर्मन (d) पुलकेशिन द्वितीय

**उत्तर: (c)** 'मत्त विलास प्रहसन' के लेखक पल्लव नरेश महेंद्र वर्मन ने इस नाटक की रचना संस्कृत भाषा में किया है। इस नाटक में तत्कालीन सामाजिक एवं धार्मिक जीवन के बारे में विवरण मिलता है।

37. 'किताब-उल-हिंद' रचना के प्रसिद्ध लेखक का क्या नाम था?
(a) हसन निज़ामी (b) मिनहाज-उस-सिराज
(c) अलबरूनी (d) शम्स-ए-सिराज अफीफ

**उत्तर: (c)** भारत पर आक्रमण के समय महमूद गजनवी के साथ आने वाले इतिहासकार अलबरूनी ने 'किताब उल-हिंद' की रचना की। इसका वास्तविक नाम अबू रेहान था। इस पुस्तक में तत्कालीन भारतीय सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था का वर्णन है।

38. अमीर खुसरो ने किसके विकास में अग्रगामी की भूमिका निभाई?
(a) ब्रज भाषा (b) अवधी
(c) खड़ी बोली (d) भोजपुरी

**उत्तर: (c)** अमीर खुसरो का पूरा नाम अबुल हसन यमीनुद्दीन था। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के एटा जिले के पतियाली नामक ग्राम में गंगा नदी के किनारे हुआ था। ये एक लेखक/गायक व संगीतकार थे। इन्होंने खड़ी बोली के विकास में अग्रगामी भूमिका निभाई।

39. नयी फारसी काव्य-शैली 'सबक-ए-हिंदी' अथवा हिंदुस्तानी शैली के जन्मदाता थे–
(a) जियाउद्दीन बरनी (b) अफीक
(c) इसामी (d) अमीर खुसरो

**उत्तर: (d)** नयी फारसी काव्य शैली 'सबक–ए–हिंदी' अथवा हिंदुस्तानी शैली के जन्मदाता 'अमीर खुसरो' थे। इन्हें 'तूती-ए-हिंद' के नाम से जाना जाता है। ये कहते हैं कि 'मैं हिंदुस्तान की तूती हूँ। अगर तुम वास्तव में मुझसे जानना चाहते हो तो हिन्दी में पूछो। मैं तुम्हें अनुपम बातें बता सकूँगा।

40. 'तबकात-ए-नासिरी' का लेखक कौन था?
(a) शेख जमालुद्दीन (b) अलबरूनी
(c) मिनहाज-उस-सिराज (d) जियाउद्दीन बरनी

DISHA Publication Inc

**उत्तर: (c)** 'तबकात-ए-नासिरी' का लेखक 'मिनहाज-उस-सिराज' है। सुल्तान नासिरूद्दीन को समर्पित यह ग्रंथ 23 अध्यायों में है। इस पुस्तक में मुहम्मद गोरी की भारत विजय का वर्णन है।

41. सूची-I तथा सूची-II का सुमेल कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उतर चुनिए-

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| **A.** | जियाउद्दीन बरनी | **1.** | तारीख-ए-मुबारकशाही |
| **B.** | हसन निजामी | **2.** | तबकात-ए-नासिरी |
| **C.** | मिनहाज-उस-सिराज | **3.** | तारीख-ए-फीरोजशाही |
| **D.** | याहिया-बिन-अहमद | **4.** | ताजुल मासिर |
| | | **5.** | तबकात-ए-अकबरी |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (c) | 5 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर: (d)** 'तारीख-ए-फिरोजशाही' की रचना जियाउद्दीन बरनी ने फारसी में की है। 'ताजुल-मासिर' की रचना हसन निजामी ने तुर्की में की है। 'तारीख-ए-मुबारकशाही' की रचना याहिया-बिन-अहमद ने फारसी भाषा में किया है। 'तबकात-ए-नासिरी' की रचना 'मिनहाज-उस-सिराज' ने फारसी भाषा में किया है।

42. शाहजहांनामा के लेखक कौन हैं? **[Chhattisgarh P.C.S.(Pre) 2015]**
(a) गुलबदन बेगम
(b) शाहजहां
(c) अब्दुल हमीद लाहौरी
(d) इनायत खां

**उत्तर: (d)** 'शाहजहाँनामा' पुस्तक के लेखक इनायत खाँ है। इनका एक नाम 'मुहम्मद ताहिर' है।

43. अबुल फज़्ल द्वारा 'अकबरनामा' पूरा किया गया था- **[U.P.P.C.S.(Pre) 2014]**
(a) सात वर्षों में (b) आठ वर्षों में
(c) नौ वर्षों में (d) दस वर्षों में

**उत्तर: (a)** 'अकबरनामा' की रचना अबुल फजल द्वारा की गई है। 'अबुल फजल' अकबर के नवरत्नों में शामिल थे। इसे पूरा करने में सात वर्षो का समय लगा था। इसमें अकबर के जीवन की व्याख्या है।

44. मुगलों की अदालत में भाषा थी-
(a) तुर्की (b) फारसी
(c) उर्दू (d) अरबी

**उत्तर: (b)** मुगलों की अदालत में फारसी भाषा थी। फारसी भाषा मुगलों की राजभाषा थी। मुगलकाल में राजकाज से संबंधित सभी कार्य फारसी भाषा में ही संपन्न होते थे।

45. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (लेखक) | | सूची II (कृति) |
|---|---|---|---|
| A. | सोमदेव | 1. | मालविकाग्निमित्र |
| B. | कालिदास | 2. | कथासरित्सागर |
| C. | भास | 3. | चौरपंचाशिका |
| D. | बिल्हण | 4. | स्वप्नवासवदत्ता |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर: (a)** सही सुमेलन है-

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (कृति) |
|---|---|
| A. सोमदेव | कथासरित्सागर |
| B. कालिदास | मालविकाग्निमित्र |
| C. भास | स्वप्नवासवदता |
| D. बिल्हण | चौरपंचाशिका |

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. अभिनवगुप्त ने 'तंत्रलोक' नामक एक व्यापक प्रबंध लिखा जो 'कुल' और 'त्रिक' तंत्रों की शिक्षाओं को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करता है
2. आठवीं शताब्दी के आसपास गुजरात में हरिभद्र सूरि द्वारा लिखित 'समरैच्चकहा' तकनीकी रूप से कोई तांत्रिक कृति नहीं है परन्तु तांत्रिक विचारों और प्रथाओं से शराबोर है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)** अभिनवगुप्त ने तन्त्रसार में संक्षेपत: वर्णन करते हुए कहा है कि तंत्रालोक में वैदिक विधि, निषेधों से लेकर शैव, तंत्र, कुल और त्रिक परम्परा के मत उपलब्ध हैं।
आचार्य हरिभद्र सूरि की, प्राकृत गद्य भाषा में निबद्ध एक आख्यानात्मक कृति है। इसे नायक और प्रतिनायक के बीच जन्म-जन्मान्तरों के जीवन-संघर्षो की कथा का वर्णन करने वाला प्राकृत का एक महान उपन्यास कहा जा सकता है। मूल कथा के रूप में इसमें उज्जयिन्नी के राजा समरादित्य और प्रतिनायक अग्निशर्मा के नौ जन्मों (भवों) का वर्णन है।

47. मुद्राराक्षस के रचयिता कौन थे? **[MPPSC 2021]**
(a) हेमचन्द्र (b) बल्लाल
(c) विशाखदत्त (d) पद्मगुप्त

**उत्तर: (c)**
- मुद्राराक्षस के रचयिता विशाख दत्त हैं। वे संस्कृत भाषा के प्रसिद्ध नाटककार थे।
- इसमें चाणक्य एवं चंद्रगुप्त के जीवन संघर्ष एवं राजनीतिक के जीवन संघर्ष एवं राजनीतिक सफलताओं का विश्लेषण मिलता है।
- विशाखदत्त गुप्तकाल की विभूति थे। इनकी दो अन्य रचनाएँ थीं- देवी चंद्रगुप्तम तथा राघवानन्दनाटकम।

48. 13वीं शताब्दी का ग्रंथ, लेखापद्धति हमें निम्नलिखित में से किस विषय पर जानकारी देता है? **[NDA 2020–I]**
(a) लेखन-कला (b) निबंध लेखन
(c) विधिक दस्तावेज (d) पुरालेख शैली

**उत्तर (c)** लेखा पद्धति गुजरात में चालुक्य शासन के दौरान 8 वीं और 15 वीं शताब्दी के बीच लिखे गए संस्कृत दस्तावेजों का एक संग्रह है। बाद में इसकी रचना प्राकृत में भी की गई और इसमें भूमि अनुदान से संबंधित दस्तावेजों, शासकों के बीच संधियों और प्रशासन के शासन जैसे विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों के प्रारूपण के नियम शामिल थे।

49. भारतीय राजनीतिक विचारधारा का क्लासिकी ग्रंथ, अर्थशास्त्र, मुख्यत: किस पर केन्द्रित है? **[NDA 2020–I]**
(a) अर्थव्यवस्था (b) संस्कृति
(c) शासनकला (स्टेटक्राफ्ट) (d) राजतंत्र

**उत्तर (c)** अर्थशास्त्र एक मौर्य कालीन ग्रन्थ है तथा इसके लेखक चाणक्य थे। चाणक्य, सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य (321-298 ई.पू.) के प्रधानमंत्री थे।
**चाणक्य के अन्य नाम: विष्णुगुप्त, कौटिल्य**

DISHA Publication Inc

50. कब चरक संहिता अस्तित्व में आई? **[NDA 2020–I]**
(a) छठीं शताब्दी ई०पू० (b) तीसरी से दूसरी शताब्दी ई०पू०
(c) चौथी शताब्दी ई०पू० (d) पाँचवीं शताब्दी ई०पू०

**उत्तर (b)** चरक एक महर्षि एवं आयुर्वेद विशारद के रूप में विख्यात हैं। वे कुषाण राज्य के राज वैद्य थे। इनके द्वारा रचित चरक संहिता एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रन्थ है।

51. निम्नलिखित में से किसने चिन्तामणि भट्ट द्वारा रचित संस्कृत ग्रंथ 'शुक सप्तति' का फारसी में अनुवाद कर उसका नाम 'तुतिनामा' रखा। **[UPPCS 2022 - I]**
(a) अमीर खुसरो (b) अब्दुर रज्जाक
(c) शिहाबुद्दीन-अल-उमरि (d) ख्वाजा जिया-उद्दीन नख्शबि

**उत्तर: (d)** इस युग में 'तूतीनामा' (तोते की कहानी) की एक सचित्र पांडुलिपि हुमायूँ के चित्रकारों मीर सैय्यद अली और अब्दुस्समद द्वारा बनाई गई थी। कहा जाता है कि तूतीनामा संस्कृत कथा सुकसप्तती से प्रेरित है और इसे जिया उद दीन नक्षबी द्वारा लिखा गया था।

52. प्राचीन दक्षिण भारत में संगम साहित्य के बारे में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, सही है? **[UPSC 2022]**
(a) संगम कविताओं में भौतिक संस्कृति का कोई सन्दर्भ नहीं है।
(b) वर्ण का सामाजिक वर्गीकरण संगम कवियों को ज्ञात था।
(c) संगम कविताओं में समर शौर्य का कोई सन्दर्भ नहीं है।
(d) संगम साहित्य में जादुई ताकतों को असंगत बताया गया है।

**उत्तर (b)** संगम युग के कवियों को वर्ण का सामाजिक वर्गीकरण ज्ञात था। इसमें अरशर (राजा), वैश्यियर (व्यापारी) और वेलालर (किसान) का उल्लेख है। ब्राह्मणों का भी उल्लेख है। हालाँकि, 'चार वर्ण वर्गीकरण' का प्राचीन तमिल समाज में बहुत कम अनुप्रयोग था। वर्गीकरण का अधिक प्रासंगिक आधार कुटी था जो वंश-आधारित वंश समूह थे। हालांकि वंश और वंशानुगत व्यवसायों से जुड़े, कुटी समूहों के बीच अंतर-भोजन और सामाजिक बातचीत पर कोई वास्तविक प्रतिबंध नहीं था।

53. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित मूलग्रंथों पर विचार कीजिए: **[UPSC 2022]**
1. नेत्तिपकरण 2. परिशिष्टपर्वन
3. अवदानशतक 4. त्रिशष्टिलक्षण महापुराण
उपर्युक्त में कौन-से जैन ग्रन्थ हैं?
(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

**उत्तर (b)** अवदानशतक या "सेंचुरी ऑफ नोबल डीड्स (अवदान)" संस्कृत में एक सौ बौद्ध किंवदंतियों का एक संकलन है, जो लगभग उसी समय अशोकवदन के रूप में है। अतः, 3 जैन ग्रंथ नहीं है, और इसलिए तीन विकल्पों को अमान्य कर दिया गया है। केवल संभव विकल्प (b) है।
**स्रोत:** *https://en.wikipedia.org/wiki/Avadanasataka*

54. निम्नलिखित कृतियों में से कौन-सी एक, कृष्णदेवराय द्वारा शासन-कला (स्टेटक्राफ्ट) के विषय पर तेलुगु में रची गई थी ? **[CDS 2022 - I]**
(a) अमुक्तमाल्यद (b) जाम्बवती कल्याणम
(c) रायवाचकमु (d) सत्यवादु परिणय

**उत्तर: (a)** अमुक्तमाल्यद 16वीं शताब्दी की शुरुआत में विजयनगर सम्राट कृष्णदेवराय द्वारा रचित एक तेलुगु महाकाव्य है। अमुक्तमाल्यदा का अनुवाद वह "जिसने खुद को पहनने के बाद माला की पेशकश की"।

55. स्मृति साहित्य के अनुसार स्वामित्व के मामले में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है? **[CDS 2022-II]**
(a) पैतृक संपदा का बँटवारा पुत्रों के मध्य समान रूप से करना होता है।
(b) स्त्रियों को उन उपहारों को रखने की अनुमति थी, जो उन्हे उनके विवाह के अवसर पर प्राप्त होते थे।
(c) स्त्रियों को उनके विवाह के अवसर पर दिए जाने वाले उपहारों को *स्त्रीधन* के नाम से जाना जाता था।
(d) पति की अनुमति के बिना *स्त्रीधन* उनकी संतानों को उत्तराधिकार में नहीं मिलता था।

**उत्तर: (d)** स्मृति साहित्यके अनुसार स्वामित्व के मामले में कथन (d) सही नहीं है, मनु ने छह प्रकार के स्त्रीधन को न्यूनतम सीमा तक निर्धारित किया है। यदि विवाह ब्रह्म, दैव, गंधर्व या प्रजापत्य के रूप में किया गया है तोमृत निःसंतान महिला का पति स्त्रीधन पाने का हकदार था।
हालाँकि असुर, राक्षस और पैशाच विवाह के मामले में, एक निःसंतान, मृत महिला का स्त्रीधन उसके पिता या माता द्वारा प्राप्त किया जाता था।

56. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए- **[UPPCS 2023]**
**सूची-I ( पुस्तक )**
(A) मिरात-ए-सिकन्दी
(B) बुरहान-ए-माशिर
(C) रियाज -उस-सलातिन
(D) रियाज-उल-इंशा
**सूची-II ( विषय )**
(1) बंगाल का इतिहास
(2) बहमनी के अहमदनगर का इतिहास
(3) महमूद गवां के पत्रों का संग्रह
(4) गुजरात विजय
**कूट-**
(a) A-(2), B-(4), C-(1), D-(3)
(b) A-(4), B-(2), C-(1), D-(3)
(c) A-(4), B-(2), C-(3), D-(1)
(d) A-(1), B-(2), C-(4), D-(3)

**उत्तर: (b)** मिरात-ए-सिकंदरी सिकंदर इब्न मुहम्मद मांझू द्वारा लिखित गुजरात का इतिहास है। रियाज-उस -सलातिन बंगाल में मुस्लिम शासन का पहला पूर्ण इतिहास है। गुलाम हुसैन सलीम जैदपुरी द्वारा फारसी भाषा में लिखित है। महमूद गवां के पत्रों के संग्रह को रियाज-उल-इंशा के नाम से जाना जाता है। महमूद गवां दक्कन की बहमनी सल्तनत में वकील-उस-सल्तनत (प्रधानमंत्री) थे। बुरहान ए मसीर की किताब बहमनी के अहमदनगर के इतिहास की चर्चा करती है।

57. मैथिली भाषा का विकास निम्नलिखित में से किसके शासनकाल के दौरान शुरू हुआ? **[69th BPSC 2023]**
(a) चेरो राजवंश (b) ओइनिवार राजवंश
(c) कर्नाट राजवंश (d) पिथिपति

**उत्तर: (c)** खंडवाला राजवंश (11वीं-13वीं शताब्दी ई.वी.) का शासनकाल मैथिली साहित्य के लिए स्वर्ण युग माना जाता है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मैथिली रचनाएँ लिखी गई, जिनमें विद्यापति की कीर्ति भी शामिल है। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि समय के साथ मैथिली का विकास और विकास जारी रहा। यह भाषा संस्कृत, प्राकृत और अन्य इंडो-आर्यन भाषाओं से प्रभावित थी। इसने भारत के मुस्लिम शासन के दौरान फ़ारसी और अरबी भाषाओं के तत्वों को भी ग्रहण किया।

58. प्राचीन भारतीय इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: **[UPSC 2023]**

| | **साहित्यिक कृति** | **रचनाकार** |
|---|---|---|
| 1. | *देवीचंद्रगुप्त* | : बिल्हण |
| 2. | *हम्मीर-महाकाव्य* | : नयचंद्र सूरि |
| 3. | *मिलिंद-पन्ह* | : नागार्जुन |
| 4. | *नीतिवाक्यामृत* | : सोमदेव सूरि |

उपर्युक्त में से कितने सही सुमेलित हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

DISHA Publication Inc

**उत्तर (c) जोड़ी 1 का मिलान गलत है:** देवी–चंद्रगुप्तम विशाखादत्त का संस्कृत नाटक है। यह गुप्त राजा रामगुप्त की कहानी है जो अपनी रानी ध्रुवदेवी को शक आक्रमणकारी को समर्पण करने का फैसला करता है, लेकिन उसका छोटा भाई चंद्रगुप्त रानी के रूप में प्रच्छन्न दुश्मन शिविर में प्रवेश करता है और दुश्मन को मारता है।
**जोड़ी 2 सही सुम्मेलित है:** हम्मीर महाकाव्य 15 वीं शताब्दी का भारतीय संस्कृत महाकाव्य है, जिसे जैन विद्वान नयचंद्र सूरी ने लिखा है। यह 13वीं सदी के चाहमान राजा हम्मीर की पौराणिक जीवनी है।
**जोड़ी 3 गलत सुम्मेलित है:** "मिलिंदपन्हो" ("राजा मिलिंद के प्रश्न") नागसेन द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध पाली बौद्ध पाठ है, जिसे थेरवाद बौद्ध परंपरा का भाग माना जाता है। यह इंडो-ग्रीक राजा मेनेंडर और बौद्ध भिक्षु नागसेन के बीच एक संवाद है।
**जोड़ी 4 सही सुम्मेलित है:** सोमदेव सूरी 10वीं शताब्दी ई. के एक दक्षिण भारतीय जैन भिक्षु थे। सोमदेव सूरी ने नीतिवाक्यमृतम लिखा, जो शासन कला पर एक ग्रंथ है। नीति वक्यमृतम के पाठ में उल्लेख है कि सोमदेव यशस्तिलक नामक साहित्यिक कृति के लेखक भी थे।

59. निम्नलिखित में से कौन-सी नाटककार भास की रचना है? **[UPSC Pre. 2024]**
(a) काव्यालंकार (b) नाट्यशास्त्र
(c) मधयम-व्यायोग: (d) महाभाष्य

**उत्तरः (c) • विकल्प (c) सही है:** मध्यमा-व्यायोग एक संस्कृत नाटक है, जिसका श्रेय भास को दिया जाता है जो एक प्रसिद्ध संस्कृत कवि थे। यह नाटक महाभारत के पात्रों के इर्द-गिर्द घूमता है, जो भीम और उनके बेटे घटोत्कच से जुड़े एक प्रकरण पर केंद्रित है।
• **विकल्प (a) गलत है:** कवि और साहित्यिक सिद्धांतकार भामह द्वारा काव्यालंकार लिखा गया। यह काव्यशास्त्र और सौंदर्यशास्त्र पर एक ग्रंथ है, जिसमें साहित्यिक अलंकरण और शैली के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई है।
• **विकल्प (b) गलत है:** ऋषि भरत मुनि द्वारा नाट्यशास्त्र लिखा गया।
• **विकल्प (d) गलत है:** व्याकरणविद पतंजलि द्वारा महाभाष्य लिखा गया। इसलिए, विकल्प (c) सही उत्तर है।

## विविध

1. उन्होंने मैज़िनी, गैरिबॉल्डी, शिवाजी तथा श्रीकृष्ण की जीवनी लिखी; वे अमेरिका में कुछ समय के लिए रहे; तथा वे केन्द्रीय सभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए। वे थे- **[IAS Prelims 2018]**
(a) अरविंद घोष (b) विपिन चन्द्र पाल
(c) लाला लाजपत राय (d) मोतीलाल नेहरू

**उत्तरः (c)** लाला लाजपत राय ने इटली के देश भक्त जोसेफ मैजिनी, गैरिबॉल्डी, शिवाजी, श्रीकृष्ण और दयानन्द की जीवनी लिखी। वे 1914-1919 तक अमेरिका में रहे। वे 1924 में कांग्रेस छोड़कर स्वराज पार्टी में शामिल हुए तथा केंद्रीय असेम्बली के सदस्य चुने गए।

2. निम्नलिखित प्राचीन भारतीय अभिलेखों में से कौन-से एक में खाद्यान्न को देश में संकटकाल में उपयोग हेतु सुरक्षित रखने के बारे में प्राचीनतम शाही आदेश है?
(a) सोहगौरा ताम्रपत्र
(b) अशोक का रुम्मिनदेई स्तम्भ-लेख
(c) प्रयाग प्रशस्ति
(d) चन्द्र का महरौली स्तम्भ शिलालेख

**उत्तरः (a)** अशोक के सोहगौरा तथा महास्थान अभिलेखों से पता चलता है कि अकाल के संकट के समय राज्य कोषागार से अन्न वितरण किया गया।

3. प्राचीन कालीन भारत में हुई वैज्ञानिक प्रगति के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. प्रथम शती ईसवी में विभिन्न प्रकार के विशिष्ट शल्य औजारों का उपयोग आम था।
2. तीसरी शती ईसवी के आरम्भ में मानव शरीर के आन्तरिक अंगों का प्रत्यारोपण शुरू हो चुका था।
3. पाँचवीं शती ईसवी में कोण के ज्या का सिद्धान्त ज्ञात था।
4. सातवीं शती ईसवी में चक्रीय चतुर्भुज का सिद्धान्त ज्ञात था।
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तरः (c)** प्रश्न में दिया गया कथन 1, 3 तथा 4 सही हैं।

4. भारत की यात्रा करने वाले चीनी यात्री युआन च्वांग (ह्वेनसांग) ने तत्कालीन भारत की सामान्य दशाओं और संस्कृति का वर्णन किया है। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. सड़क और नदी-मार्ग लूटमार से पूरी तरह सुरक्षित थे।
2. जहाँ तक अपराधों के लिए दण्ड का प्रश्न है, अग्नि, जल व विष द्वारा सत्यपरीक्षा किया जाना ही किसी भी व्यक्ति की निर्दोषता अथवा दोष के निर्णय के साधन थे।
3. व्यापारियों को नौघाटों और नौकों पर शुल्क देना पड़ता था।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तरः (b)** व्यापारियों को नौघाटों और नौकों पर शुल्क देना पड़ता था। शुल्क देने के बाद वे व्यापार के लिए जा सकते थे। सामाजिक अपराधों के लिए उस समय अपराधी के नाक, कान व हाथ काट लिए जाते थे। सत्य परीक्षा के लिए अग्नि, जल व विष का प्रयोग किया जाता था। छोटे.मोटे अपराधों के लिए जुर्माना भरना पड़ता था।

5. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: **[IAS Prelims 2016]**

| | **प्रसिद्ध स्थान** | | **क्षेत्र** |
|---|---|---|---|
| 1. | बोधगया | : | बघेलखंड |
| 2. | खजुराहो | : | बुन्देलखंड |
| 3. | शिरडी | : | विदर्भ |
| 4. | नासिक | : | मालवा |
| 5. | तिरुपति | : | रायलसीमा |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?
(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 2 और 5 (d) 1, 3, 4 और 5

**उत्तरः (c)**

6. निम्नलिखित में से कौन-से मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध विधिवेत्ता थे?
(1) विज्ञानेश्वर (2) हिमाद्रि
(3) राजशेखर (4) जीमूतवाहन
नीचे दिये हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-
(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1 और 4

**उत्तरः (c)** विज्ञानेश्वर, हिमाद्रि एवं जीमूतवाहन मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध विधिवेत्ता थे। विज्ञानेश्वर ने याज्ञवल्क्य स्मृति पर टीका मिताक्षरा तथा जीमूतवाहन ने भी याज्ञवल्क्य स्मृति पर टीका दायभाग नाम से लिखा। हिमाद्रि ने मनुस्मृति पर टीका लिखा। राजशेखर प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल प्रथम के दरबार में रहते थे। इन्होंने कर्पूरमंजरी नामक नाटक की रचना की।

7. जिस मध्यकालीन भारतीय लेखक ने अमेरिका की खोज का उल्लेख किया है, वह है-
(a) मलिक मोहम्मद जायसी (b) अमीर खुसरो
(c) रसखान (d) अबुल फजल

**उत्तरः (d)** अबुल फजल ने कई ग्रंथों की रचना की तथा अमेरिका की खोज का भी उल्लेख किया।

8. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: [CDS 2017-I]

| परम्पराएं | | समुदाय |
|---|---|---|
| 1. चलिहा साहिब उत्सव | - | सिंधियों का |
| 2. नन्दा राजजात यात्रा | - | गोंडों का |
| 3. वारी-वारकरी | - | संथालों का |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a)** चलिहा, सिंधियों द्वारा मनाया जानेवाला एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें वे अपने आराधाय देव 'झूलेलाल' की प्रार्थना करते हैं।
नंदा राजजात यात्रा उत्तराखण्ड में गढ़वाली और कूमायूँनी लोगों का त्योहार है। वारी-वारकरी (पैढरपुर), महाराष्ट्र का एक त्योहार है जो मराठों द्वारा मनाया जाता है।

9. किस स्थान समूह में हर बारहवें वर्ष कुंभ मेला होता है?
(a) प्रयाग-हरिद्वार-उज्जैन-नासिक
(b) चित्रकूट-उज्जैन-प्रयाग-हरिद्वार
(c) रामेश्वरम्-पुरी-बद्रीनाथ-द्वारिका
(d) उज्जैन-पुरी-प्रयाग-हरिद्वार

**उत्तर: (a)** प्रयाग-हरिद्वार-उज्जैन-नासिक इन चार स्थानों में हर बारहवें वर्ष कुंभ मेला लगता है।

10. मिस्र के प्रतीकयुक्त लेखों की प्राचीन शैली को क्या कहते हैं?
(a) हाइरोग्लिफिक्स (Hieroglyphics)
(b) क्यूनीफार्म (Cuneiform)
(c) हाईटाइट (Hitite)
(d) जेपोटेक (Zapotec)

**उत्तर: (a)** मिस्र के प्रतीकयुक्त लेखों की प्राचीन शैली को हाइरोग्लिफिक्स कहते हैं। पुनर्जागरण काल में यह शैली गूढ़ विचार का एक कलात्मक प्रतिनिधित्व था। हाइरोग्लिफिक शैली का पहली बार प्रयोग पहली शताब्दी ई.पू. में डायोडोरस सिक्लस ने अपने लेखन में किया था।

11. तवांग (Tawang) मठ कहाँ स्थित है?
(a) असम (b) नागालैंड
(c) अरूणाचल प्रदेश (d) मिजोरम

**उत्तर: (c)** तवांग मठ एक बौद्ध मठ है जो अरूणाचल प्रदेश में स्थित है। यह मठ विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मठ है। विश्व का सबसे बड़ा बौद्ध मठ ल्हासा का पोताला महल है। इस मठ को सन् 1680 ई. में मेराक लामा लोद्रे ग्यास्तो द्वारा बनवाया गया था।

12. 'खजुराहो' के स्मारक कहाँ पाए जाते हैं?
(a) महाराष्ट्र (b) बिहार
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

**उत्तर: (c)** खजुराहो स्मारक समूह यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। ये स्मारक समूह हिन्दू धर्म तथा जैन धर्म के स्मारकों के समूह हैं। ये मध्यप्रदेश राज्य के छतरपुर में स्थित हैं।

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. ईरानी चित्रकला में दरबार, शिकार, युद्ध आदि चित्रों पर विशेष बल दिया जाता था, जबकि भारतीय चित्रकला में धार्मिक विषयों पर बल था।
2. ईरानी चित्रों की बनावट में चौड़े ब्रश का प्रयोग किया जाता था, जबकि भारतीय चित्रों में गोल ब्रश का।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)** अकबर के काल में ईरानी चित्रशैली व भारतीय चित्रशैली के बीच बेहतर सामंजस्य देखने को मिलता है। ईरानी और भारतीय चित्रकला में मुख्य अन्तर है – ईरानी चित्रकला में दरबार, युद्ध, शिकार आदि चित्रों पर विशेष बल दिया जाता था, जबकि भारतीय चित्रकला में धार्मिक विषयों का अधिक महत्व था। ईरानी चित्रों की बनावट में चौड़े ब्रश का प्रयोग किया जाता था, जबकि भारतीय चित्रों में गोल ब्रश का प्रयोग किया जाता था।

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. बेसनगर स्तंभ ग्रीक राजा के राजदूत हेलियोडोरस ने स्थापित किया था।
2. यह स्तंभ उसके वैष्णव धर्म का अनुयायी बनकर स्वयं को भागवत घोषित करने का प्रतीक है।

उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) कन तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)** ईसा पूर्व दूसरी सदी में यह स्तंभ गरुड़ स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया था। यह स्तंभ हिन्दू धर्म से संबंधित प्रथम प्रस्तर स्मारक है।

15. श्री राम सहाय पाण्डे किस लोक न ृत्य कला से संबंधित है?
(a) राई (b) बीहू [MPPSC 2021]
(c) लावनी (d) नौटंकी

**उत्तर: (a)**
- राम सहाय पांडेय एक राई नर्तक है। राई मूलरूप से बुंदेलखंड क्षेत्र का एक लोकनृत्य है।
- 11 मार्च, 1933 को जन्मे रामसहाय पांडेय ने अपने अथक प्रयासों से राई नृत्य को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई।
- कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये वर्ष 2022 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

16. श्रीमती दुर्गा बाई व्याम किस जनजातीय कला से संबंधित है?
(a) गोंड शैली (b) भील शैली [MPPSC 2021]
(c) बैगा शैली (d) सहरिया शैली

**उत्तर: (a)**
- दुर्गाबाई व्योम आदिवासी कला की गोंड शैली में काम करने वाली अंग्रेजी महिला कलाकार है।
- इनका अधिकांश काम उनके जन्मस्थान मध्यप्रदेश के मंडला जिले के गांव बरबसपुर में निहित है।
- कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये वर्ष 2022 में इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

DISHA Publication Inc

# अध्याय 3.1 भारत का संवैधानिक विकास

1. भारत के संविधान का निर्माता किसे माना जाता है?
   (a) महात्मा गाँधी
   (b) बी. आर. अम्बेडकर
   (c) जवाहरलाल नेहरू
   (d) बी. एन. राव

**उत्तर: (b)** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को माना जाता है।

2. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान सभा का अध्यक्ष कौन था?
   (a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (b) जवाहरलाल नेहरू
   (c) एम. ए. जिन्ना
   (d) लाल बहादुर शास्त्री

**उत्तर: (a)** 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा ने की थी। 11 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को निर्विरोध संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया।

3. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने संविधान का 'हृदय और आत्मा' किसे कहा था?
   (a) समानता का अधिकार
   (b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
   (c) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
   (d) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

**उत्तर: (c)** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) को संविधान का हृदय और आत्मा कहा है।

4. संविधान का प्रारूप पूरा हुआ था
   (a) 26 जनवरी, 1950 को
   (b) 26 दिसम्बर, 1949 को
   (c) 26 नवम्बर, 1949 को
   (d) 30 नवम्बर, 1949 को

**उत्तर: (c)** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान को पारित करने का प्रस्ताव रखा। संविधान के प्रारूप पर 'तीसरा वाचन' 14 नवम्बर से 26 नवम्बर, 1949 तक चला तथा 26 नवम्बर, 1949 को यह प्रस्ताव पारित हुआ तथा इसी दिन संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकार किया गया तथा संविधान का प्रारुपण पूरा हुआ। संविधान सभा के 284 उपस्थित सदस्यों ने संविधान पर हस्ताक्षर किया।

5. भारतीय संविधान की प्रारूपण समिति के अध्यक्ष कौन थे?
   (a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
   (b) पं. जवाहरलाल नेहरू
   (c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (d) जे. बी. कृपलानी

**उत्तर: (a)**

6. सूची-I (भारतीय संविधान के मद) को सूची-II (जिस देश से अपनाया गया) से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I (भारतीय संविधान के मद) | सूची-II (जिस देश से अपनाया गया) |
|---|---|
| A. राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धान्त | 1. ऑस्ट्रेलिया |
| B. मूल-अधिकार | 2. कनाडा |
| C. संघ-राज्य सम्बन्धों की समवर्ती सूची | 3. आयरलैण्ड |
| D. भारत राज्यों का संघ है तथा संघ में अधिक शक्ति निहित है | 4. यूनाइटेड किंगडम |
| | 5. संयुक्त राज्य अमेरिका |

**कूट:**
(a) A-5, B-4, C-1, D-2
(b) A-3, B-5, C-2, D-1
(c) A-5, B-4, C-2, D-1
(d) A-3, B-5, C-1, D-2

**उत्तर: (d)**

| भारतीय संविधान के मद | देश जहाँ से अपनाया गया |
|---|---|
| राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्त | - आयरलैंड |
| मूल अधिकार | - सं॰ रा॰ अमेरिका |
| समवर्ती सूची | - ऑस्ट्रेलिया |
| भारत राज्यों का संघ है तथा संघ में अधिक शक्ति निहित | - कनाडा |

7. भारत के संविधान के निर्माताओं का मत निम्नलिखित में से किसमें प्रतिबिंबित होता है? **[CDS 2017 - I]**
   (a) उद्देशिका
   (b) मूल अधिकार
   (c) राज्य की नीति के निदेशक तत्व
   (d) मूल कर्तव्य

**उत्तर: (a)** भारतीय संविधाान की प्रस्तावना का उद्देशिका शासन व्यवस्था को निर्धारित करने वाले सिद्धान्तों और लक्ष्यों का मार्गदर्शन करती है। संविधान का यह महत्त्वपूर्ण अंग उन उद्देश्यों तथा सिद्धान्तों को समाहित करता है, जिसकी संकल्पना संविधाान निर्माताओं ने की थी। उद्देशिका उन मूलभूत मूल्यों और दर्शनों को परिलक्षित करती है जो संविधान का आधार हैं।

8. भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने निम्नलिखित में से किसको स्पष्ट रूप से परिभाषित किया?
   (a) न्यायपालिका एवं विधायिका (लेजिस्लेचर) के बीच शक्ति का पृथक्करण
   (b) केन्द्रीय एवं प्रान्तीय सरकारों की अधिकारिता
   (c) भारत के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एवं वाइसरॉय की शक्तियां
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b)** भारत में प्रांतों में द्वैध शासन का प्रारंभ मांटेंग्यू चेम्सफोर्ड सुधारों से प्रारंभ हुआ जिसे 'भारत सरकार अधिनियम, 1919' भी कहा जाता है। इस अधिनियम में सर्वप्रथम 'उत्तरदायी शासन' जैसे शब्द का स्पष्ट प्रयोग किया गया था। इस अधिनियम के तहत प्रांतों में विषयों को 'आरक्षित' एवं 'हस्तांतरित' दो भागों में बांटा गया। इसमें हस्तांतरित विषयों का प्रशासन विधायिका के चयनित सदस्यों को सौंपा गया जबकि आरक्षित विषय गवर्नर की कार्यकारिणी के पास ही रहे।

9. निम्नलिखित में से संविधान सभा की संघ संविधान समिति (Union Constitution Committee) का अध्यक्ष कौन था?
(a) बी. आर. अम्बेडकर (b) जे. बी. कृपलानी
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर

**उत्तर: (c)** संघ संविधान समिति के अध्यक्ष – जवाहर लाल नेहरू
प्रारूप समिति के अध्यक्ष – बी.आर. अम्बेडकर
झण्डा समिति के अध्यक्ष – जे.बी. कृपलानी
मौलिक अधिकार व अल्पसंख्यक समिति के अध्यक्ष – सरदार बल्लभ भाई पटेल

10. संविधान सभा के किस सदस्य ने यह समाधान प्रस्तावित किया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज ''समान अनुपात में केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग का क्षैतिज तिरंगा'' हो, जिसमें बीच में गहरे नीले रंग का एक चक्र हो?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) बी. आर. अम्बेडकर
(c) राजेन्द्र प्रसाद (d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

**उत्तर: (a)** संविधान सभा के सदस्य जवाहरलाल नेहरू ने यह समाधान प्रस्तावित किया था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज ''समान अनुपात में केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग का क्षैतिज तिरंगा'' हो जिसमें बीच में गहरे नीले रंग का एक चक्र हो। इस ध्वज को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया था। भारतीय संविधान सभा में इसे 22 जुलाई, 1947 को भारत का राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकृत किया।

11. भारत के संविधान के निम्नलिखित उपबन्ध/ उपबन्धों में से कौन सा/से 26 नवम्बर 1949 से प्रभावी हुआ/हुए?
1. निर्वाचन 2. नागरिकता
3. आपात उपबंध 4. न्यायाधीशों की नियुक्ति
नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 4

**उत्तर: (b)** 26 नवम्बर, 1949 को भारतीय संविधान के कुछ उपबंध जैसे निर्वाचन, नागरिकता, तथा संसद इत्यादि प्रभावी हुए। संविधान के शेष प्रावधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुए।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I तथा कथन II इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

**कूट :**
(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) कथन I, सही है, किन्तु कथन II गलत है
(d) कथन I, गलत है, किन्तु कथन II सही है

12. **कथन I:** भारत सरकार अधिनियम, 1935 से केन्द्र में द्वैध शासन आरंभ हुआ।
**कथन II:** प्रांतों को प्रांतीय स्वायत्तता प्रदान की गई।

**उत्तर: (b)** भारत सरकार अधिनियम 1935 के द्वारा केन्द्रीय स्तर पर द्वैध शासन व्यवस्था लागू किया गया तथा इसी अधिनियम द्वारा प्रान्तों में द्वैध शासन का अन्त किया गया तथा प्रान्तीय स्वायत्तता की स्थापना की गई। इस प्रकार दोनों कथन सही हैं किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

13. भारतीय संविधाान में उल्लिखित आपातकालीन प्रावधान किस देश के संविधान से लिये गए हैं?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (USA)
(b) यूनाइटेड किंगडम (UK)
(c) जर्मनी
(d) कनाडा

**उत्तर: (c)** भारतीय संविधान में उल्लिखित आपातकालीन प्रावधान जर्मनी के संविधान से लिया गया है। मौलिक अधिकार, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्यायिक पुनरावलोकन आदि प्रावधान संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिए गए हैं। संसदीय शासन-प्रणाली, एकल नागरिकता एवं विधि निर्माण प्रक्रिया यूनाइटेड किंगडम तथा संघात्मक विशेषताओं संबंधी प्रावधान कनाडा के संविधान से लिए गए है।

14. निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सा संयुक्त राज्य अमेरिका तथा भारतीय संविधान में एक समान है?
(a) नागरिकता (b) स्वतंत्र केन्द्र एवं राज्य
(c) राज्यपालों की नियुक्ति (d) स्वतंत्र न्यायपालिका

**उत्तर: (d)** स्वतंत्र न्यायपालिका दोनों ही देशों में एक समान है तथा शेष अन्य में भिन्नता है।

15. भारतीय संसदीय प्रणाली, ब्रिटिश संसदीय प्रणाली से भिन्न हैं, क्योंकि –
(a) यह न्यायिक पुनर्विलोकन प्रणाली है।
(b) यह वास्तविक और नाममात्र दोनों प्रकार की कार्यपालिका है।
(c) यह द्विसदनीय विधायिका है।
(d) सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रणाली है।

**उत्तर: (a)** भारतीय संसदीय प्रणाली में न्यायिक पुनर्विलोकन की व्यवस्था लागू है, जबकि ब्रिटेन में यह प्रणाली लागू नहीं है। इस अर्थ में भारतीय संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से भिन्न है। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्पों में दी गयी व्यवस्थाएँ भारत और ब्रिटेन दोनों की संसदीय प्रणालियों में लागू हैं।

16. संविधान सभा द्वारा अंगीकृत ऐतिहासिक उद्देश्यों के कथन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. उद्देश्यों के कथन ने अपने सभी उत्तरवर्ती चरणों से संविधान के रूपनिर्माण को अनुप्राणित किया।
2. यह केवल एक प्रस्ताव-भर ही नहीं था, बल्कि एक घोषणा, एक दृढ़ संकल्प और एक प्रतिज्ञा थी।
3. इसने हमारे संविधान का अंतर्निहित दर्शन प्रदान किया।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2 और 3

**उत्तर: (c)** संविधान सभा द्वारा अंगीकृत ऐतिहासिक उद्देश्यों के कथन के संबंध में उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।

17. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ ब्रिटिश संविधान से भारत के संविधान में ली गई थीं?
1. कानून का शासन 2. विधि-निर्माण प्रक्रिया
3. न्यायपालिका की स्वतंत्रता 4. संसदीय व्यवस्था
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2 और 4

**उत्तर: (d)** संसदीय शासन प्रणाली, विधि निर्माण की प्रक्रिया, विधि का शासन, एक नागरिकता आदि विशेषताएँ भारतीय संविधान में, ब्रिटिश संविधान से ली गयी हैं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता अमेरिका के संविधान से ली गयी है।

18. इनमें से कौन संविधान सभा की प्रारूपण समिति का सदस्य नहीं था?
(a) एन॰ जी॰ अयंगार (b) के॰ एम॰ मुंशी
(c) बी॰ एन॰ राव (d) मुहम्मद सादुल्ला

**उत्तर: (c)** संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अम्बेडकर थे। इसके अतिरिक्त 6 सदस्य थे, जो निम्न हैं- एनजी आयंगर, बीएल मित्रा, केएम मुंशी, कृष्णास्वामी आयंगर, सैयद मो सादुल्लाह तथा डीपी खेतान। बाद में बी. एल. मित्रा के स्थान पर माधवराव तथा डी.पी. खेतान के स्थान पर कृष्णामाचारी सदस्य बने।

19. 26 नवम्बर, 1949 को भारत के संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान लागू हुए?
1. नागरिकता
2. निर्वाचन
3. अस्थायी संसद
4. मौलिक अधिकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1 और 2

**उत्तर: (b)** संविधान के कुछ अनुच्छेद को 26 नवंबर, 1949 से ही लागू कर दिया गया था, वे थे- 5, 6, 7, 8, 9, 60, 324, 366, 367, 379, 380, 388, 391, 392, 393 और 394 ।

20. निम्नलिखित में से किस अधिनियम में कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था?
(a) रेगुलेटिंग एक्ट, 1773
(b) पिट्स का भारत अधिनियम, 1784
(c) चार्टर एक्ट, 1813
(d) चार्टर एक्ट, 1833

**उत्तर: (a)** 1773 के रेगुलेटिंग एक्ट के तहत 1774 में कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गयी थी। सर एलिजा इम्पे इसके प्रथम मुख्य न्यायाधीश बने थे।

21. केंद्र में कौन-सा एक्ट द्विसदनीय विधायिक लाया?
(a) 1961 एक्ट (b) 1917 एक्ट
(c) 1919 एक्ट (d) 1915 एक्ट

**उत्तर:** (c) 1919 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा केन्द्र में द्विसदनीय विधानपालिका की स्थापना की गई थी। उपरिसदन, 'राज्य परिषद' (Council of State) कहलाता था जिसका कार्यकाल 5 वर्ष का था और उसके 60 सदस्यों में से 34 निर्वाचित तथा 26 मनोनीत होते थे। निचला सदन 'केन्द्रीय विधान सभा' (Central Legislative Assembly) कहलाता था जिसका कार्यकाल 3 वर्ष के लिए होता था और उसके 144 सदस्यों में से 104 निर्वाचित तथा 40 मनोनीत होते थे।

22. निम्नलिखित में से संविधान सभा के बारे में गलत कथन कौन सा है?
(a) इसने बड़ी संख्या में समितियों की मदद से काम किया, उनमें से प्रारूप समिति सबसे महत्वपूर्ण थी
(b) अल्पसंख्यक समुदाय जैसे ईसाई, एंग्लो-इंडियन और पारसियों को सभी में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया।
(c) इसका निर्वाचन सार्वभौम वयस्क मताधिकार के आधार पर किया गया
(d) इसकी चुनाव प्रक्रिया 1935 के अधिनियम के 6वी अनुसूची पर आधारित थी। कर सम्पत्ति और शैक्षणिक योग्यता के कारण मताधिकार सीमित था।

**उत्तर: (c)** संविधान सभा के सदस्यों का निर्वाचन प्रांतीय विधान सभाओं के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष निर्वाचन के द्वारा किया गया था, न कि सार्वभौम वयस्क मताधिकार के आधार पर संविधान सभा का चुनाव भारतीय संविधान की रचना के लिए किया गया था।

23. संविधान सभा के चुने हुए स्थायी अध्यक्ष कौन थे?
(a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(b) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) एस. राधाकृष्णन

**उत्तर: (c)** 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक हुई जिसकी अस्थायी अध्यक्षता डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा ने किया। 11 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया।

24. संविधान सभा के सम्मुख संविधान की प्रस्तावना का प्रस्ताव किसने रखा?
(a) जवाहर लाल नेहरू
(b) बी.आर. अम्बेडकर
(c) बी.एन. राव
(d) महात्मा गांधी

**उत्तर: (a)** संविधान सभा में 13 दिसंबर, 1946 को जवाहर लाल नेहरू ने 'उद्देश्य प्रस्ताव' प्रस्तुत किया जिसे 22 जनवरी, 1947 को पारित किया गया और यही उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तावना का प्रारूप बना।

25. भारतीय संविधान को बनाने हेतु भारतीय संविधान सभा के कुल कितने अधिवेशन हुए थे?
(a) 7 (b) 9
(c) 12 (d) 15

**उत्तर:** (c) भारतीय संविधान के निर्माण में संविधान सभा को 2 वर्ष, 11 माह एवं 18 दिन का समय लगा और कुल 11 अधिवेशन (कुल अवधि 165 दिन) हुए। संविधान सभा के सदस्यों द्वारा भारतीय संविधान पर हस्ताक्षर करने के लिए 12वां अधिवेशन 24 जनवरी 1950 को आयोजित हुआ।

26. भारतीय संविधान का प्रथम प्रारूप तैयार किया गया था-
(a) बी.आर. अम्बेडकर द्वारा
(b) बी.एन. राव द्वारा
(c) के. संथानम द्वारा
(d) के.एम. मुंशी द्वारा

**उत्तर: (b)** संविधान सभा के सांविधानिक सलाहकार बी.एन. राव द्वारा संविधान का पहला प्रारूप तैयार किया गया था। प्रारूप समिति ने बी०एन० राव द्वारा प्रस्तुत प्रारूप पर विचार कर इसमें कुछ परिवर्तन करके संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। बी.एन. राव के मूल प्रारूप में 243 अनुच्छेद और 13 अनुसूचियां थीं।

27. भारत के संविधान में सम्मिलित समवर्ती सूची किस देश की देन है?
(a) सोवियत संघ (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) इटली (d) कनाडा

**उत्तर: (b)** भारत के संविधान में समवर्ती सूची को ऑस्ट्रेलिया के संविधान से लिया गया है। इस सूची में ऐसे विषय शामिल हैं, जिन पर केंद्र एवं राज्य दोनों को कानून बनाने का अधिकार है। लेकिन टकराव की स्थिति में केंद्र द्वारा निर्मित कानून ही मान्य होता है। इसे भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में शामिल किया गया है।

28. राज्य सभा के गठन में प्रतिभा, अनुभव एवं सेवा को प्रतिनिधित्व देने में भारतीय संविधान निर्माता निम्नांकित उदाहरण से प्रभावित हुए थे-
(a) आइरिश गणतंत्र (b) कनाडा
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर: (a)** राज्य सभा के गठन में प्रतिभा, अनुभव एवं सेवा को प्रतिनिधित्व देने में भारतीय संविधान निर्माता आइरिश (आयरलैंड) गणतंत्र से प्रभावित हुए थे। इसका वर्णन भारतीय संविधान के भाग 5 के अनुच्छेद 80(3) में किया गया है।

29. निम्नलिखित में से कौन 1919 में दिल्ली में हुए अखिल भारतीय खिलाफत सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया था?
(a) मोतीलाल नेहरू (b) महात्मा गाँधी
(c) एम. ए. जिन्ना (d) शौकत अली

**उत्तर: (b)** अखिल भारतीय ख़िलाफ़त कमेटी ने जमियतउल-उलेमा के सहयोग से ख़िलाफ़त आंदोलन का संगठन किया तथा मोहम्मद अली ने 1920 में ख़िलाफ़त घोषणापत्र प्रसारित किया। खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व गांधी जी ने ग्रहण किया। गांधी जी के प्रभाव से ख़िलाफ़त आंदोलन तथा असहयोग आंदोलन एकरूप हो गए। मई, 1920 में ख़िलाफ़त कमेटी ने महात्मा गांधी की अहिंसात्मक असहयोग योजना का समर्थन किया।

30. भारत में 'द्वैधशासन' सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किसके अधीन आरम्भ किया गया?
(a) मार्ले-मिन्टो सुधार (b) चेम्सफोर्ड सुधार
(c) साइमन आयोग योजना (d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

**उत्तर: (b)** द्वैध शासन पद्धति संवैधानिक व्यवस्था का एक रूप थी। द्वैध शासन का सिद्धान्त सबसे पहले अंग्रेज लियोनेल कर्टिस ने प्रतिपादित किया था, जो बहुत दिनों तक 'राउण्ड टेबिल' का सम्पादक रहा। बाद में यह सिद्धान्त 1919 ई. के 'भारतीय शासन विधान' में लागू किया गया, जिसके अनुसार प्रान्तों में द्वैध शासन स्थापित हुआ।

31. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत सरकार अधिनियम, 1919 की मुख्य विशेषता/विशेषताएँ थी/थीं?
1. मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचक-मण्डल का प्रारम्भ
2. केन्द्र द्वारा प्रान्तों को विधायी विधानमण्डलों का विस्तार तथा पुनर्गठन
3. केन्द्रीय और प्रान्तीय विधानमण्डलों का विस्तार तथा पुनर्गठन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
**कूट:**
(a) केवल 2 (b) 1 केवल 3
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

**उत्तर: (d)** युद्ध के बाद भारत की प्रशासनिक व्यवस्था में जो बदलाव किये गए वे मोंटेंग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, जिसे भारत सरकार अधिनियम-1919 भी कहा जाता है, के परिणाम थे। इन सुधारों द्वारा केंद्रीय विधानमंडल को द्विसदनीय बना दिया गया। इनमें से एक सदन को राज्य परिषद् और दूसरे सदन को केंद्रीय विधान सभा कहा गया। दोनों सदनों में निर्वाचित सदस्यों का बहुमत था। केंद्रीय विधायिका की शक्तियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया, सिवाए केंद्र में दो सदनों की स्थापना के। कार्यकारी परिषद् के सदस्य, जोकि मंत्रियों के समान थे, विधायिका के प्रति उत्तरदायी नहीं थे अर्थात वे सत्ता में बने रह सकते थे चाहे विधायिका के सदस्यों के बहुमत का समर्थन उन्हें प्राप्त हो या नहीं।

32. भारत की संविधान सभा, 1946 के प्रांतीय निर्वाचनों के आधार पर चुनी गयी थी। संविधान सभा से मुस्लिम लीग के निकल जाने के बाद यह पाया गया कि सभा के अधिकतर सदस्य कांग्रेस के भी सदस्य थे। उस परिस्थिति में, संविधान सभा को किस प्रकार एक अपेक्षाकृत अधिक बड़ा सामाजिक आधार दिया गया?
(a) विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों से स्वतंत्र सदस्यों को मनोनीत करने के द्वारा
(b) विभिन्न जाति तथा धार्मिक समूहों से स्वतंत्र सदस्यों को मनोनीत करने के द्वारा
(c) भिन्न जाति, धार्मिक समूहों तथा महिलाओं के सवतंत्र सदस्यों को मनोनीत करने के द्वारा और देशी राज्यों से प्रतिनिधियों को शामिल करने और आम जनता से लिखित निवेदन मांगने के द्वारा भी
(d) देशी राज्यों से प्रतिनिधियों को शामिल करने और आम जनता से लिखित निवेदन माँगने के द्वारा

**उत्तर: (c)** संविधान सभा का मुस्लिम लीग द्वारा बहिष्कार करने पर संविधान सभा को बड़ा सामाजिक आधार देने के लिए विभिन्न जाति धार्मिक समूह तथा महिलाओं के स्वतंत्र सदस्यों को मनोनीत करने के द्वारा और देशी राज्यों के प्रतिनिधि को शामिल करने का प्रयास किया गया तथा आम जनता से लिखित निवेदन भी मांगे गए।

33. भारत सरकार अधिनियम, 1935 में अन्तर्निहित 'अनुदेश पत्र' को वर्ष 1950 में भारत के संविधान में किस रूप में सन्निविष्ट किया गया है?
(a) मूल अधिकार
(b) राज्य के नीति निदेशक तत्त्व
(c) राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार
(d) भारत सरकार का कार्य-संचालन

**उत्तर: (b)** भारत सरकार अधिनियम 1935 में अंतर्निहित अनुदेश पत्र को वर्ष 1950 में भारत के संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्व के रूप में समाविष्ट किया गया। वर्तमान में संविधान के भाग 4 में नीति निदेशक तत्व को शामिल किया गया है जो कि राज्य को प्राप्त निर्देश है। यह तत्व हमारे राज्य के कल्याणकारी चरित्र को भी प्रतिबिंबित करते हैं। इनके पीछे विधिक सत्य नहीं, बल्कि नैतिक बल निहित है।

34. 1919 के भारत सरकार अधिनियम ने
1. केन्द्र में द्विसदनीय विधान मण्डल स्थापित किया
2. प्रान्तीय कार्यकारिणी में द्विशासन आरम्भ किया
3. भारत में संघीय शासन-प्रणाली को आरम्भ किया

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 2

**उत्तर: (d)** भारत सरकार अधिनियम, 1919 युनाइटेड किंगडम के संसद द्वारा पारित एक विधान था जिसे मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार के नाम से भी जाना जाता है। इसकी विशेषताएं इस प्रकार थीं –
1. केंद्र में द्विसदनात्मक विधायिका की स्थापना
2. केंद्र में प्रत्यक्ष निर्वाचन व्यवस्था
3. प्रांतों में द्वैध शासन प्रणाली की शुरुआत
4. लोक सेवा आयोग का गठन किया गया
5. पहली बार महिलाओं को (सीमित मात्रा में) मत देने का अधिकार
6. केन्द्रीय बजट को राज्य के बजट से अलग किया गया

35. भारत के संविधान निर्माण के लिए बुलाई गई भारत की संविधान सभा ने गोपीनाथ बरदलई की अध्यक्षता में एक उप-समिति नियुक्त की। इस समिति द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी अनुशंसा/अनुशंसाएँ दी गई/गईं?
1. उत्तर-पूर्व सीमान्त (असम) जनजाति और अपवर्जित क्षेत्र के लिए पाँचवीं अनुसूची
2. असम के समस्त स्वायत्त जिलों में जिला परिषदों का गठन
3. उत्तर-पूर्व सीमान्त (असम) जनजाति और अपवर्जित क्षेत्र के लिए छठी अनुसूची
4. उत्तर-पूर्व भारत में राज्य-क्षेत्रों का सीमांकन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 4

**उत्तर: (c)** भारत के संविधान के निर्माण के लिए निर्मित भारत की संविधान सभा ने गोपीनाथ बोर्दोलोई की अध्यक्षता में एक उप समिति की नियुक्ति की थी। इस समिति द्वारा उत्तर पूर्व सीमांत असम जनजाति और अपवर्जित क्षेत्र के लिए पांचवीं अनुसूची की अनुशंसा की थी।

36. सूची-1 को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| **सूची-I (व्यक्ति)** | **सूची-II (भारत के संविधान को बनाने में भूमिका)** |
|---|---|
| A. राजेन्द्र प्रसाद | 1. सदस्य, प्रारूपण समिति |
| B. टी० टी० कृष्णमचारी | 2. अध्यक्ष, संविधान सभा |
| C. एच० सी० मुखर्जी | 3. अध्यक्ष, प्रारूपण समिति |
| D. बी० आर० अम्बेडकर | 4. उपाध्यक्ष, संविधान सभा |

**कूट:**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर: (a)** सूचियों का सही मिलान इस प्रकार होगा:-
राजेन्द्र प्रसाद – अध्यक्ष, संविधान सभा
टी.डी. कृष्णमाचारी – सदस्य, प्रारूप समिति
एच.सी. मुखर्जी – उपाध्यक्ष , संविधान सभा
बी.आर. अम्बेडकर – अध्यक्ष, प्रारूप समिति

37. वर्ष 1939 में सभी प्रान्तों में भारतीय मंत्रियों द्वारा त्यागपत्र देने का निम्नलिखित में से कौन-सा कारण था?
(a) राज्यपालों ने सांविधानिक प्रधान के रूप में कार्य करने से इंकार कर दिया था
(b) केन्द्र ने प्रान्तों को आवश्यक वित्तीय सहायता नहीं प्रदान की थी।
(c) द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के कारण गवर्नर-जनरल ने भारतीय प्रशासन को संघीय से एकात्मक में परिवर्तित कर दिया था।
(d) प्रान्तीय सरकारों की सहमति के बिना, भारत को द्वितीय विश्व युद्ध का पक्षकार घोषित कर दिया गया था

**उत्तर: (d)** भारतीयों की अनुमति के बिना तत्कालीन भारतीय वायसराय लार्ड लिनलिथगो ने यह घोषणा कर दी कि भारत भी जर्मनी के विरुद्ध ब्रिटेन के साथ युद्ध में शामिल है। इसके विरोध में प्रान्तों में कांग्रेसी मंत्रियों द्वारा त्याग-पत्र दे दिया गया था।

38. "संविधान का प्रारूप जैसा विरचित किया गया है, वह केवल देश के शासन के लिए तंत्र उपलब्ध कराता है। यह सत्ता में किसी विशेष दल को स्थापित करने की प्रयुक्ति नहीं है, जैसा कि कुछ देशों में किया गया हैं। सत्ता में कौन हो, इसे जनता के विनिश्चयार्थ छोड़ दिया गया है, जैसा कि होना ही चाहिए, यदि इस तंत्र को लोकतंत्र के परीक्षण पर खरा उतरना है।"
संविधान निर्मात्री सभा के विचार-विमर्श से उद्धृत उपर्युक्त परिच्छेद का श्रेय किसे है?"
(a) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(b) डॉ० बी० आर० अम्बेडकर
(c) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
(d) आचार्य जे० बी० कृपलानी

**उत्तर: (b)** 9 दिसम्बर, 1948 को दिल्ली में हुई संविधान सभा की पहली बैठक में प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने राज्य के नीति निदेशक तत्वों के सम्बन्ध में उक्त वक्तव्य दिया था।

39. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कैबिनेट मिशन, 1946 का एक प्रस्ताव नहीं था?
(a) लोकतांत्रिक जनसंख्या शक्ति सिद्धान्त के आधार पर संविधान सभा का गठन किया जाना था
(b) प्रान्तों एवं राज्यों के एक भारतीय संघ के लिए उपबन्ध
(c) संविधान सभा के सभी सदस्यों को भारतीय होना था
(d) संविधान सभा के कार्यकलापों का ब्रिटिश सरकार द्वारा पर्यवेक्षण किया जाना था

**उत्तर: (d)** 24 मार्च, 1946 को कैबिनेट मिशन दिल्ली पहुंचा। इसके सदस्यों में पैथिक लॉरेंस, स्टेफोर्ड क्रिप्स और अलेक्जेंडर शामिल थे। इसकी सिफारिशों में संविधान सभा के कार्य-कलापों का ब्रिटिश सरकार द्वारा पर्यवेक्षण किया जाना शामिल नहीं था।

40. इनमें से कौन संविधान सभा का सलाहकार था? **[CDS 2020]**
(a) बी. एन. राव
(b) बी. आर. अम्बेडकर
(c) पट्टाभि सीतारमैय्या
(d) अल्लादि कृष्णास्वामी

**उत्तर: (a)** विधानसभा के संवैधानिक सलाहकार बी एन राव ने पिछले चरण में उल्लिखित संविधान सभा में विभिन्न उपसमितियों और चर्चाओं की रिपोर्ट के आधार पर एक मसौदा संविधान तैयार किया। ड्राफ्ट संविधान अक्टूबर 1947 तक तैयार हो गया था और मसौदा समिति को सौंप दिया गया था। 11 दिसंबर, 1946 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद और एच.सी. मुखर्जी को क्रमशः विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। सर बी.एन. राऊ को विधानसभा का संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया था।

41. निम्न में से कौन-सा विकेन्द्रीकरण का वैशिष्ट्य **नहीं** है? **[BPSC 2020]**
(a) स्वायत्तता
(b) लोक-सहभागिता
(c) स्थानीय समुदायों में आत्मविश्वास को नहीं जगाना
(d) स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (c)** विकेंद्रीकरण सरकार के विभिन्न स्तरों के बीच सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण, जिम्मेदारी और वित्तीय संसाधनों का पुनर्वितरण करना चाहता है। यह केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों से लेकर सरकारी एजेंसियों, अधीनस्थ इकाइयों या सरकार के स्तरों, अर्द्ध-स्वायत्त सार्वजनिक प्राधिकरणों या निगमों के क्षेत्र, या क्षेत्र-व्यापी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय या कार्यात्मक अधिकारियों का कुछ सार्वजनिक कार्यों के नियोजन, वित्तपोषण और प्रबंधन के लिए जिम्मेदारी का हस्तांतरण है। प्रशासनिक विकेंद्रीकरण के तीन प्रमुख रूप हैं–विसंकेद्रण, प्रतिनिधिमंडल और अंतरण-प्रत्येक की अलग-अलग विशेषताएं हैं।

42. ब्रिटिश शासन काल में संविधान के विकास में कौन-सा कानून ऐतिहासिक नहीं था? **[BPSC 2020]**
(a) रेग्युलेटिंग ऐक्ट, 1773
(b) चार्टर ऐक्ट, 1833
(c) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919
(d) प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ऐक्ट, 1955
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (d)** भारतीय संविधान की उत्पत्ति और विकास की जड़ें ब्रिटिश काल में भारतीय इतिहास में हैं। 1773 से, ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत के शासन के लिए विभिन्न अधिनियम पारित किए गए थे। हालांकि, उनमें से किसी ने भी भारतीय आकांक्षाओं को संतुष्ट नहीं किया, क्योंकि वे विदेशी शासकों द्वारा लागू किये गए थे। भारतीय संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 में समानता के अधिकार के प्रावधान हैं। ये अनुच्छेद धर्म के आधार पर समानता, सार्वजनिक रोजगार में अवसर, काम के लिए समान वेतन और छुआछूत के उन्मूलन से संबंधित हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 ने अस्पृश्यता के अधिनियम को समाप्त कर दिया है और किसी भी रूप में इसके अभ्यास पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ''अस्पृश्यता'' एक अपराध है जो कानून के अनुसार दंडनीय है। अस्पृश्यता अधिनियम, 1955 को संविधान के अनुच्छेद 35 (ए) (ii) के तहत संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम को अस्पृश्यता संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक, 1972 द्वारा संशोधित किया गया था जिसे संसद द्वारा पारित किया गया था और 1976 से लागू किया गया था, जिसका नाम बदलकर नागरिक अधिकार अधिनियम, 1955 रखा गया था।

43. परिभाषा से, संवैधानिक सरकार का अर्थ है **[UPSC 2020]**
(a) विधान मंडल द्वारा सरकार
(b) लोकप्रिय सरकार
(c) बहु-दलीय सरकार
(d) सीमित सरकार

**उत्तर: (d)** परिभाषा से संवैधानिक सरकार एक सीमित सरकार है। जब तक सरकारें सीमित नहीं होंगी, जनता को सही मायने में स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती।

DISHA Publication Inc.

44. मध्यप्रदेश के निम्नांकित राज्यपालों में से कौन भारत की संविधान सभा के सदस्य नहीं रहे हैं? **[MPPSC 2021]**
1. एच. वी. पाटस्कर
2. निरंजन नाथ वान्चू
3. सत्यनारायण सिन्हा
4. के. सी. रेड्डी

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए:

**कूटः**
(a) केवल 1 व 2 सही हैं
(b) केवल 2 व 3 सहीं हैं
(c) केवल 1 व 4 सही हैं
(d) केवल 3 व 4 सही हैं

**उत्तरः (b)**
- निरंजन नाथ वान्चू और सत्य नारायण सिंहा संविधान सभा के सदस्य नहीं थे।
- हरि विनायक पाटस्कर एवं केसी संविधान सभा के सदस्य थे।
- H.V. पाटस्कर में गंभीरतम विवादों को हल कने की असाधारण क्षमता थी।

45. भारत शासन अधिनियम, 1935 के तहत प्रस्तावित संघीय प्रणाली थी। **[MPPSC 2021]**
(a) अखिल भारतीय संघ
(b) भारत संघ
(c) संयुक्त भारत
(d) भारतीय परिसंघ

**उत्तरः (a)**
- भारत शासन अधिनियम 1935 में प्रांतों में द्वैध शासन की समाप्ति तथा भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान था।
- इस अधिनियम के तहत ब्रिटिश प्रांतों एवं देशी रियासतों को मिलाकर अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान था।

46. जवाहरलाल नेहरू ने भारत की संविधान सभा की किस बैठक में उद्देश्य प्रस्ताव रखा था? **[MPPSC 2021]**
(a) दूसरी (b) तीसरी
(c) चौथी (d) पाँचवी

**उत्तरः (b)**
- संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 इसमें सच्चितानंद सिंहा को अस्थाई अध्यक्ष चुना गया।
- संविधान सभा की दूसरी बैठक 11 दिसंबर, 1946 को हुई जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद को स्थाई अध्यक्ष चुना गया।
- संविधान सभा की तीसरी बैठक 13 दिसंबर 1946 को हुई जिसमें जवाहर लाल नेहरू ने उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा यही बाद में भारत के संविधान की प्रस्तावना का रूप लिया।

47. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत के संविधान की विशेषता **नहीं** है? **[NDA 2021-II]**
(a) यह मूल नियमों का एक समुच्चय (सेट) प्रदान करता है।
(b) यह सरकार की शक्ति को विनिर्दिष्ट करता है।
(c) यह देश की सर्वोच्च विधि है।
(d) यह न्यायपालिका की सर्वोच्चता को विनिर्दिष्ट करता है।

**उत्तरः (d)** न्यायपालिका की सर्वोच्चता भारत के संविधान की विशेषता नहीं है, बल्कि संविधान में न्यायपालिका की स्वतन्त्रता का वर्णन किया गया है। इसके तहत भारतीय संविधान एक स्वतन्त्र न्यायपालिका की व्यवस्था करता है जो निश्चित करती है कि देश का शासन संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार चलाया जा रहा है।

48. इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट (भारतीय परिषद अधिनियम), 1861 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं? **[NDA 2021-II]**
1. इसने कानून बनाने के प्रयोजन से गवर्नर जनरल की परिषद का विस्तार किया।
2. गवर्नर जनरल सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने के लिए प्राधिकृत नहीं था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तरः (a)** इण्डियन कॉउन्सिल एक्ट 1861 की विशेषताएँ निम्न हैंगवर्नर-जनरल की कार्य कारिणी परिषद् का विस्तार किया गया। लॉर्ड कैनिंग द्वारा विभागीय प्रणाली का प्रारम्भ हुआ। गवर्नर-जनरल को पहली बार अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान की गई।

49. भारत की संसद (पार्लियामेंट) मुख्यत: किस मॉडल पर आधारित है? **[NDA 2020–I]**
(a) जर्मन पार्लियामेंट
(b) ब्रिटिश पार्लियामेंट
(c) अमरीकी (अमेरिकन) कांग्रेस
(d) फ्रेंच पार्लियामेंट

**उत्तरः (b)** भारत ने ब्रिटिश वेस्ट मिंस्टर मॉडल के अनुरूप सरकार के संसदीय स्वरूप को अपनाया है। संसदीय प्रणाली को कैबिनेट प्रणाली जिम्मेदार सरकार या प्रधानमंत्री मॉडल के रूप मे भी जाना जाता है। भारत की संसद मुख्यत: ब्रिटिश संसद के मॉडल पर आधारित है।

50. स्वतंत्र भारत में योजना बनाने का विचार कहाँ से लिया गया था? **[NDA 2020–I]**
(a) बॉम्बे प्लान
(b) किसानों द्वारा की गई माँग
(c) कामगार संघों (वर्कर्स यूनियनों) द्वारा की गई माँग
(d) भारत के भविष्य के संबंध में गाँधीवादी दृष्टिकोण

**उत्तरः (a)** 1944 में मुम्बई के 8 उद्योग पतियों ने 15 वर्षीय पूंजी वादी योजना पेश की, जिसे बॉम्बे प्लान कहा गया। बॉम्बे योजना देश के लिए एक नियोजित अर्थ व्यवस्था की स्थापना के लिए कुछ बड़े उद्योगपतियों की एक संयुक्त पहल थी, क्योंकि हर निवेशक या उद्योगपति एक खुली अर्थव्यवस्था को पसंद करता है जहां राज्य का नियंत्रण न्यूनतम हो।

51. 'संविधान की मूल संरचना' की अवधारणा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किस वाद में प्रतिपादित की गई थी? **[UPPCS 2022 - I]**
(a) यूसूफ बनाम बम्बई राज्य – 1954 में
(b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य – 1967 में
(c) चित्रलेखा बनाम मैसूर राज्य – 1964 में
(d) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य – 1973 में

**उत्तरः (d)** 1973 में केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय की 13 न्यायाधीशों की पीठ ने अपने संवैधानिक रुख में संशोधन करते हुए कहा कि संविधान संशोधन के अधिकार पर एकमात्र प्रतिबंध यह है कि इसके माध्यम से संविधान के मूल ढांचे को क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए।

52. भारत सरकार अधिनियम 1919 में, प्रांतीय सरकार के कार्य "आरक्षित (रिजर्व)" और "अंतरित (ट्रांसफर्ड)" विषयों के अंतर्गत बाँटे गये थे। निम्नलिखित में कौन-से "आरक्षित" विषय माने गए थे? **[UPSC 2022]**

1. न्याय प्रशासन
2. स्थानीय स्वशासन
3. भू-राजस्व
4. पुलिस

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

**उत्तर: (c)** 'स्थानीय स्वशासन' को 'अंतरित सूची' में शामिल किया गया था। अत:, केवल संभावित विकल्प (c) है। इसे हल करने की एक छोटी सी तरकीब यह है कि बताए गए सभी विषयों पर गौर करें- न्याय प्रशासन, स्थानीय स्वशासन, भू-राजस्व और पुलिस। स्थानीय स्वशासन के अलावा, अन्य तीन स्पष्ट रूप से रणनीतिक प्रकृति के हैं जिन्हें ब्रिटिश स्थानीय राजनीतिक इकाइयों को सौंपना नहीं चाहेंगे।

53. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर आखिरी गतिविधि तक- **[UPPCS 2023]**

(I) प्रारूप समिति की नियुक्ति
(II) भारतीय संविधान को अंगीकृत और अधिनियमित किया
(III) भारतीय संविधान के प्रवृत्त होने की तिथि
(IV) संविधान सभा की प्रथम बैठक

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

(a) III, II, II, IV  (b) IV, I, III, II
(c) IV, I, II, III  (d) I, II, IV, III

**उत्तर: (c)** • संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई थी।
• 29 अगस्त 1947: डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के अध्यक्ष के रूप में मसौदा समिति नियुक्त की गई।
• गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को अपनाया था।
• भारतीय संविधान के प्रारंभ होने की तिथि 26 जनवरी, 1950 है।

54. पंचायती राज पर अशोक मेहता समिति प्रतिवेदन (1977) की प्रमुख सिफारिशों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है/ हैं? **[UPPCS 2023]**

(1) पंचायती राज के तीन स्तरीय व्यवस्था के स्थान पर द्विस्तरीय व्यवस्था होनी चाहिए।
(2) राज्य स्तर के नीचे पर्यवेक्षण हेतु खण्ड को विकेन्द्रीकरण का प्रथम बिन्दु माना जाना चाहिए।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

कूट-

(a) केवल 1  (b) दोनों 1 तथा 2
(c) केवल 2  (d) न तो 1 ना ही 2

**उत्तर: (a)** • पंचायती राज की 3-स्तरीय प्रणाली को 2-स्तरीय प्रणाली द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए: जिला स्तर पर जिला परिषद, और उसके नीचे मंडल पंचायत जिसमें 15000 से 20000 की आबादी वाले गांवों का एक समूह शामिल है।
• राज्य स्तर के नीचे लोकप्रिय पर्यवेक्षण के तहत विकेंद्रीकरण के लिए एक जिला पहला बिंदु होना चाहिए।
• जिला परिषद को कार्यकारी निकाय होना चाहिए और जिला स्तर पर नियोजन के लिए जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए।
• पंचायत चुनाव के सभी स्तरों पर राजनीतिक दलों की आधिकारिक भागीदारी होनी चाहिए।

55. डॉ. राजेंद्र प्रसाद के कार्यभार संभालने से पहले संविधान सभा के अस्थायी सभापति कौन थे? **[UPSC Pre. 2024]**

(a) सी. राजगोपालाचारी  (b) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(c) टी. टी. कृष्णमाचारी  (d) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

**उत्तर: (d)** डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा संविधान सभा के पहले अध्यक्ष थे। 11 दिसंबर, 1946 को राजेंद्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष चुना गया। इसलिए, **विकल्प (d) सही उत्तर है।**

56. भारत के संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं? **[UPSC Pre. 2024]**

1. नगरपालिकाओं की शक्तियाँ संविधान के भाग 9-क में दी गई हैं।
2. आपात उपबंध संविधान के भाग 18 में दिए गए हैं।
3. संविधान के संशोधन से संबंधित उपबंध संविधान के भाग 20 में दिए गए हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 2  (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3  (d) 1, 2 और 3


**उत्तर: (d) • कथन 1 सही है:** भारत के संविधान का भाग IX A, जिसमें अनुच्छेद 243P से 243ZG शामिल हैं, नगरपालिकाओं से संबंधित है।
• **कथन 2 सही है:** संविधान का भाग XVIII, जिसमें अनुच्छेद 352 से 360 शामिल हैं, आपातकालीन प्रावधानों से संबंधित है।
• **कथन 3 सही है:** संविधान के भाग XX में अनुच्छेद 368 संविधान और इसकी प्रक्रियाओं में संशोधन करने की संसद की शक्ति से संबंधित है। इसलिए, विकल्प (d) सही उत्तर है।

DISHA Publication Inc.

# अध्याय 4.1

# भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना

1. आलेख में उत्पाद जीवन चक्र प्रारम्भ से समाप्ति तक दिखाया गया है। सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–




| **सूची-I (अवस्था)** | | **सूची-II (क्षेत्र)** | |
|---|---|---|---|
| A. | उत्पाद | B. | परिपक्वता |
| C. | संवृद्धि | D. | प्रारम्भन |

**कूट:**

(a) A- 1; B- 4; C- 2; D- 3 (b) A- 1; B - 4; C-3; D-2
(c) A - 4; B-1; C-2; D-3 (d) A- 4; B- 1; C-3; D-2

**उत्तर: (b)** उपरोक्त आलेख में संकेत 1, 2, 3, 4 से दर्शायी गई अवस्था इस प्रकार है:–

| **संकेत** | | **सूची-II (अवस्था)** |
|---|---|---|
| 1 | – | उत्पादन |
| 2 | – | प्रारम्भन |
| 3 | – | संवृद्धि |
| 4 | – | परिपक्वता |

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राष्ट्रीय नवीकरण निधि का उद्देश्य है?
(a) उद्योगों का प्रौद्योगिकीय उन्नयन होने अथवा बीमार इकाइयों के बन्द हो जाने से प्रभावित हुए कामगारों के हितों की सुरक्षा करना
(b) अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर को विकसित करना
(c) ऊर्जा, परिवहन, संचार और सिंचाई जैसी आधारित संरचना के विकास करने हेतु
(d) मानव संसाधन विकास, जैसे कि पूर्ण साक्षरता, रोजगार, जनसंख्या नियंत्रण, आवासन और पेय जल हेतु

**उत्तर: (a)** राष्ट्रीय नवीनीकरण निधि की संकल्पना 1991 में नई औद्योगिक नीति के माध्यम से की गई थी। सरकार ने औपचारिक रूप से राष्ट्रीय नवीनीकरण निधि की स्थापना फरवरी 1992 में एक सरकारी अधिसूचना द्वारा की।

3. आर्थिक विकास से सम्बद्ध जनांकिकीय संक्रमण की निम्नलिखित विशिष्ट अवस्थाओं पर विचार कीजिए:
1. निम्न मृत्यु-दर के साथ निम्न जन्म-दर
2. उच्च मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर
3. निम्न मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर

नीचे दिए गए कूटों की सहायता से उपर्युक्त अवस्थाओं का सही क्रम चुनिए:

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 1, 3
(c) 2, 3, 1 (d) 3, 2 1

**उत्तर: (c)** आर्थिक विकास से सम्बद्ध जनांकिकीय संक्रमण की अवस्थाओं का सही क्रम निम्न हैं–
1. उच्च मृत्यु-दर के साथ निम्न जन्म-दर
2. निम्न मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर
3. निम्न मृत्यु-दर के साथ उच्च जन्म-दर

4. सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोतरी निम्नलिखित में से किस/किन कारण/कारणों से हो सकती है/हैं?
1. द्रव्य की पूर्ति में वृद्धि
2. उत्पादन के समग्र स्तर में गिरावट
3. प्रभावी माँग में वृद्धि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)** सामान्य कीमत स्तर में बढ़ोतरी मुद्राओं के पूर्ति में वृद्धि से होती है। मुद्राओं के मूल्यों में गिरावट आ जाती है जिससे लोगों की क्रयक्षमता कम हो जाती है। प्रभावी माँग में भी वृद्धि होती है जब मुद्रास्फीति का दौड़ चलता है।

5. निगम कर का–
(a) उद्ग्रहण (Levied) और विनियोजन (Appropriate) राज्य करते हैं
(b) उद्ग्रहण संघ करता है और संग्रहण तथा विनियोजन राज्य करते हैं
(c) उद्ग्रहण संघ करता है, उसका सहभाजन संघ तथा राज्य करते हैं
(d) उद्ग्रहण संघ करता है और वही पूर्णतः उसका स्वामी होता है

**उत्तर: (d)** निगम कर या प्रौद्योगिक इकाइयों पर लगा Corporation tax केंद्रीय सरकार द्वारा लगाया जाता है। इसको एकत्रित और विनियोजित भी केन्द्रीय सरकार करती है। यह एक प्रत्यक्ष कर है।

6. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर प्रकाशित किया जाता है–
(a) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा
(b) भारतीय योजना आयोग द्वारा
(c) भारतीय सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा
(d) भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय द्वारा

**उत्तर: (c)** भारत सरकार का वित्त मंत्रालय विगत् वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की समीक्षा करता है तथा महत्त्वपूर्ण वार्षिक दस्तावेज के रूप में आर्थिक सर्वेक्षण प्रकाशित करता है। इसमें प्रमुख कार्यक्रमों का सार रहता है।

7. किसी देश को ऋण जाल में फँसा हुआ कहा जा सकता है, यदि–
(a) उसे अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा लगाई गई शर्तों का पालन करना पड़ता है
(b) उसे बकाया कर्ज पर ब्याज के भुगतान के लिए ऋण लेना पड़ता है
(c) विदेशी ऋणदाताओं ने उसे ऋण अथवा सहायता देने से इनकार कर दिया है
(d) विश्व बैंक बकाया ऋण के साथ-साथ नये ऋणों पर ब्याज की बहुत अधिक दर वसूल करता है

**उत्तर: (b)** एक देश ऋण जाल में तब फँसता है जब उसे मूल और सूद के भुगतान के लिये बाजार से और कर्ज लेना पड़ता है। इस समय विश्व में 21 देश लिये हुये कर्ज को चुकाने में असमर्थ हैं। इनमें ग्रीस, इटली और स्पेन सम्मिलित हैं।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के ऋण का एक प्रकार नहीं हैं। **[SSC Sub. Inspector 2017]**
   (a) ऋण का राशन
   (b) सीधी कार्यवाही
   (c) खुले बाजार के कार्यकलाप
   (d) परिवर्तनीय लागत आरक्षित निधि अनुपात

**उत्तर: (d)** परिवर्तनीय लागत आरक्षित निधि अनुपात भारत के ऋण का कोई प्रकार नहीं है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा सूक्ष्म आर्थिक चर का एक उदाहरण है? **[SSC Sub. Inspector 2017]**
   (a) राष्ट्रीय आय (b) सकल आपूर्ति
   (c) रोजगार (d) उपभोक्ता संतुलन

**उत्तर: (d)** उपभोक्ता संतुलन सूक्ष्म आर्थिक चर का एक उदाहरण है।

10. 'सामान्य संतुलन सिद्धांत' किसने प्रतिपादित किया था? **[SSC Multitasking 2017]**
   (a) जे. एम. कीन्स (b) लिऑन वालरस
   (c) डेविड रिकार्डो (d) एडम स्मिथ

**उत्तर: (b)** लिऑन वालरस एक फ्रांसीसी अर्थशास्त्री थे। सन् 1874 में उन्होंने सामान्य संतुलन सिद्धांत का प्रतिपादन किया।

11. आपूर्ति वक्र के साथ-साथ चलने को ------ कहते हैं। **[SSC CHSL 2017]**
   (a) आपूर्ति में संकुचन
   (b) आपूर्ति में विस्तार
   (c) आपूर्ति में बढ़ोत्तरी
   (d) आपूर्ति में विस्तार तथा संकुचन

**उत्तर: (d)** अन्य बातों की समानता रहने पर, जब किसी वस्तु की कीमत बढ़ने पर उसकी पूर्ति में वृद्धि हो जाती है। इस स्थिति को पूर्ति का विस्तार कहा जाता है। जब किसी वस्तु की कीमत कम हो जाती है तो इस कमी की पूर्ति को संकुचन कहा जाता है।

12. वर्ष 1933 में अर्थशास्त्र में 'माइक्रो' और 'मैक्रो' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
   (a) रगनार फ्रिस्क (b) आई. फिशर
   (c) जेम्स टोबिन (d) गर्ली

**उत्तर: (a)** वर्ष 1933 में अर्थशास्त्र में माइक्रो और मैक्रो शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 'रगनार फ्रिस्क' ने किया था। इनको वर्ष 1969 में अर्थशास्त्र विज्ञान में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

13. अन्य बातें समान होने पर किसी वस्तु की माँग की मात्रा में कमी किस कारण से हो सकती है?
   (a) उस वस्तु की कीमत में वृद्धि
   (b) उपभोक्ता की आय में वृद्धि
   (c) उस वस्तु की कीमत में गिरावट
   (d) उपभोक्ता की आय में गिरावट

**उत्तर: (c)** 'अन्य बातें समान होने' का तात्पर्य है कि उक्त परिस्थिति किसी विशेष वस्तु से संबंधित है। यहाँ कीमत में गिरावट से तात्पर्य मूल्यह्रास न होकर वस्तु की उपयोगिता में गिरावट से है। ऐसी स्थिति में वस्तु विशेष की कीमत में गिरावट से उस वस्तु की माँग में कमी हो सकती है।

14. निम्नलिखित में से क्या उपभोक्ता अर्द्ध-टिकाऊ वस्तुएँ हैं?
   (a) कार और टेलीविजन सेट
   (b) दुग्ध और दुग्ध उत्पाद
   (c) खाद्यान्न और अन्य खाद्य उत्पाद
   (d) पंखा और बिजली की इस्त्री जैसे विद्युत उपकरण

**उत्तर: (c)** खाद्यान्न एवं अन्य खाद्य उत्पाद वस्तुओं का जल्द जैविक अपघटन हो जाता है तथा प्रयोग के लायक नहीं रह पातीं, अत: ऐसे पदार्थ अर्द्ध-टिकाऊ होते हैं। विकल्प (a) और (d) में उल्लिखित वस्तुएँ जल्द नष्ट नहीं होतीं। दुग्ध और दुग्ध उत्पादों को प्रशीतकों का प्रयोग कर इनके प्रयोग की अवधि को बढ़ाया जा सकता है।

15. उपभोक्ता को अधिकतम सन्तुष्टि उस बिन्दु पर मिलती है, जहाँ यह हो
   (a) सीमान्त उपयोगिता < कीमत
   (b) सीमान्त लागत = कीमत
   (c) सीमान्त उपयोगिता = कीमत
   (d) सीमान्त उपयोगिता > कीमत

**उत्तर: (d)** किसी वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई के उपभोग से कुल उपयोगिता में होने वाली वृद्धि को सीमांत उपयोगिता कहा जाता है तथा किसी वस्तु में मानवीय आवश्यकताओं को संतुष्ट करने की क्षमता को उपयोगिता कहा जाता है। अत: जब किसी वस्तु की सीमान्त उपयोगिता उसकी कीमत से अधिक होती है तो उससे अधिकतम संतुष्टि की प्राप्ति होती है।

16. उत्पादन फलन किसके बीच सम्बन्ध है?
   (a) उत्पादन और उत्पादक कारक
   (b) उत्पादन और आय
   (c) उत्पादन और लाभ
   (d) उत्पाद और कीमतें

**उत्तर: (a)** उत्पादन फलन, उत्पादन और उत्पादन कारक के मध्य संबंध है। उत्पादन फलन उत्पत्ति के साधनों एवं उत्पादन के भौतिक मात्रात्मक संबंध को बताता है। वस्तुत: उत्पादन फलन एक अभियांत्रिक धारणा है। उत्पादन फलन में उत्पादनों एवं उत्पादन की कीमतों का कोई समावेश नहीं होता।

17. उत्पादन का कोई भी कारक आर्थिक लगान (अधिशेष) अर्जित कर सकता है, जब इसकी आपूर्ति इस प्रकार की होगी
   (a) पूर्ण बेलोच (b) लोचदार स्वरूप की
   (c) पूर्ण लोचदार (d) ये सभी


**उत्तर: (b)** आपूर्ति वस्तु की वह मात्रा है, जिसे नियत समय में दिए गए दाम पर उत्पादक या विक्रेता बेचने के लिए तैयार रहता है। जब उत्पादन का कोई भी कारक आर्थिक लगान (अधिशेष) अर्जित करता है तो उसकी आपूर्ति लोचदार स्वरूप की होती है।

18. मूल्य और उत्पाद किसके बिना बाजार ढाँचे में निर्धारक तत्व होते हैं?
   (a) एकाधिकार (b) पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा
   (c) अल्पाधिकार (d) एकक्रेताधिकार

**उत्तर: (d)** मूल्य और उत्पादन का बाजार ढाँचे में एकाक्रेताधिकार का निर्धारण नहीं होता है। एकाधिकार, पूर्णप्रतिस्पर्द्धा एवं अल्पाधिकार में मूल्य एवं उत्पादन का योगदान होता है।

19. आपूर्ति की मात्रा में वृद्धि किसे दर्शाती हैं?
   (a) आपूर्ति वक्र के दक्षिण पन्थी अन्तरण
   (b) आपूर्ति वक्र के वामपन्थी अन्तरण
   (c) आपूर्ति वक्र की ऊर्ध्व प्रवृत्ति
   (d) आपूर्ति वक्र की अधोप्रवृत्ति

**उत्तर: (b)** आपूर्ति बढ़ाने पर आपूर्ति वक्र का वामपंथी अंतरण होता है।




20. किसी परिवार द्वारा निजी उपयोग के लिए मक्खन, घी तैयार करना किसका भाग है?
   (a) खपत (b) निजी लेखा निर्माण
   (c) घरेलू पूँजी निर्माण (d) औद्योगिक उत्पादन

**उत्तर: (a)** किसी परिवार द्वारा निजी उपयोग के लिए मक्खन, घी तैयार करना खपत के अंतर्गत आता है।

21. उत्पादन गुणक के न्यूनतम भुगतान को क्या कहते हैं?
(a) आभासी लगान (b) किराया
(c) मजदूरी (d) अन्तरण भुगतान

**उत्तर: (a)** आभासी लगान (अर्द्ध किराया) उत्पादन गुणांक के न्यूनतम भुगतान को इंगित करता है। कुल आगम तथा कुल परिवर्तनशील लागतों के अंतर को ही आभासी लगान कहा जाता है। अल्पकाल में परिवर्तनशील लागत से अधिक जितनी आय प्राप्त होती है, वह वस्तुत: स्थित साधनों के सहयोग के कारण होती है तथा यही अतिरिक्त आय आभास लगान है। आभास लगान अल्पकालिक और अस्थायी होता है।

22. आभासी लगान ............... परिघटना है।
(a) मध्यावधिक (b) दीर्घावधिक
(c) अल्वाधिक (d) उपरोक्त में से कोई अवधि नहीं

**उत्तर: (c)** आभास लगान के विचार का प्रतिपादन मार्शल ने किया था। आभास लगान एक अल्पकालीन अस्थायी व्यवस्था है जो दीर्घकाल में समाप्त हो जाता है। आभास लगान का विचार केवल उन साधनों से संबंधित है जिनकी पूर्ति अल्पकाल में तो स्थिर होती है, परन्तु दीर्घकाल में बढ़ाई जा सकती है, जैसे– मशीन। वह आधिक्य जो अल्पकाल में भूमि को छोड़कर मानव निर्मित साधन प्राप्त करते हैं, उसे आभास लगान कहा जाता है।

23. 'स्वर्ण बुलियन मान' का सम्बन्ध किससे है?
(a) असीमित वैध मुद्रा के रूप में सोने का सिक्का
(b) स्वर्ण, मूल्य के माप के रूप में
(c) स्वर्ण का मुक्त टंकण
(d) स्वर्ण के आयात और निर्यात पर कोई पाबन्दी न होना

**उत्तर: (b)** स्वर्णमानक एक मौद्रिक प्रणाली है, जिसमें सोने का एक तय मानक आर्थिक मूल्य की इकाई होती है। इसके अन्तर्गत सोने के सिक्के की ढलाई और उसका प्रसार प्रतिस्थापित रहता है, लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में किसी भी लेन-देन के लिए सोने का लदान अनुमतिजन्य होता है। स्वर्ण बुलियन मान के पांच प्रकारों में से एक है।

24. यदि औसत लागत गिरती है, तो सीमान्त लागत
(a) उच्चतर दर पर बढ़ती है (b) उसी दर पर गिरती है
(c) निम्नतर दर पर बढ़ती है (d) उच्चतर दर पर गिरती है

**उत्तर: (d)** सीमान्त लागत के अन्तर्गत माल के उत्पादन में एक सीमांत (छोटे) परिवर्तन या उत्पादन की एक अतिरिक्त इकाई के परिणाम स्वरूप, सीमांत लागत में वृद्धि है।

25. अर्थशास्त्र क्या है?
(a) कम्प्यूटर विज्ञान (b) भौतिक विज्ञान
(c) समाज विज्ञान (d) प्राकृतिक विज्ञान

**उत्तर: (c)** अर्थशास्त्र एक समाजविज्ञान है, जो वस्तु एवं सेवा के उत्पादन, वितरण तथा उपभोग का विश्लेषण करता है। अर्थशास्त्र के जन्मदाता एडम स्मिथ थे। अर्थशास्त्र को समष्टि (micro) तथा व्यष्टि (macro) में विभाजित किया जाता है।

26. यदि किसी माल की माँग की ऋणात्मक आय लोच है और धनात्मक मूल्य लोच है तो वह कैसा माल है?
(a) निम्नस्तरीय माल (b) सामान्य माल
(c) बढ़िया माल (d) घटिया माल

**उत्तर: (d)** घटिया माल के संदर्भ में किसी माल की मांग की ऋणात्मक आय लोच होती है, साथ ही धनात्मक मूल्य लोच होती है।

27. रॉबिन्स के अनुसार अर्थशास्त्र क्या है?
(a) मानकीय/आदर्श विज्ञान
(b) सकारात्मक विज्ञान
(c) 'a' और 'b' दोनों
(d) कला और विज्ञान दोनों

**उत्तर: (c)** प्रोफेसर रॉबिन्स ने अर्थशास्त्र को सकारात्मक एवं आदर्श विज्ञान माना है। उनकी अर्थशास्त्र की परिभाषा इतनी व्यापक है कि मनुष्य के प्रत्येक कार्य का विवेचन अर्थशास्त्र के अन्दर आ जाता है। उल्लेखनीय है कि रॉबिन्स का अर्थशास्त्र केवल विज्ञान की मानता है। उसमें केवल ऐसे नियमों का विवेचन रहता है जो किसी समय में कार्य-कारण का संबंध बताते हैं। परिस्थितियों में किस प्रकार के पविर्तन होने चाहिए और परिस्थितियों के बदलने के क्या तरीके हैं, इन गंभीर प्रश्नों पर उसमें विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे सब विज्ञान के बाहर हैं।

28. यदि एक घटिया वस्तु की कीमत गिर जाती है, तो उसकी माँग
(a) बढ़ जाती है (b) गिर जाती है
(c) वही बनी रहती है (d) ये सभी

**उत्तर: (b)** किसी घटिया वस्तु की कीमत गिरने पर उसकी माँग भी घटती है क्योंकि उपभोक्ता श्रेष्ठ वस्तुओं का क्रय करता है।

29. आर्थिक लगान से क्या आशय है?
(a) श्रम के उपयोग के बदले में किया भुगतान
(b) पूँजी के उपयोग के बदले में किया भुगतान
(c) संगठन के उपयोग के बदले में किया भुगतान
(d) भूमि के उपयोग के बदले में किया भुगतान

**उत्तर: (d)** आय का वह भाग जो भूपतियों को उनकी भूमि के प्रयोग के बदले दिया जाता है, लगान कहलाता है। डेविड रिकार्डो के अनुसार, "लगान भूमि की उपज का वह भाग है जो भू-स्वामी को भूमि की मौलिक तथा अविनाशी शक्तियों के प्रयोग के बदले दिया जाता है।"

30. किसी अर्थव्यवस्था को उस स्थिति में सन्तुलित कहा जाता है, जब
(a) योजनाबद्ध उपभोग योजनाबद्ध बचत से अधिक होता है
(b) योजनाबद्ध उपभोग योजनाबद्ध निवेश से अधिक होता है
(c) अभिप्रेत निवेश अभिप्रेत बचत के बराबर होता है
(d) अभिप्रेत निवेश अभिप्रेत बचत से अधिक होता है

**उत्तर: (c)** आर्थिक क्रियाओं का संचालन एवं नियंत्रण सरकार के साथ-साथ व्यक्तियों फर्मों एवं निजी संस्थाओं द्वारा भी किया जाता है। जब अभिप्रेत बचत के बराबर होता है, तो ऐसी अर्थव्यवस्था को सन्तुलित अर्थव्यवस्था कहा जाता है।

31. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में कीमत निर्धारित किसके द्वारा होती है?
(a) माँग और पूर्ति (b) सरकारी प्राधिकारी
(c) बाजार में क्रेता (d) बाजार में विक्रेता

**उत्तर: (a)** पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में कीमत का निर्धारण मांग और पूर्ति द्वारा होता है। इस अर्थव्यवस्था में बाजार की महत्ता होती है। बाजार सामाजिक जीवन के केन्द्र में होता है। इसमें निजी क्षेत्र सरकार से अधिक प्रभावशाली स्थिति में होता है।

32. किसी वस्तु की माँग वक्र के अनुसार गतिशीलता किसमें आए परिवर्तन के कारण होती है?
(a) उपभोक्ताओं की आय (b) उनके अपने मूल्य
(c) उपभोक्ताओं की रुचि (d) उपभोक्ताओं की अपेक्षाएँ

**उत्तर: (a)** उपभोक्ता की आय तथा वस्तु की मांग में प्रत्यक्ष संबंध पाया जाता है। अधिक आय के स्तर पर उपभोक्ता वस्तु की मांग में वृद्धि कर देता है। अत: किसी वस्तु की मांग वक्र के अनुसार गतिशीलता उपभोक्ताओं की आय के कारण होती है।

33. वस्तुओं के निम्न युग्मों में से कौन-सा युग्म संयुक्त माँग प्रदर्शित करता है?
(a) कॉफी और चाय (b) घी और तेल
(c) कम्प्यूटर और प्रिण्टर (d) कोका कोला और पेप्सी

**उत्तर: (c)** जब किसी एक उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक साथ दो वस्तुओं की मांग की जाती है, तो उसे संयुक्त मांग कहा जाता है; जैसे- क्रिकेट और बॉल, ब्रेड और बटर आदि। दिए गए विकल्प में कम्प्यूटर और प्रिण्टर सही विकल्प है क्योंकि दोनों वस्तुओं की आवश्यकता एक साथ होती है।

DISHA Publication Inc

34. कॉब-डॉगलस उत्पादन फलन Q = ALaK(1 – a) किस पर आधारित हैं?
(a) मापक का विकासमान प्रतिफल
(b) मापक का ह्रासमान प्रतिफल
(c) मापक का स्थिर प्रतिफल
(d) मापक का अस्थिर प्रतिफल

**उत्तर: (c)** कॉब डगलस के उत्पादन फलन के अनुसार राष्ट्रीय आय में श्रम तथा पूँजी साधनों के सापेक्षिक अंश सदैव स्थिर रहते हैं। इस उत्पादन फलन में केवल दो साधनों एवं पूँजी को ही सम्मिलित किया गया है। यह मापक के स्थिर प्रतिफल पर आधारित हैं।

35. एकाधिकारी किसके आधार पर मूल्य विभेदन का आश्रय लेता है?
(a) माँग का नियम (b) पूर्ति का नियम
(c) पूर्ति लोच (d) माँग लोच

**उत्तर: (d)** एकाधिकार का आशय बाजार की उस स्थिति से होता है, जिसमें एक वस्तु विशेष का अकेला उत्पादक या विक्रेता होता है तथा उस वस्तु की पूर्ति पर पूर्ण नियंत्रण होता है। एकाधिकारी मांग की लोच और स्थानापन्नों की स्थिति के आधार पर मूल्य विभेदन का आश्रय लेता है।

36. इसके अन्तर्गत बिक्री लागत नहीं है
(a) अल्पाधिकार (b) द्वयाधिकार
(c) पूर्ण प्रतियोगिता (d) एकाधिकारी प्रतियोगिता

**उत्तर: (c)** पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत बिक्री लागत नहीं आती है, क्योंकि पूर्ण प्रतियोगिता का तात्पर्य ऐसी स्थिति से है, जिसमें व्यक्तिगत रूप से कोई भी क्रेता या विक्रेता इतना शक्तिशाली नहीं हो कि वह बाजार में प्रचलित मूल्य को प्रभावित कर सके।

37. श्रम विभाजन की धारणा का समर्थन किसने किया था?
(a) कीन्स (b) मार्शल
(c) स्मिथ (d) बाउमोल

**उत्तर: (c)** स्मिथ ने श्रम विभाजन को पूर्णतः प्राकृतिक मानते हुए उसका मुक्त स्वर में समर्थन किया है। यह उसकी वैज्ञानिक दृष्टि और दूरदर्शिता को दर्शाता है। उसके विचारों के आधार पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने मुक्त अर्थव्यवस्था को अपनाया। शताब्दियों बाद भी उसके विचारों की प्रासंगिकता यथावत् बनी हुई है। उत्पादन के भिन्न-भिन्न पहलुओं का विश्लेषण करते हुए स्मिथ ने कहा कि उद्योगों की सफलता में मजदूर और कारीगर का योगदान भी कम नहीं होता। वे अपना श्रम-कौशल का निवेश करके उत्पादन में सहायक बनते हैं।

38. स्पष्ट + अन्तर्निहित लागत =
(a) आर्थिक लागत (b) सामाजिक लागत
(c) निजी लागत (d) लेखा लागत

**उत्तर: (a)** कोई फर्म, किसी वस्तु के उत्पादन हेतु प्रयुक्त उत्पादन के विभिन्न साधनों पर तथा उस वस्तु के बेचने में जो कुल मौद्रिक व्यय करती है, उसे मौद्रिक लागत या आर्थिक लागत कहा जाता है। आर्थिक लागत (मौद्रिक लागत) = व्यक्त या स्पष्ट लागत + अंतर्निहित लागत + सामान्य लाभ।

39. पूर्ण प्रतिस्पर्द्धी बाजार के अन्तर्गत फर्में होती हैं प्रायः
(a) कीमत बनाने वाली (b) कीमत देने वाली
(c) कीमत लेने वाली (d) कीमत नियत करने वाली


**उत्तर: (c)** पूर्ण प्रतिस्पर्द्धी बाजार के अंतर्गत फर्में प्रायः कीमत लेने वाली होती हैं, अर्थात् ऐसे बाजार में फर्में प्रायः उत्पादन के मूल्य का ग्रहीता होती हैं। पूर्ण प्रतिस्पर्द्धी बाजार के अंतर्गत कई कंपनियाँ शामिल होती हैं तथा किसी व्यक्तिगत फर्म का मूल्य निर्धारण में कोई हाथ नहीं रहता।

40. पूर्ण स्पर्द्धा में कीमत-ग्रहीता कौन-सी होती है?
(a) खरीदार (b) उद्योग
(c) सरकार (d) फर्म

**उत्तर: (d)** पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा में कीमत ग्रहीता फर्म होती है। जब प्रत्येक उत्पादक के उत्पादन की मांग पूर्णतया लोचदार होती है, तब पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति आती है। ऐसी स्थिति में कोई एक फर्म या क्रेता बाजार मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है।

41. व्यापार चक्र में होते हैं
(a) पाँच चरण (b) छः चरण
(c) तीन चरण (d) चार चरण

**उत्तर: (d)** आर्थिक क्रियाओं जैसे उत्पादन, रोजगार आदि में होने वाले चक्रीय उतार-चढ़ाव को व्यापार चक्र कहते हैं।




व्यापार चक्र के चार चरण होते हैं- (i) रिकवरी (ii) बूम (iii) रिसेशन (iv) डिप्रेशन।

42. उप-विभाजन और विखण्डन की बुराइयों के लिए प्रभावी उपाय निम्न में से कौन-सा है?
(a) भूमि सुधार (b) काश्तकारी अधिकार
(c) भूमि सीमा (d) चकबन्दी

**उत्तर: (d)** भूमि अथवा खेतों के उपविभाजन तथा विखण्डन की बुराइयों के लिए प्रभावी उपाय चकबन्दी है।

43. निम्नलिखित में से उल्टे 'U' आकार का वक्र कौन-सा है?
(a) औसत लागत (b) सीमान्त लागत
(c) कुल लागत (d) नियत लागत

**उत्तर: (c)** अल्पकाल में फर्म द्वारा वहन की जानेवाली कुल स्थिर लागत और कुल परिवर्ती लागतों का कुल योग ही कुल लागत कहलाता है। इसमें उल्टे 'U' आकार का वक्र बनता है।

44. एकजरी की सीमान्त आय होती है
(a) कीमत से अधिक (b) कीमत के बराबर
(c) कीमत से कम (d) सीमान्त लागत से कम

**उत्तर: (c)** वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई को बेचने से कुल आय में जो परिवर्तन होता है, उसे सीमांत आय कहा जाता है, अर्थात् MR = TRn – TRn–1, एकाधिकारी की सीमान्त आय कीमत से सदैव कम होती है।

45. कराधान एक उपकरण है
(a) मौद्रिक नीति का (b) राजकोषीय नीति का
(c) कीमत नीति का (d) मजदूरी नीति का

**उत्तर: (b)** कराधान राजकोषीय नीति का एक उपकरण है।

46. स्वरूप से अप्रत्यक्ष कर होते हैं
(a) ह्रासमान आरोही (b) क्रम ह्रासमान
(c) क्रम वर्द्धमान (d) समानुपातिक

**उत्तर: (c)** अप्रत्यक्ष कर ऐसे करों को कहा जाता है, जिनका मौद्रिक भार दूसरों पर डाला जाता है अर्थात् करापात किसी और व्यक्ति पर होता है और कराघात किसी और व्यक्ति पर। वस्तुओं के दाम के अनुसार अप्रत्यक्ष कर कम वर्द्धमान कर होते हैं। महँगी वस्तुओं पर अप्रत्यक्ष कर अधिक होता है। अतः स्वरूप से अप्रत्यक्ष कर क्रम वर्द्धमान होते हैं।

47. 'व्यष्टि अर्थशास्त्र' और 'समष्टि अर्थशास्त्र' शब्दों का निर्माण किसने किया था?
(a) अल्फ्रेड मार्शल (b) रेगनर नर्क्स
(c) रेगनर फ्रिश्च (d) जे एम कीन्स

**उत्तर: (c)** रेगनर फ्रिश्च ने 1933 ई. में व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र का व्यापक रूप में प्रयोग किया, जिससे उन्हें प्रसिद्धि प्राप्त हुई। वह नार्वे के अर्थशास्त्री थे और 1969 में अर्थ टिनबर्गन के साथ आर्थिक विज्ञान में पहली नोबेल मेमोरियल पुरस्कार प्राप्त किया।

48. निम्नलिखित किस कारण से एक आवश्यकता माँग बन जाती है?
(a) क्रय क्षमता (b) क्रय की आवश्यकता
(c) क्रय की इच्छा (d) वस्तु की उपयोगिता

**उत्तर: (c)** क्रय की इच्छा, आवश्यकता को मांग में बदल देती है। जब वस्तु की खपत बढ़ जाती है तब उसकी उपयोगिता बढ़ जाती है, जिस कारण आवश्यकता माँग बन जाती है।

49. "ऐसा अर्थशास्त्र जैसा उसे होना चाहिए"- यह कथन निम्नलिखित में से किसके सम्बन्ध में है?
(a) मानक अर्थशास्त्र (b) सकारात्मक अर्थशास्त्र
(c) मुद्रा अर्थशास्त्र (d) राजकोषीय अर्थशास्त्र

**उत्तर: (a)** "ऐसा अर्थशास्त्र जैसा उसे होना चाहिए" - यह कथन मानक अर्थशास्त्र से संबंधित है। सामान्यत: अर्थशास्त्र को दो रूपों- सकारात्मक एवं मानक अर्थशास्त्र के रूप में देखा जाता है। सकारात्मक अर्थशास्त्र का आशय है 'What is' अर्थात् 'क्या है?' जबकि मानक अर्थशास्त्र का आशय है 'What should be' अर्थात् 'क्या होना चाहिए?' मानक अर्थशास्त्र समाज कल्याण से संबंधित है।

50. 'उपभोक्ता प्रभुत्व' का अर्थ है
(a) उपभोक्ता अपनी आय को अपनी इच्छानुसार व्यय करने के लिए स्वतन्त्र है
(b) उपभोक्ताओं के पास अर्थव्यवस्था का प्रबन्ध करने की शक्ति है
(c) उपभोक्ताओं का व्यय संसाधनों के आवण्टन को प्रभावित करता है
(d) उपभोक्ता वस्तुएँ सरकारी नियन्त्रण से मुक्त हैं

**उत्तर: (a)** उपभोक्ता प्रभुत्व से तात्पर्य है कि उपभोक्ता पर किसी प्रकार का नियंत्रण न हो। जब बाजार में स्थानापन्न वस्तुएँ उपलब्ध हों तो उपभोक्ता के पास उन्हें चुनने की आजादी होती है तथा जब वस्तु पर्याप्त मात्रा में एक से अधिक कंपनियों की उपलब्ध हो तो उपभोक्ता प्रभुत्व की स्थिति होती है।

51. उत्पादन के मूल्य और वर्द्धित मूल्य के बीच अन्तर किया जा सकता है, यदि विदित हो
(a) मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य
(b) निवल अप्रत्यक्ष करों का मूल्य
(c) बिक्री का मूल्य
(d) स्थायी पूँजी के उपयोग का मूल्य

**उत्तर: (a)** यदि मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य विदित हो तो उत्पादन के मूल्य और वर्द्धित मूल्य के बीच अंतर किया जा सकता है। वर्द्धित मूल्य = उत्पादन के मूल्य-मध्यवर्ती वस्तु के मूल्य।

52. किस बाजार स्थिति में फर्मो की अधिक्षमता होती है?
(a) पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा (b) एकाधिकारी प्रतिस्पर्द्धा
(c) द्वि-अधिकार (d) अल्पाधिकार

**उत्तर: (a)** पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा बाजार की वह स्थिति है, जिसमें बहुत-से क्रेता और विक्रेता हैं और दोनों ही कीमत स्वीकारक होते हैं। ऐसे बाजार में फर्मो की अधिक्षमता होती है। फर्मो को बाजार में प्रवेश और बहिर्गमन की पूर्ण स्वतंत्रता होती है तथा विक्रेता बाजार कीमत पर चाहे जितनी वस्तुएँ बेच सकता है और क्रेता चाहे जितनी वस्तुएँ खरीद सकता है। ऐसे बाजार में फर्म का मांग वक्र पूर्णयता लोचदार होता है।

53. वर्ष 2015-16 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा दर्ज की गई 7.6% की वृद्धि दर का आधार क्या है?
(a) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(b) स्थिर कीमतों पर सकल अतिरिक्त मूल्य
(c) बाजार कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद
(d) स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद

**उत्तर: (d)** वर्ष 2015-16 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा दर्ज की गयी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद पर आधारित था। इसे केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यक्रम ने 31 मई 2016 को जारी किया था।

54. भारत में नयी GDP शृंखला के आधार वर्ष को 2004-05 से निम्न में से किस वर्ष के लिए स्थानांतरित किया गया है?
(a) 2007-08 (b) 2008-09
(c) 2010-11 (d) 2011-12

**उत्तर: (d)** भारत में नयी GDP शृंखला के आधार वर्ष को 2004-05 से 2011-12 में स्थानांतरित किया है। इस नए आधार वर्ष को सरकार ने पहली बार मार्च 2017 के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और अप्रैल 2017 के थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए।

55. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (घाटे का प्रकार)** | **सूची-II (व्याख्या)** |
|---|---|
| A. वित्तीय घाटा | 1. कुल व्यय - राजस्व प्राप्तियाँ एवं ऋणरहित पूँजीगत प्राप्तियाँ |
| B. राजस्व घाटा | 2. राजस्व व्यय - राजस्व प्राप्तियाँ |
| C. प्रभावी राजस्व घाटा | 3. राजस्व घाटा - पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सर्जन हेतु अनुदान |
| D. प्राथमिक घाटा | 4. वित्तीय घाटा - ब्याज भुगतान |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर: (a)** वित्तीय घाटा = कुल व्यय - राजस्व प्राप्तियां एवं ऋणरहित पूंजीगत प्राप्तियां
राजस्व घाटा = राजस्व व्यय - राजस्व प्राप्तियां
प्रभावी राजस्व घाटा = राजस्व घाटा - पूँजीगत परिसंपत्तियों के सर्जन हेतु अनुदान
प्राथमिक घाटा = वित्तीय घाटा - ब्याज भुगतान

56. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा एक, अर्थशास्त्र में प्रतिरोधी संव्यवहार द्वारा जोखिम के परिहार की तकनीक के लिए प्रयुक्त होता है?
(a) बाजार पाटना
(b) हेजिंग करना
(c) बट्टेदारी (डिस्काउन्टिंग) करना
(d) अवस्फीति करना

**उत्तर: (b)** जो भारतीय कारोबारी आयात-निर्यात के व्यवसाय में हैं, वे फ्यूचर्स और ऑप्संश जैसे 'हेजिंग प्रोडक्ट' का इस्तेमाल कर इंटरनेशनल कमोडिटी एक्सचेंज में खुद को जोखिम से सुरक्षित कर सकते हैं। हेजिंग एक तकनीक या रणनीति है जो बाजार में अस्थिरता से बचने या संभावित निवेश जोखिम या हानि के विरुद्ध किसी अन्य निवेश या पोर्टफोलियो को बचाने के लिए डिजाइन किए गए निवेश के एक रूप में काम आती है। चूंकि इस तरह के सौदों में विदेशी मुद्रा का लेन-देन होता है इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक इस संबंध में नियम बनाता है और यह तय करता है कि किन-किन वस्तुओं के लिए हेजिंग की अनुमति है और किसके लिए नहीं।

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
  1. कराधान का भुगतान के सामर्थ्य का सिद्धांत यह मानता है कि लोग करों की जिस राशि का भुगतान करते हैं, वह उनके आय या संपत्ति के सापेक्ष होनी चाहिए।
  2. कराधान का हित-लाभ सिद्धांत यह बताता है कि व्यक्तियों पर कर, सरकारी कार्यक्रमों से उन्हें मिलने वाले हित-लाभ के अनुपात में लगाया जाना चाहिए।
  3. वर्धमान कर धनी परिवारों से कर का जितना भाग लेता है, निर्धन परिवारों से उसकी अपेक्षा अधिक भाग प्राप्त करता है।
  4. अप्रत्यक्ष करों का लाभ यह है कि वे अपेक्षाकृत सस्ते होते हैं और आसानी से उगाहे जाते हैं

  नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
  (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4
  (c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)** कराधान का भुगतान के सामर्थ्य का सिद्धांत यह मानता है कि लोग करों कि जिस राशि का भुगतान करते हैं वह उनके आय संपत्ति के सापेक्ष होनी चाहिए।

58. भारत में 'उत्प्रवाही द्रव्य (हॉट मनी)' शब्द किसके संदर्भ में प्रयुक्त किया जाता है?
  (a) मुद्रा + आर. बी. आई. में आरक्षित निधि
  (b) शुद्ध जी. डी. आर.
  (c) शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
  (d) विदेशी पोर्टफोलियो निवेश

**उत्तर: (d)** इस शब्द को मुख्य रूप से पूंजी के शार्ट टर्म प्रवाह के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इससे किसी भी देश में बहुत जल्दी से पूंजी का इन फ्लो या आउट फ्लो हो सकता है। हॉट मनी वह धन होता है जिसका प्रवाह एक देश से दूसरे देश में होता है और इसका इस्तेमाल छोटी अवधि के लाभ लेने के लिए किया जाता है।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत में सेवा क्षेत्रक का एक भाग नहीं है?
  (a) परिवहन (b) निर्माण
  (c) होटल और रेस्तराँ (d) बीमा

**उत्तर: (b)** निर्माण भारत में सेवा क्षेत्र का एक भाग नहीं है। जबकि परिवहन, होटल और रेस्तरां और बीमा सेवा क्षेत्र के तहत आते हैं।

60. नम्य विनिमय दर पद्धति के अधीन, विनिमय दर किसके द्वारा/किस रूप में निर्धारित होती है?
  (a) प्रधानतः बाजार तंत्र द्वारा
  (b) केंद्रीय बैंक द्वारा
  (c) किसी मुद्रा-समूह के भारित सूचकांक के रूप में
  (d) विश्व व्यापार संगठन द्वारा

**उत्तर: (a)** नम्य विनिमय दर पद्धति के आधीन विनिमय दर प्रधानतया बाजार तंत्र द्वारा निर्धारित होती है।

61. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत सरकार के सकल कर राजस्व (GTR) का मुख्य स्रोत है?
  (a) आयकर (b) निगम-कर
  (c) सीमा-शुल्क (d) सेवा-कर

**उत्तर: (b)** कॉरपोरेट टैक्स (निगम कर) कंपनियों पर लगाया जाता है। यह किसी प्राइवेट, लिमिटेड, लिस्टेड व अनलिस्टिड सभी तरह की कंपनियों पर लगाया जाता है। कॉरपोरेट टैक्स सरकार के हर साल के रेवेन्यू का एक अहम जरिया होता है।

62. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, प्रगामी कर संरचना को निरूपित करता है?
  (a) कर दर सभी आयों में समान है
  (b) कर दर आय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ बढ़ती जाती है
  (c) कर दर आय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ घटती जाती है
  (d) प्रत्येक परिवार कर की समान राशि का भुगतान करता है

**उत्तर: (b)** प्रगामी कर संरचना के अंतर्गत कर की दर आय में बढ़ोतरी के साथ-साथ बढ़ती जाती है।

63. मिश्रित अर्थव्यवस्था का तात्पर्य वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें
  (a) राज्य द्वारा कृषि और उद्योग दोनों को ही समान रूप से प्रोत्साहित किया जाए
  (b) प्राइवेट सेक्टर के साथ-साथ पब्लिक सेक्टर का सह अस्तित्व हो
  (c) भारी उद्योगों के साथ-साथ लघु उद्योगों का महत्व हो
  (d) अर्थव्यवस्था पर सैनिक के साथ-साथ नागरिक शासकों का नियन्त्रण हो

**उत्तर: (c)** एक मिश्रित अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो अलग-अलग मार्केट एवं आर्थिक योजनाओं का मिश्रण है, जिसमें निजी क्षेत्र और राज्य अर्थव्यवस्था का निर्देशन करते हैं; या फिर एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें सार्वजनिक स्वामित्व तथा निजी स्वामित्व का मिश्रण हो; या जिसमें आर्थिक हस्तक्षेपवाद का मिश्रण मुक्त मार्केट सहित हो। अधिकांश मिश्रित अर्थव्यवस्था मार्केट अर्थव्यवस्था हैं जो प्रबल विनियामक निरीक्षण एवं सार्वजनिक वस्तुओं का सरकारी प्रावधान के आधार पर चलते हैं।

64. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, 'अभिहित पूँजी' का क्या निहितार्थ है?
  (a) पूँजी का वह हिस्सा, जो संदाय के लिए माँग लिया गया है।
  (b) किसी कम्पनी की शेयर पूँजी की अधिकतम रकम
  (c) पूँजी का वह हिस्सा, जो कम्पनी ने अपने शेयरधारकों से प्राप्त किया है
  (d) वह पूँजी, जो कम्पनी समय-समय पर अभिदान के लिए जारी करती है।

**उत्तर: (b)** कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, 'अभिहित पूँजी' से तात्पर्य किसी कम्पनी की शेयर पूँजी की अधिकतम रकम से है।

65. किसी देश की आर्थिक वृद्धि की सर्वाधिक उपयुक्त माप है-
  (a) सकल घरेलू उत्पाद (b) शुद्ध घरेलू उत्पाद
  (c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (d) प्रति व्यक्ति उत्पाद

**उत्तर: (d)** प्रति व्यक्ति उत्पाद किसी राष्ट्र/देश की आर्थिक वृद्धि की सर्वाधिक उपयुक्त माप कहलाती है। इसके द्वारा देश में जीवन स्तर को प्रतिबिंबित किया जाता है। प्रति व्यक्ति उत्पाद के आंकड़े सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ)द्वारा जारी किए जाते हैं।

66. निम्न में से कौन-सा एक आर्थिक वृद्धि का परिचायक है?
  (a) वर्ष के दौरान स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि।
  (b) वास्तविक प्रति व्यक्ति आय में सुस्थिर वृद्धि।
  (c) किसी अवधि में चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि।
  (d) जनसंख्या में वृद्धि के साथ राष्ट्रीय आय में वृद्धि।

**उत्तर: (b)** किसी राष्ट्र/देश की अर्थव्यवस्था द्वारा किसी समयावधि में उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं की कुल मात्रा में वृद्धि आर्थिक वृद्धि (Economic growth) को दर्शाता है। आर्थिक वृद्धि से आशय अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं में एक समान स्तर पर वृद्धि से नहीं बल्कि भौतिक उत्पादन में कुल वृद्धि से है।

67. भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अग्रदूत (पायनियर) किसको कहा जाता है?
  (a) डॉ. मनमोहन सिंह (b) पी.वी. नरसिम्हा राव
  (c) डॉ. बिमल जालान (d) पी. चिदंबरम

**उत्तर: (a)** 24 जुलाई, 1991 को नई आर्थिक नीति के तहत उदारीकरण का दौर प्रारंभ हुआ। इस उदारीकरण की नीति को लागू करने का श्रेय डॉ. मनमोहन सिंह को जाता है। इस कारण से इन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अग्रदूत (पायनीयर) कहा जाता है। इस समय भारत के प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव थे।

68. समावेशी संवृद्धि के लिए आवश्यक है–
 (a) अधो-संरचनात्मक सुविधाओं का विकास
 (b) कृषि का पुनरुद्धार
 (c) शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी सामाजिक सेवाओं की अधिकाधिक उपलब्धता
 (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर: (d)** समावेशी संवृद्धि/विकास के लिए आवश्यक है कि अधो-संरचनात्मक सुविधाओं का विकाश हो, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी सामाजिक सेवाओं की अधिकाधिक उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा कृषि का पुनरुद्धार हो सके। समावेशी संवृद्धि सूचकांक 2018 में भारत को 62वां स्थान प्राप्त हुआ है। ये सूचकांक विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यू ई एफ) द्वारा जारी किए जाते हैं।

69. निम्न में से किस एक से समावेशित विकास को बढ़ाने की आशा नहीं की जाती है?
 (a) राष्ट्रीय आय की ऊंची वृद्धि दर
 (b) ग्रामीण विकास
 (c) कृषि विकास
 (d) कृषकों को पर्याप्त साख

**उत्तर:(a)** समावेशी विकास का अर्थ देश के सभी वर्गों के लिए बुनियादी सुविधाओं जैसे- आवास, भोजन, पेयजल, शिक्षा, कौशल, विकास, स्वास्थ्य आदि के अवसर सभी के लिए समान रूप से सुनिश्चित करना है। सरकार ने इस ओर विशेष ध्यान देते हुए मुद्रा बैंक, सेतु योजना और स्किल इंडिया मिशन जैसी नवीनतम योजनाओं को भी प्रारंभ किया है।

70. निम्नलिखित में से कौन एक तृतीयक क्रिया-कलाप है?
 (a) वानिकी (b) विनिर्माण
 (c) कृषि (d) विपणन

**उत्तर: (d)** विपणन उन व्यवसायिक क्रियाओं का निष्पादन करना है, जो उत्पादक से उपभोक्ता के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं के प्रवाह का नियमन करता है। इसमें परिवहन, संचार, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, बाजार अनुसंधान, भंडारण आदि शामिल हैं। विपणन एक ऐसा व्यवसायिक कार्य है जो लक्षित बाजार को कंपनी व उसके उत्पादों के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ एवं मूल्य के संबंध में जानकारी देता है।

71. भारत में निम्न में से कौन राजकोषीय नीति निरूपित करता है?
 (a) वित्त मंत्रालय (b) वित्त आयोग
 (c) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (d) योजना आयोग

**उत्तर: (a)** भारत में राजकोषीय नीति का निरूपण वित्त मंत्रालय के द्वारा किया जाता है। इस नीति में किसी राष्ट्र / देश की सरकार अपने व्यय तथा आगम को कार्यक्रम के राष्ट्रीय आय, उत्पादन तथा रोजगार वांछित प्रभाव को डालने और अवांछित प्रभावों को रोकने का प्रयास करती है।

72. वार्षिक आर्थिक समीक्षा को तैयार करने के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है?
 (a) योजना मंत्रालय (b) वित्त मंत्रालय
 (c) भारतीय रिर्जव बैंक (d) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन

**उत्तर: (b)** आर्थिक समीक्षा बजट से पहले वित्त मंत्रालय द्वारा पेश की जाने वाली आधिकारिक रिपोर्ट होती है। जो देश की आर्थिक स्थिति की दशा और दिशा को इंगित करती है। यह रिपोर्ट बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत की जाती है।

73. सरकारी व्यय को नियंत्रित करने का प्राधिकारी है–
 (a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) योजना आयोग
 (c) वित्त मंत्रालय (d) वित्त आयोग

**उत्तर: (c)** वित्त मंत्रालय केन्द्र सरकार के वित्तीय प्रशासन, विभिन्न राज्यों के वित्तीय मामलों का निपटारा, सरकार के व्यय का नियमन, समस्त आर्थिक एवं वित्तीय मामलों में कार्यवाही करने का कार्य करता है। प्रारंभ में वित्त मंत्रालय को 'वित्त विभाग' के नाम से जाना जाता था परन्तु 1947 के बाद इसका नाम बदलकर वित्त मंत्रालय कर दिया गया। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन पांच विभाग कार्यरत हैं;
(i) आर्थिक कार्य विभाग (ii) व्यय विभाग (iii) राजस्व विभाग (iv) वित्तीय सेवा विभाग (v) विनिवेश विभाग।

74. किसने भारत में पहली बार 'व्यय कर' लगाने का सुझाव दिया था?
 (a) कलेरकी ने (b) कॉल्डॉर ने
 (c) आर. जे. चेलैया ने (d) गौतम माथुर ने

**उत्तर:(b)** भारत में पहली बार व्यय कर की व्यवस्था अप्रैल, 1957 को व्यय कर अधिनियम, 1957 के तहत की गई थी। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री कॉल्डॉर ने भारत में पहली बार 'व्यय कर' लगाने का सुझाव दिया था।

75. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वित्त मंत्रालय का एक विभाग नहीं है?
 (a) व्यय (b) राजस्व
 (c) बैंकिंग विभाग (d) आर्थिक मामला

**उत्तर: (c)** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत 5 विभागों आर्थिक कार्य विभाग, व्यय विभाग, राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग एवं विनिवेश विभाग को सम्मिलित किया गया है।

76. आयकर विभाग द्वारा जारी **PAN** कार्ड निम्न में से किस उद्देश्य के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता है?
 (a) पते का प्रमाण (b) पहचान का प्रमाण
 (c) पंजीकृत करदाता का प्रमाण (d) जन्मतिथि का प्रमाण

**उत्तर: (a)** स्थाई खाता संख्या (पैन कार्ड) आयकर विभाग द्वारा जारी एक लेमिनेटिड कार्ड होता है। यह दस अंकीय वर्णात्मक संख्या युक्त एक पहचान-पत्र होता है जिस पर पंजीकृत करदाता का नाम, जन्मतिथि पहचान का प्रमाण तथा पैन संख्या अंकित रहती है। इसे पते के प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है।

77. भारत की केंद्र सरकार के कर-राजस्व के निम्न महत्वपूर्ण स्रोतों पर ध्यान दीजिए–
 I. संघीय उत्पादन शुल्क II. निगम कर
 III. आय कर IV. सेवा कर
 सकल कर राजस्व के संदर्भ में घटते हुए क्रम में निम्न में से कौन-सा एक सही है?
 (a) II, IV, I, III (b) IV, I, II, III
 (c) I, II, IV, III (d) II, III, I, IV

**उत्तर: (d)** बजट 2017-18 के आंकड़ों के अनुसार सकल कर राजस्व में शीर्ष हिस्सा निगम कर का था। कुल कर राजस्व में निगम कर का अंशदान 19 प्रतिशत था। इसके बाद क्रमशः आयकर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क तथा सेवा कर का अंशदान है।

78. सामान्य रूप से भारत में प्रति पांच वर्ष बाद वित्त आयोग की नियुक्ति की जाती है–
 (a) राज्यों की वित्तीय स्थिति निर्धारित करने के लिए
 (b) केंद्रीय सरकार की वित्तीय स्थिति निर्धारित करने के लिए
 (c) केंद्रीय सरकार के वित्तीय संसाधन निर्धारित करने के लिए
 (d) केंद्रीय अनुदान और संघ के राजस्व में राज्यों का अंश निर्धारित करने के लिए

**उत्तर: (d)** वित्त आयोग की स्थापना वर्ष 1951 में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत की गई थी। भारत के राष्ट्रपति द्वारा सामान्य रूप से भारत में प्रत्येक पांच वर्ष के बाद या आवश्यकता पड़ने पर उससे पूर्व एक वित्त आयोग की नियुक्ति केन्द्रीय अनुदान और संघ के राजस्व में राज्यों का अंश निर्धारित करने के लिए की जाती है।

79. पंचायतों के राजस्व के निम्न स्रोतों पर ध्यान दीजिए:
1. वित्त आयोग द्वारा स्थानीय निकाय अनुदान
2. केंद्रीय सहकारी बैंकों से सहायता
3. केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं हेतु आवंटन
4. नाबार्ड
5. राज्य वित्त आयोग द्वारा आवंटन

उपर्युक्त में से पंचायतों हेतु वित्तीयन के लिए सही विकल्प होगा–
(a) 1, 2, 3 तथा 5 (b) केवल 1 तथा 2
(c) 1, 2 तथा 5 (d) 1, 2, 4 तथा 5

**उत्तर: (a)** पंचायतों के राजस्व के स्रोतों में वित्त आयोग द्वारा स्थानीय निकाय अनुदान, केंद्रीय सहकारी बैंकों से सहायता, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं हेतु आवंटन तथा राज्य वित्त आयोग द्वारा आवंटन शामिल हैं।

80. राजस्व घाटे में से पूंजी परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान को घटाने पर हम पाते हैं–
(a) बजटीय-घाटा (b) राजकोषीय घाटा
(c) प्राथमिक घाटा (d) प्रभावी राजस्व घाटा

**उत्तर: (d)** प्रभावी राजस्व घाटा की अवधारणा को मान्यता वित्तीय वर्ष 211-12 के बजट के दौरान प्राप्त हुई। राजस्व घाटे में से पूंजी परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान को घटाने पर प्रभावी राजस्व घाटा प्राप्त होता है।

81. बजट के हिसाब-किताब की जांच भारतीय संसद किसके द्वारा करती है?
(a) आकलन समिति
(b) सार्वजनिक लेखा समिति
(c) विशेषाधिकार समिति
(d) हिसाब-किताब जांच समीक्षा समिति

**उत्तर: (b)** सार्वजनिक लेखा समिति का प्रमुख कार्य भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा दिए गए लेखा परीक्षण संबंधी प्रतिवेदनों की जाँच करना होता है। इस समिति का अध्यक्ष विपक्ष का कोई सदस्य होता है (संवैधानिक प्रावधान नहीं है)। इसमें कुल 22 सदस्य होते हैं जिसमें 15 सदस्य लोकसभा के तथा 7 सदस्य राज्यसभा के होते हैं।

82. आयात एवं निर्यात पर लगाए जाने वाले कर को किस नाम से जाना जाता है?
(a) आयकर (b) व्यापार कर
(c) सीमा कर (शुल्क) (d) उक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c)** सीमा कर भारत में आयातित तथा भारत से निर्यातित माल पर लगाया जाने वाला एक अप्रत्यक्ष कर है। भारत में सीमा कर सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अंतर्गत लगाया जाता है।

83. उत्पाद शुल्क क्या है?
(a) प्रत्यक्ष कर
(b) अप्रत्यक्ष कर
(c) एक प्रकार का उपयोग कर
(d) एक प्रकार का विक्रय कर

**उत्तर: (b)** उत्पाद शुल्क या आबकारी कर वह कर है देश में उत्पादित वस्तुओं पर लगाया जाता है। यह एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है। भारत में उत्पाद शुल्क कर (Excise Duty Tax) की शुरूआत 26 जनवरी 1994 को हुई थी। राज्य सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क की वसूली करने पर यह राज्य उत्पाद शुल्क कहलाता है।

84. निम्नलिखित में से कौन एक राजकोषीय नीति का भाग है?
(a) उत्पादन नीति (b) कर नीति
(c) विदेश नीति (d) ब्याज दर नीति

**उत्तर: (b)** राजकोषीय नीति का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जिसमें सरकार द्वारा स्थिरीकरण या विकास के लिए सरकार द्वारा कराधान और सार्वजनिक व्यय का उपयोग किया जाता है। कर नीति, राजकोषीय नीति का एक भाग है।

85. वर्तमान में भारत की योजनाओं के सार्वजनिक व्यय हेतु अधिकतम साधन कहां से जुटाए जाते हैं?
(a) वर्तमान प्राप्तियों से (b) विदेशों से
(c) सार्वजनिक उद्योगों से (d) ऋण से
(e) घाटे से

**उत्तर: (d)** वर्तमान में भारत की योजनाओं के सार्वजनिक व्यय हेतु अधिकतम साधन ऋण के माध्यम से जुटाए जाते हैं। सामान्यत: ऋण को तीन भागों में विभाजित करते हैं।
(1) अल्पकालीन ऋण (2) मध्यकालीन ऋण (3) दीर्घकालीन ऋण जब कोई व्यक्ति या संस्था अपने कार्यों को पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त धन की पूर्ति के लिए ऋण का प्रयोग करता है।

86. भारत में 'अनवरत योजना' किस वर्ष में कार्यशील थी?
(a) 1968-69 (b) 1978-79
(c) 1988-89 (d) 1990-91

**उत्तर: (b)** वर्ष 1978 में जनता पार्टी के अस्तित्व में आने पर अनवरत योजना की शुरूआत की गई। इसकी अवधि 1978 ई. से 1983 ई. तक निर्धारित की गई थी परन्तु 1980 में पुन: कांग्रेस सरकार बनने पर इस योजना को समाप्त कर दिया गया। इस योजना के तहत वर्ष 1979 ई. में ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्रायसेम) की शुरूआत हुई।

87. किस पंचवर्षीय योजना में आर्थिक विकास की दर सर्वाधिक थी?
(a) पहली पंचवर्षीय योजना (b) छठी पंचवर्षीय योजना
(c) दसवीं पंचवर्षीय योजना (d) चौथी पंचवर्षीय योजना

**उत्तर: (c)** दसवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 2002 से 2007 तक था। इस योजना का मुख्य लक्ष्य गरीबी और बेरोजगारी समाप्त करना तथा आगामी 1 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करना था। योजना में जी.डी.पी. में आर्थिक विकास की दर 8% निर्धारित की गई थी।

88. भारत में योजना का प्रारंभ वास्तव में द्वितीय पंचवर्षीय योजना से हुआ। भारतीय योजना के वास्तुकार कौन थे?
(a) जवाहर लाल नेहरू (b) मोरारजी देसाई
(c) सी.डी. देशमुख (d) पी. सी. महालनोबिस

**उत्तर: (d)** भारत के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद पी.सी. महालनोबिस द्वारा द्वितीय पंचवर्षीय योजना के लिए एक मसौदा तैयार किया। जिसे महालनोबिस मॉडल के नाम से जाना जाता है। महालनोबिस के उल्लेखनीय योगदान के कारण भारत सरकार उनके सम्मान में प्रतिवर्ष उनके जन्मदिन पर 29 जून को 'सांख्यिकी दिवस' के रूप में मनाता है।

89. उपभोक्ता सहकारी भंडार स्थापित किए जाते हैं–
(a) सदस्यों द्वारा
(b) सहकारी समितियों के निबंधक द्वारा
(c) केंद्र सरकार द्वारा
(d) राज्य सरकार द्वारा

**उत्तर: (a)** भारत में उपभोक्ता सहकारी संरचना के चार स्तर हैं;
(1) राष्ट्रीय स्तर पर– भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित
(2) थोक स्तर पर– उपभोक्ता सहकारी भंडार
(3) गांव स्तर पर– प्राथमिक कृषि ऋण समितियां और विपणन समितियां
(4) शहरी एवं अर्द्ध शहरी स्तर पर– उपभोक्ता सहकारी समितियां। उपभोक्ता सहकारी भंडार सदस्यों द्वारा स्थापित किए जाते हैं।

DISHA Publication Inc

90. 'भुगतान संतुलन' शब्द का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में किया जाता है?
(a) एक कारखाने के वार्षिक विक्रय से
(b) कर संग्रह से
(c) आयात एवं निर्यात से
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c)** किसी देश का किसी अन्य देश के साथ वस्तुओं के आयात और निर्यात, धन का लेन देन, सेवाओं का आदान-प्रदान करना भुगतान संतुलन (Balance of Payment) कहलाता है। अर्थात् किसी निश्चित समयावधि में एक देश द्वारा अन्य देशों को भुगतान की जाने वाली राशि एवं अन्य देशों से उसे प्राप्त होने वाली सकल राशि का अंतर उस देश का भुगतान शेष कहते हैं।

91. भुगतान संतुलन में निहित होता है–
(a) दृश्य व्यापार (b) अदृश्य व्यापार
(c) ऋण (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर: (d)** भुगतान संतुलन को सामान्यत: दो भागों में वर्गीकृत किया जाता है;
(1) भुगतान संतुलन का चालू खाता: इसमें जमा व देय पक्ष के हस्तांतरणों को दो भागों (दृश्य व्यापार तथा अदृश्य व्यापार) में वर्गीकृत किया जाता है।
(2) भुगतान संतुलन का पूंजी खाता: यह देश के अंतर्राष्ट्रीय निवेश और ऋणग्रस्तता को प्रदर्शित करता है। इसमें आयात-निर्यात व सेवाओं की प्राप्तियों व भुगतान की मदों को सम्मिलित किया जाता है।

92. यदि कुल औसत लागत में ह्रास हो रहा है, तो :
(a) सीमान्त लागत कुल औसत लागत से कम होनी ही चाहिए
(b) कुल लागत स्थिर होनी ही चाहिए
(c) औसत नियत लागत वक्र को औसत परिवर्त्य लागत वक्र के ऊपर होना ही चाहिए
(d) सीमांत लागत कुल औसत लागत से अधिक होनी ही चाहिए

**उत्तर: (d)** जब सीमांत लागत औसत लागत से अधिक होती है तो औसत लागत बढ़ती है। जब सीमांत लागत औसत लागत से कम होती है, तो औसत लागत घटती है। जब सीमांत लागत औसत लागत के समान होती है तो औसत लागत स्थिर रहती है।

93. पूर्णत: प्रतियोगी अर्थव्यवस्था में उत्पादन और उपभोग दोनों परेटो इष्टतम होंगे, यदि अर्थव्यवस्था उस बिन्दु पर प्रचालित होती है जहाँ:
(a) सामान्य संतुलन है
(b) निर्गत स्तर संतुलन से नीचे हैं
(c) निर्गत स्तर संतुलन से ऊपर हैं
(d) उपभोग निर्गत से कम है

**उत्तर: (d)** पूर्ण प्रतियोगिता में उत्पादन और उपभोग के बीच सामान्य सामंजस्य होता है। अत: इसमें कभी भी अधिक उत्पादन या अल्प उत्पादन की स्थिति उत्पन्न नहीं होती है। सामान्य अवस्था में मांग और पूर्ति में पूर्ण संतुलन होता है जबकि परेटो इष्टतम के लिए अति आवश्यक शर्त है।

94. औसत नियत लागत वक्र सदैव
(a) समकोणीय अतिपरवलय होगा
(b) अधोमुखी ढलवाँ मूलबिन्दु की ओर अवमुख वक्र होगा
(c) अधोमुखी ढलवाँ सीधी रेखा होगी
(d) U-आकृति का वक्र होगा

**उत्तर: (c)** औसत नियत लागत वक्र सदैव अधोमुखी ढलवा सीधी रेखा वाला होता है।

95. निम्नस्तरीय वस्तुओं के लिए माँग की आय लोच :
(a) एक से कम है (b) शून्य से कम है
(c) एक के बराबर है (d) एक से अधिक है

**उत्तर: (a)** व्यवस्थाएं जिनकी आय लोच 0 से कम अर्थात ऋणात्मक होती है उन्हें निम्न स्तरीय वस्तुएं कहा जाता है। इस अवस्था में उपभोक्ता की आय या वस्तु की कीमत बढ़ने पर निम्न स्तरीय वस्तुओं की मांग घट जाती है।

96. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(a) जब कुल उत्पाद वर्धमान दर पर बढ़ता है : सीमांत उत्पाद बढ़ता है
(b) जब कुल उत्पाद ह्रासमान दर पर बढ़ता है : सीमांत उत्पाद घटता है
(c) जब कुल उत्पाद अपने अधिकतम पर पहुँच जाता है। : सीमांत उत्पाद शून्य हो जाता है।
(d) जब कुल उत्पाद का ह्रास आरंभ हो जाता है : सीमांत उत्पाद धनात्मक हो जाता है

**उत्तर: (d)** जब कुल उत्पाद का ह्रास आरंभ होता है तो सीमांत उत्पाद ऋणात्मक हो जाता है। चौथा युग्म में सुमेलित नहीं है।

97. सभी आगतों में एक ही अनुपात में परिवर्तन होने के फलस्वरूप कुल उत्पाद में जिस तरह परिवर्तन होता है, उसे कौन-से नियम के रूप में जानते हैं?
(a) पैमाने का प्रतिफल (b) ह्रासमान प्रतिफल
(c) वर्धमान प्रतिफल (d) स्थिर प्रतिफल

**उत्तर: (a)** सभी आगमों में एक ही अनुपात में परिवर्तन होने के फलस्वरूप कुल उत्पादन में परिवर्तन पैमाने के प्रतिफल नियम के अनुरूप होता है और एक समानांतर स्थिति बनी रहती है।

98. कोई बाजार, जिसमें किसी विशेष उत्पाद के विक्रेता अधिक संख्या में हैं, लेकिन प्रत्येक विक्रेता किंचित भिन्न परन्तु मिलते-जुलते उत्पाद बेचता है, क्या कहलाता है?
(a) पूर्ण स्पर्धा (b) एकाधिपत्य
(c) एकाधिकारी स्पर्धा (d) अल्पाधिकार

**उत्तर: (c)** एकाधिकारी स्पर्धा बाजार में किसी विशेष उत्पाद के विक्रेता अत्यधिक संख्या में होते हैं लेकिन प्रत्येक विक्रेता कुछ भिन्न परंतु एक दूसरे से मिलते-जुलते उत्पाद बेचता है। यह भिन्नता इसलिए होती है क्योंकि प्रत्येक विक्रेता अपने उत्पाद को मिलते-जुलते अन्य उत्पादों से भिन्न और विशेष प्रस्तुत करने का प्रयास करता है।

99. वस्तु की माँग किसको निर्दिष्ट करती है?
(a) उस वस्तु की इच्छा
(b) उस वस्तु की आवश्यकता
(c) उस वस्तु का माँगा गया परिमाण
(d) किसी विशिष्ट समयावधि के दौरान किसी निश्चित कीमत पर माँगा गया परिमाण

**उत्तर: (d)** अर्थव्यवस्था के सबसे महत्त्वपूर्ण नियमों के अन्तर्गत मांग का नियम अत्यंत महत्त्वपूर्ण नियम है। 'वस्तु की माँग, किसी विशिष्ट समयावधि के दौरान किसी निश्चित कीमत पर मांगा गया परिमाण होता है। प्रो. विलास के अनुसार ''माँग नियम के अनुसार अन्य बातें समान रहने पर एक निश्चित समय में कीमत कम होने पर वस्तु की माँग अधिक होगी तथा कीमत बढ़ने पर माँग कम होगी।''

100. अपवादिक माँग वक्र वह है जिसकी ढाल
(a) दाहिनी ओर अधोमुखी है (b) दाहिनी ओर उपरिमुखी है
(c) क्षैतिज है (d) बाई ओर उपरिमुखी है

**उत्तर: (b)** वस्तुओं की कीमत में वृद्धि के बावजूद मांग वक्र ढलान बाएं से दाएं की ओर ऊपर की ओर अग्रसर होता है।

101. जब दो वस्तुएँ पूर्ण रूप से परस्पर विनिमेय हैं, तो वे
(a) पूर्णत: स्थानापन्न हैं (b) पूर्णत: पूरक हैं
(c) गिफन वस्तुएँ हैं (d) वेब्लेन वस्तुएँ हैं

**उत्तर: (a)** जब वस्तुएं आपस में सम्बन्धित होती हैं तब एक वस्तु की कीमत के परिवर्तन का प्रभाव दूसरी वस्तु की माँग पर पड़ता है। दो पूर्ण स्थानापन्न वस्तुओं में प्रतिस्थापन दर सदैव स्थिर तथा एक समान रहेगी। पूर्ण स्थानापन्न वस्तुओं की मांग आड़ी लोच अनन्त होती है, किन्तु कमजोर स्थानापन्नों में माँग की आड़ी लोच कम होती है।

102. 'भारत का आर्थिक सर्वेक्षण' प्रति वर्ष इनके द्वारा प्रकाशित किया जाता है
(a) वाणिज्य मन्त्रालय
(b) सी एस ओ
(c) वित्त मन्त्रालय
(d) आर्थिक मामलों (कार्य) का मन्त्रालय

**उत्तर: (c)** भारत का आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवर्ष वित्त मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

103. निम्नलिखित में से किस वस्तु की माँग लोचदार है?
(a) विद्युत (b) औषधि
(c) चावल (d) दियासलाई की डिबिया

**उत्तर: (a)** पूरक वस्तुओं की मांग लोचदार तथा आवश्यक वस्तुओं की मांग बेलोचदार होती है। वस्तु की कीमत में वृद्धि या कमी के कारण किसी वस्तु की मांग में अंतर आता है। इस अंतर को वस्तु की लोच कहा जाता है। दिए गए विकल्प में विद्युत ही ऐसी वस्तु है, जिसकी कीमत, माँग को प्रभावित करती है, जबकि औषधि, चावल और दियासलाई की डिबिया आवश्यक वस्तुएँ हैं, अत: इनकी कीमत मांग को प्रभावित नहीं करती।

104. घटिया वस्तु के लिए माँग गिरती है जब
(a) कीमत बढ़ती है (b) आय बढ़ती है
(c) कीमत घटती है (d) आय घटती है

**उत्तर: (b)** जब व्यक्ति की आय बढ़ती है तो वह स्तरीय वस्तुओं की माँग की ओर अग्रसर होता है, इससे घटिया वस्तुओं की मांग घट जाती है। इसके विपरीत आय में कमी होने पर घटिया वस्तुओं की मांग में वृद्धि हो जाती है।

105. माँग के नियम में निम्नलिखित में से कौन-सी एक पूर्वधारणा नहीं है?
(a) उपभोक्ता की रुचि और वरीयता में कोई बदलाव नहीं होता है।
(b) उपभोक्ता की आय नियत (सतत) बनी रहती है।
(c) उपभोक्ता प्रदर्शन प्रभाव से प्रभावित होते हैं।
(d) स्थानापन्न वस्तुओं के दाम में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**उत्तर: (a)** मॉग के नियम में, उपभोक्ता प्रदर्शन प्रभाव से प्रभावित होती है एक पूर्वधारण नहीं है।

106. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) जब पूर्ण उपयोगिता अधिकतम होती है, सीमांत उपयोगिता शून्य होती है।
(b) जब पूर्ण उपयोगिता घटती है, सीमांत उपयोगिता नकारात्मक होती है।
(c) जब पूर्ण उपयोगिता बढ़ती है, सीमांत उपयोगिता सकारात्मक होती है।
(d) जब पूर्ण उपयोगिता अधिकतम होती है, सीमांत और औसत उपयोगिता एक-दूसरे के बराबर होती हैं।

**उत्तर: (d)** जब पूर्ण उपयोगिता अधिकतम होती है। सीमांत और औसत उपयोगिता एक-दूसरे के बराबर होती हैं।

107. उदासीनता वक्रों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. उदासीनता वक्र, उद्गम (मूल) की ओर उत्तल हैं।
2. उच्चतर उदासीनता वक्र, उच्च-स्तरीय तुष्टि दर्शाता है।
3. दो उदासीनता वक्र एक-दूसरे को काटते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) केवल 3

**उत्तर: (b)** उदासीनता वक्र उद्गम की ओर उत्तल होता है तथा उच्चतर उदासीनता वक्र, उच्च स्तरीय तुष्टि को दर्शाता है।

108. जब कोई वस्तु अथवा उत्पादित कारक, उनके मूल्य पर ध्यान दिए बिना, मात्रा में पूर्णत: निश्चित होते हैं, तो आपूर्ति (सप्लाई) वक्र होता है
(a) क्षैतिज
(b) नीचे की ओर दायीं तरफ झुका हुआ
(c) ऊर्ध्वाधर
(d) ऊपर की ओर दायीं तरफ झुका हुआ

**उत्तर: (a)** जब कोई वस्तु अथवा उत्पादित कारक उनके मूल्य पर ध्यान दिए बिना, मात्रा में पूर्णत: निश्चित होते हैं तो आपूर्ति वक्र क्षैतिज होता है।

109. भारत में किसी वाणिज्यिक बैंक की परिसंपत्ति में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं है? **[2019-1]**
(a) अग्रिम
(b) जमा
(c) निवेश
(d) माँग तथा अल्प सूचना मुद्रा (मनी ऐट कॉल ऐंड शॉर्ट नोटिस)

**उत्तर: (b)** भारत में किसी वाणिज्यिक बैंक की परिसम्पत्ति में शामिल हैं– अग्रिम, निवेश, मांग तथा अल्प सूचना मुद्रा, तरलता और लाभप्रदता, केन्द्रीय बैंक में नकद, बिलों की छूट, जमा प्रमाण पत्र, ऋण, विशेष जमा, एक वर्ष या उससे कम की परिपक्वता हेतु सरकारी प्रतिभूति। इसमें जमा शामिल नहीं है।

110. भारत के संदर्भ में, मुद्रा संकट के जोखिम को कम करने में निम्नलिखित में से किस/किन कारक/कारकों का योगदान है? **[IAS Prelims 2019]**
1. भारत के IT सेक्टर के विदेशी मुद्रा अर्जन का
2. सरकारी व्यय के बढ़ने का
3. विदेशस्थ भारतीयों द्वारा भेजे गए धन का

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)** IT सेक्टर के विदेशी मुद्रा अर्जन का तथा विदेश में रहने वाले भारतीयों द्वारा धन भेजने से मुद्रा संकट के जोखिम को कम करने में सहायता मिलती है। सरकारी काम बढ़ने से मुद्रा संकट का जोखिम बढ़ जाता है।

111. सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों का चयन कौन करता है? **[IAS Prelims 2019]**
(a) बैंक बोर्ड ब्यूरो (b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) केंद्रीय वित्त मंत्रालय (d) संबंधित बैंक का प्रबंधन

**उत्तर: (a)** बैंक बोर्ड ब्यूरो सरकारी क्षेत्र के बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं में पूर्णकालिक निदेशकों तथा गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के चयन एवं नियुक्ति हेतु उत्तरदायी होता है। ब्यूरो उपर्युक्त स्तरों के निदेशक मण्डल की नियुक्ति, पुष्टि अथवा उनके कार्यकाल का विस्तार करने और उनकी सेवा समाप्त करने संबंधी मामलों में सरकार को सलाह देता है।

112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **[IAS Prelims 2019]**
1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ख्पेट्रोलियम ऐंड नेचुरल गैस रेग्युलेटरी बोर्ड (PNGRB), भारत सरकार द्वारा स्थापित प्रथम नियामक निकाय है।
2. PNGRB का एक कार्य गैस के लिए प्रतियोगी बाजारों को सुनिश्चित करना है।
3. PNGRB के निर्णयों के विरुद्ध अपील, विद्युत् अपील अधिकरण के समक्ष की जाती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) का गठन अधिनियम 2006 के द्वारा किया गया। इससे पूर्व अनेक नियामक बोर्डों – जैसे सेबी (1988), बीमा विनियम और विकास प्राधिकरण (IRDA– 1999), भारतीय दूर संचार विनियामक प्रधिकरण (TRAI– 1997) की स्थापना हो चुकी है।

113. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: **[IAS Prelims 2019]**

'भुगतान प्रणाली आँकड़ों के भंडारण (स्टोरेज ऑफ पेमेंट सिस्टम डेटा)' के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल का निदेश, जिसे प्रचलित रूप से डेटा डिक्टैट के रूप में जाना जाता है, भुगतान प्रणाली प्रदाताओं (पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर्स) को समादेशित करता है कि

1. वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित समग्र आँकड़े एक प्रणाली के अंतर्गत केवल भारत में भंडारित किए जाएँ
2. वे यह सुनिश्चित करेंगे कि इन प्रणालियों का स्वामित्व और संचालन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ही करें
3. वे कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को समेकित प्रणाली लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)** भुगतान प्रणाली आंकड़ों के भण्डारण के संबंध में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार, सभी सिस्टम प्रदाता यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित सम्पूर्ण डाटा केवल भारत में एक सिस्टम में संगृहीत हो। इस डाटा में संदेश/भुगतान निर्देश के भाग के रूप में पूर्ण अंत-से-अंत लेन-देन विवरण/एकत्रधली गयी संसाधित की गयी जानकारी शामिल होनी चाहिए। विदेशी लेन-देन के लिए यदि आवश्यक हो तो विदेशों में भी डाटा संगृहीत किया जा सकता है।

114. भारत में फर्म के "ब्याज-व्याप्ति अनुपात (Interest Coverage Ratio)" पद का क्या महत्त्व है? **[IAS Prelims 2020-I]**

1. यह उस फर्म, जिसे बैंक ऋण देने जा रहा है, के वर्तमान जोखिम को समझने में मदद करता है।
2. यह उस फर्म, जिसे बैंक ऋण देने जा रहा है, के आने वाले जोखिम के मूल्यांकन में मदद करता है।
3. उधार लेने वाली फर्म का ब्याज-व्याप्ति अनुपात जितना अधिक होगा, उसकी ऋण समाशोधन क्षमता उतनी ही खराब होगी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग का सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

- एनसीईआरटी कक्षा 12 लेखा पुस्तक भी पुष्टि करती है, ''एक उच्च ब्याज कवरेज अनुपात ऋण पर ब्याज की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।''
- तीसरा कथन गलत है। कथन 1 सही है, ब्याज कवरेज अनुपात को देखकर हम एक फर्म के वर्तमान जोखिम की पहचान कर सकते हैं। इससे अच्छा राजस्व नहीं मिल रहा हैं।

115. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: **[IAS Prelims 2020-I]**

1. 'वाणिज्यिक पत्र (Commercial Paper)' अल्पकालीन प्रतिभूति-रहित वचन-पत्र है।
2. 'जमा प्रमाण-पत्र (Certificate of Deposit)' भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किसी निगम को निर्गत किया जाने वाला दीर्घकालीन प्रपत्र है।
3. 'शीघ्रावधि द्रव्य (Call Money)' अन्तरबैंक लेने-देनों के लिए प्रयुक्त अल्प अवधि का वित्त है।
4. 'शून्य-कूपन बॉण्ड (Zero-Coupon Bonds)' अनुसूचित व्यापारिक बैंकों द्वारा निगमों को निर्गत किए जाने वाले ब्याज सहित अल्पकालीन बॉण्ड हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 4
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)**

- सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट एक शॉर्ट टर्म डेट इंस्ट्रूमेंट है। कथन 2 गलत है क्योंकि यह 'दीर्घकालिक साधन' कहलाता है।
- कॉल मनी इंटरबैंक लेनदेन के लिए एक अल्पकालिक वित्त है जो सही है।

116. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से गैर-वित्तीय ऋण में सम्मिलित है/हैं? **[IAS Prelims 2020]**

1. परिवारों का बकाया गृह ऋण
2. क्रेडिट कार्डों पर बकाया राशि
3. राजकोष बिल (Treasury bills)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

- "गैर-वित्तीय ऋण" वित्तीय संस्थानों के ऋण को छोड़ देता है यानी उन संस्थानों को जो पूरी तरह से उधार देने और पैसे देने के लिए उधार लेते हैं। दूसरे शब्दों में, अगर, NABARD, ILFS आदि ने इसे फिर से उधार देने के लिए धन उधार लिया था, तो यह वित्तीय ऋण होगा और अन्य सभी प्रकार के ऋण "गैर-वित्तीय ऋण" होंगे।
- इसलिए, उपरोक्त विकल्पों में, सभी तीन ऋण व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा लिए जाते हैं, जो इसे 'पुन: उधार' नहीं देंगे, लेकिन वे अपने स्वयं के उद्देश्य के लिए धन का उपयोग करेंगे। इसलिए, उत्तर "(d)" होगा।

117. भारत में राजस्व घाटे से तात्पर्य है कि **[BPSC 2020]**

(a) भारत सरकार को अपने उन व्ययों के वित्तपोषण के लिए उधार लेने की आवश्यकता है जो पूँजीगत परिसम्पत्तियों का निर्माण करते हैं
(b) भारत सरकार को अपने उन व्ययों के वित्तपोषण के लिए उधार लेने की आवश्यकता है जो पूँजीगत परिसम्पत्तियों का निर्माण नहीं करते हैं
(c) भारत सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक से सरकारी प्रतिभूतियों के बदले उधार लेने की आवश्यकता है
(d) भारत सरकार को अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से उधार लेने की आवश्यकता है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (b)** राजस्व घाटा तब उत्पन्न होता है जब सरकार का राजस्व व्यय कुल राजस्व प्राप्तियों से अधिक होता है। राजस्व घाटे में वे लेनदेन शामिल हैं जिनका सरकार की वर्तमान आय और व्यय पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यह दर्शाता है कि सरकार की खुद की कमाई अपने विभागों के दिन-प्रतिदिन के कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। राजस्व घाटा उधारी में बदल जाता है जब सरकार जितना कमाती है उससे अधिक खर्च करती है और उसे बाहरी उधारी का सहारा लेना पड़ता है।

118. निम्नलिखित में से कौन-सी एक शब्दावली, उत्पादन के किसी भी चरण में अपेक्षित आगतों को औजार, मशीन, भवन, कच्चा माल और हस्तगत मुद्रा के आधार पर द्योतित करती है ? **[CDS 2022 - I]**

(a) स्थायी पूँजी (b) कार्यशील पूँजी
(c) वस्तुगत पूँजी (d) मानव पूँजी

**उत्तर: (a)** अर्थशास्त्र में, अचल पूंजी एक प्रकार की पूंजीगत वस्तु है जिसे वास्तविक, भौतिक संपत्ति के रूप में उत्पादन के साधन के रूप में उपयोग किया जाता है जो टिकाऊ होता है या एक ही समय अवधि में पूरी तरह से खपत नहीं होता है।
इसमें संयंत्र, मशीनरी, वाहन और उपकरण, स्थापना और भौतिक अवसंरचना, भूमि सुधार और भवनों का मूल्य शामिल है।

119. निम्नलिखित आगतों में से कौन-सी एक, कृषि से इतर मामलों में कम मात्रा में अपेक्षित है ? **[CDS 2022 - I]**
(a) भूमि (b) श्रम (c) पूँजी (d) कच्चा माल

**उत्तर: (a)** भूमि को उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू माना जाता है, विशेषकर कृषि उत्पादन के लिए। गैर-कृषि उत्पादक गतिविधियाँ उन आर्थिक गतिविधियों से संबंधित हैं जो सीधे कृषि गतिविधियों से संबंधित नहीं हैं। आम तौर पर सीमांत किसानों और भूमिहीन मजदूरों को इन गतिविधियों से लाभ मिल रहा है, जो उन्हें आय और रोजगार का एक अच्छा स्रोत प्रदान करते हैं। गैर-कृषि गतिविधियों में हस्तशिल्प, लघु-स्तरीय विनिर्माण (घरेलू और गैर-घरेलू दोनों), निर्माण, खनन, उत्खनन, मरम्मत, परिवहन, सामुदायिक सेवा आदि शामिल हैं।

120. आर्थिक विकास में मानव संसाधन का योगदान के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौनसा / से सही है/हैं? **[UPPCS 2023]**
1. आर्थिक विकास का जनसंख्या वृद्धि पर प्रभाव।
2. जनसंख्या वृद्धि का आर्थिक विकास पर प्रभाव।
नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए-
कूट-
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) न तो 1 ना ही 2 (d) दोनों 1 और 2

**उत्तर: (d)**




121. किसी अर्थव्यवस्था में कुल प्रजनन दर को किस रूप से परिभाषित किया जाता है? **[UPSC Pre. 2024]**
(a) एक वर्ष में जनसंख्या में प्रति 1000 व्यक्तियों पर जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या
(b) किसी दी गई जनसंख्या में एक दंपति के जीवन-काल में उनसे जन्मे बच्चों की संख्या
(c) जन्म दर घटा मृत्यु दर
(d) एक महिला की गर्भधारण आयु (चाइल्ड-बेअरिंग एज) के अंत तक उनसे जन्मे जीवित बच्चों की औसत संख्या

**उत्तर: (d)** डब्ल्यूएचओ **कुल प्रजनन दर** को इस प्रकार परिभाषित करता है, "महिलाओं के एक काल्पनिक समूह के प्रजनन काल के अंत में बच्चों की औसत संख्या यदि वे अपने पूरे जीवन के दौरान किसी निश्चित अवधि की प्रजनन दर के अधीन थीं और यदि वे मृत्यु दर के अधीन नहीं थीं। इसे प्रति महिला बच्चों के रूप में व्यक्त किया जाता है।" सही उत्तर (d) है।

122. भारतीय अर्थव्यवस्था के सेक्टरों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: **[UPSC Pre. 2024]**

| | **आर्थिक गतिविधि** | **सेक्टर** |
|---|---|---|
| 1. | कृषि उत्पाद का भंडारण | द्वितीयक |
| 2. | डेरी फार्म | प्राथमिक |
| 3. | खनिज की खोज | तृतीयक |
| 4. | कपड़ा बुनाई | द्वितीयक |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

**उत्तर: (b)** **कृषि उपज का भंडारण** एक सेवा गतिविधि है और यह तृतीयक क्षेत्र से संबंधित है, न कि द्वितीयक क्षेत्र से, जो कच्चे माल का प्रसंस्करण करता है। **डेयरी फार्मिंग** सही मायने में प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत आती है, क्योंकि इसमें कच्चे माल (दूध) का उत्पादन शामिल है। **खनिज अन्वेषण** प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा है, न कि तृतीयक क्षेत्र का, क्योंकि इसमें खनिज भंडार खोजना शामिल है। **कपड़ा बुनना** सही मायने में द्वितीयक क्षेत्र में वर्गीकृत किया गया है, जो कच्चे माल को तैयार माल में संसाधित करने से संबंधित है, जैसे कपास या ऊन को कपड़े में बदलना। इसलिए सही उत्तर (b) है।

123. भारतीय अर्थव्यवस्था में भौतिक पूँजी के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: **[UPSC Pre. 2024]**

| | **वस्तु** | **श्रेणी** |
|---|---|---|
| 1. | किसान का हल | कार्यशील पूँजी |
| 2. | कंप्यूटर | स्थिर पूँजी |
| 3. | बुनकर द्वारा प्रयोग किया जाने वाला सूत | स्थिर पूँजी |
| 4. | पेट्रोल | कार्यशील पूँजी |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?
(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**उत्तर: (b)** कई उत्पादन चक्रों में उपयोग की जाने वाली टिकाऊ वस्तु के रूप में **हल** को निश्चित पूंजी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जो कंप्यूटर के समान है, जिसका उपयोग उत्पादन में कई वर्षों तक किया जाता है। इसके विपरीत, कार्यशील पूंजी में दिन-प्रतिदिन के संचालन में खपत होने वाले संसाधन शामिल होते हैं, जैसे कि कच्चा माल, मजदूरी और परिचालन व्यय। उदाहरण के लिए, बुनकर द्वारा उपयोग किया जाने वाला **धागा** और उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला **पेट्रोल** कार्यशील पूंजी माना जाता है, क्योंकि वे जल्दी से खपत हो जाते हैं और उन्हें नियमित रूप से पुन:पूर्ति की आवश्यकता होती है। इसलिए सही उत्तर (b) है।

DISHA Publication Inc

# अध्याय 5.1 पर्यावरण पारिस्थितिकी एवं सतत् विकास

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **[IAS Prelims 2018]**
   1. विश्व की सर्वाधिक प्रवाल उष्णकटिबंधीय सागर जलों में मिलती हैं।
   2. विश्व की एक-तिहाई से अधिक प्रवाल भित्तियाँ ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन्स के राज्य क्षेत्रों में स्थित हैं।
   3. उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की अपेक्षा, प्रवाल भित्तियाँ कहीं अधिक संख्या में जन्तु संघों का परपोषण करती हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

उत्तर: **(d)** प्रवाल मुख्य रूप से उष्ण कटिबन्धीय महासागरों में पाये जाते हैं, क्योंकि इनको जीवित रहने के लिए उच्च तापक्रम (20°-21°C) आवश्यक होता है। परन्तु स्मरणीय है कि प्रवाल न तो अति उष्ण जल और न अति ठण्डे जल में पनप पाते हैं। इण्डो वेस्ट पैसिफिक (Indo-West Pacific) तथा पश्चिमी अटलांटिक दोनों स्थानों पर विविध व प्रचुर में रीफ समुदाय पाये जाते हैं। विश्व की लगभग 1/3 से अधिक प्रवाल भित्तियाँ ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया और फिलीपीन्स के राज्य-क्षेत्र में पायी जाती हैं। जन्तु समुदाय को जितना पोषण उष्णकटिबन्धीय वर्षा वनों से मिलता है उससे कहीं ज्यादा प्रवाल भित्तियों से मिलता है।

2. पारितंत्र उत्पादकता के संदर्भ में समुद्री उत्प्रवाह (अपवेलिंग) क्षेत्र इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये निम्नलिखित माध्यम/माध्यमों से समुद्री उत्पादकता बढ़ाते हैं:
   1. अपघटक सूक्ष्मजीवियों को सतह पर लाकर
   2. पोषकों को सतह पर लाकर
   3. अधस्थली जीवों को सतह पर लाकर

   उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
   (a) 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) 2 और 3 (d) केवल 3

उत्तर: **(c)** समुद्री उत्प्रवाह (अपवेलिंग) क्षेत्र इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कम पोषण वाले जल को पोषण युक्त जल से बदल देते हैं। इस प्रक्रिया से पादपप्लवक में उत्पादकता बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त अधस्थली जीव भी इस क्षेत्र में समुद्री उत्पादकता को बढ़ाते हैं।

3. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:
   1. प्रकाश संश्लेषण 2. श्वसन
   3. जैव पदार्थों का अपक्षय 4. ज्वालामुखी क्रियाएं

   उपर्युक्त में से कौन-सी क्रियाएं पृथ्वी के कार्बन चक्र में कार्बन डाइऑक्साइड जोड़ती हैं?
   (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2 3 और 4

उत्तर: **(c)** प्रकाश संश्लेषण से पृथ्वी पर से कार्बन डाईऑक्साइड दूर होती है इसके विपरीत श्वसन, जैव पदार्थों का अपक्षय और ज्वालामुखी क्रियाएँ पृथ्वी के कार्बन चक्र में कार्बन डाईऑक्साइड जोड़ती हैं।

4. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल वनस्पति संरक्षण हेतु स्वस्थान (in-situ) पद्धति नहीं है?
   (a) जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (बायोस्फीयर रिजर्व)
   (b) वानस्पतिक उद्यान
   (c) राष्ट्रीय पार्क
   (d) वन्यप्राणी अभयारण्य

उत्तर: **(b)** चिड़िया घर और वानस्पतिक उद्यान एक्स सीटु संरक्षण की पद्धति हैं इनके अतिरिक्त दिए गए सभी विकल्प इन सीटू संरक्षण पद्धति से हैं।

5. 'मिलेनियम इकोसिस्टम एसेसमेन्ट' पारिस्थितिक तंत्र की सेवाओं के निम्नलिखित प्रमुख वर्गों का वर्णन करता है-व्यवस्था, समर्थन नियंत्रण, संरक्षण और सांस्कृतिक। निम्नलिखित में से कौन-सी एक समर्थन सेवा है?
   (a) खाद्यान्न और जल का उत्पादन
   (b) जलवायु और रोग का नियंत्रण
   (c) पोषक चक्रण और फसल परागण
   (d) विविधता अनुरक्षण

उत्तर: **(c)** पोषक चक्रण और फसल परागण

6. पारितंत्रों में खाद्य श्रृंखलाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. खाद्य श्रृंखला उस क्रम का निदर्शन करती है, जिसमें जीवों की एक श्रृंखला एक-दूसरे के आहार द्वारा पोषित होती है।
   2. खाद्य श्रृंखला एक जाति की समष्टि के अन्तर्गत पाई जाती है।
   3. खाद्य श्रृंखला उस प्रत्येक जीव की संख्याओं का, जो दूसरों के द्वारा खाई जाती हैं, निदर्शन करती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) 1, 2 और 3 (d) कोई नहीं

उत्तर: **(a)** खाद्य श्रृंखला उस क्रम का निर्दशन करती है जिसमें जीवों की एक श्रृंखला एक-दूसरे के आहार द्वारा पोषित होती है, जैसे-

| घास → | टिड्डा → | चूहा → | साँप → | बाज |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| (मुख्य उत्पादक) | (मुख्य उपभोक्ता) | (1) | (2) | (3) |
| | | | (गौण उपभोक्ता) | |

7. पारितंत्रों की घटती उत्पादकता के क्रम में उनका निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है?
   (a) महासागर, झील, घासस्थल, मैंग्रोव
   (b) मैंग्रोव, महासागर, घासस्थल, झील
   (c) मैंग्रोव, घासस्थल, झील, महासागर
   (d) महासागर, मैंग्रोव, झील, घासस्थल

उत्तर: **(c)** पारितंत्रों की घटती उत्पादकता के क्रम में उनका सही अनुक्रम है- मैंग्रोव, घासस्थल, झील, महासागर। अधिक विविधता वाले पारितंत्र की उत्पादकता भी अधिक होगी।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा एक आहार श्रृंखला का सही क्रम है?
   (a) डायटम-क्रस्टेशियाई-हेरिंग (b) क्रस्टेशियाई-डायटम-हेरिंग
   (c) डायटम-हेरिंग- क्रस्टेशियाई (d) क्रस्टेशियाई-हेरिंग-डायटम

उत्तर: **(a)** डायटम स्वपोषी होते हैं जो अपना भोजन स्वयं तैयार करते हैं। क्रस्टेशियाई शाकाहारी होते हैं जो अपना भोजन डायटम से प्राप्त करते हैं। हेरिंग मांसाहारी होते हैं जो क्रस्टेशियाई से भोजन प्राप्त करते हैं। इस प्रकार खाद्य श्रृंखला पूरी है।

DISHA Publication Inc

9. 'पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्रों' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्र वे क्षेत्र हैं, जिन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन घोषित किया गया है।
   2. पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्र को घोषित करने का प्रयोजन है, उन क्षेत्रों में केवल कृषि को छोड़कर सभी मानव क्रियाओं पर प्रतिबन्ध लगाना।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)** पर्यावरण सरंक्षण अधिनियम 1986 के अधीन पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्र वे क्षेत्र हैं, जिन्हें पारिस्थिकीय महत्त्व के क्षेत्र घोषित किया गया है। इन्हें औद्योगिक प्रदूषण तथा अनियंत्रित विकास से सुरक्षित रखा गया है। केवल वातावरणीय घातक मानव गतिविधियों को उन क्षेत्रों में प्रतिबंधित किया गया है। अत: दोनों कथन असत्य हैं।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, 'पारितंत्र (ईकोसिस्टम)' शब्द का सर्वोत्कृष्ट वर्णन है?
   (a) एक-दूसरे से अन्योन्यक्रिया करने वाले जीवों (ऑर्गनिज़्म्स) का एक समुदाय
   (b) पृथ्वी का वह भाग जो सजीव जीवों (लिविंग ऑर्गनिज़्म्स) द्वारा आवासित है
   (c) जीवों (ऑर्गनिज़्म्स) का समुदाय और साथ ही वह पर्यावरण जिसमें वे रहते हैं
   (d) किसी भौगोलिक क्षेत्र के वनस्पतिजात और प्राणिजात

**उत्तर: (c)** पारितंत्र (Ecosystem) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ए.जी. टान्सले ने सन् 1935 में किया था। उनके अनुसार किसी भी स्थान के जीवीय समुदाय के जीवों तथा उनके चारों ओर पाए जाने वाले आजीवीय वातावरण में पारस्परिक संबंध होता है और ये दोनों एक दूसरे पर प्रभाव डालते हैं। समुदाय के जीवों की रचना, कार्य व उनके वातावरण के पारस्परिक संबंध को पारितंत्र कहते हैं।

11. 'मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (United Nations Convention to Combat Desertification)' का/के महत्व है/हैं? **[IAS Prelims 2016]**
   1. इसका उद्देश्य नवप्रवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं समर्थक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारियों के माध्यम से प्रभावकारी कार्रवाई को प्रोत्साहित करना है।
   2. यह विशेष/विशिष्ट रूप से दक्षिणी एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका के क्षेत्रों पर केंद्रित होता है तथा इसका सचिवालय इन क्षेत्रों को वित्तीय संसाधनों के बड़े हिस्से का नियतन सुलभ कराता है।
   3. यह मरुस्थलीकरण को रोकने में स्थानीय लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु उर्ध्वगामी उपागम (बॉटम-उप अप्रोच) के लिए प्रतिबद्ध है।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)** (1) संयुक्त राष्ट्र संघ का बंजरीकरण लड़ाई सम्मेलन का लक्ष्य नवीन राष्ट्रीय कार्यक्रमों और सहायक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से प्रभावी कार्यों को बढ़ावा देना है। UNCCD बंजरीकरण का मुकाबला करने में स्थानीय लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
(3) UNCCD अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन, उत्तरी भूमध्य और मध्य और पूर्वी यूरोप पर केंद्रित है। इसलिए कथन 2 गलत है।

12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक धूम-कोहरे का घटक नहीं है? **[SSC CHSL 2017]**
   (a) परिवर्तनशील जैविक यौगिक (b) नाइट्रोजन ऑक्साइड
   (c) सल्फर डाइऑक्साइड (d) क्लोरिन ऑक्साइड

**उत्तर: (d)** धूम कोहरा (Smog) मुख्यत: नाइट्रोजन तथा सल्फर के ऑक्साइड्स से उत्पन्न होता है। ये आक्साइड्स सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में हाइड्रोकार्बन के साथ क्रिया करके जहरीले प्रदूषक उत्पन्न करते हैं। इसके कारण आँख, नाक में जलन उत्पन्न होती है तथा श्वसन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

13. प्राकृतिक पर्यावरण से क्या अभिप्राय है?
   (a) मानवीय कार्यकलापों से अछूते क्षेत्र में सजीव प्राणी और निर्जीव वस्तुएँ या कारक
   (b) वन का वातावरण
   (c) वन में पादप और पशु
   (d) वन झील या समुद्री क्षेत्र का वातावरण

**उत्तर: (a)** प्राकृतिक पर्यावरण के अंतर्गत पृथ्वी को सतह के चारों ओर व्याप्त उस आवरण को शामिल किया जाता है, जिसके अंतर्गत मानवीय कार्यकलापों से अछूते क्षेत्र में सजीव प्राणी और निर्जीव वस्तुएँ या कारक आते हैं। यह ऐसी पारिस्थिक इकाई है, जिसमें बड़े पैमाने पर मानवीय हस्तक्षेप के बिना प्राकृतिक प्रणालियों के रूप में कार्य सहित सभी वनस्पति, सूक्ष्म जीवाणु, मिट्टी, चट्टान इत्यादि प्राकृतिक रूप से अपनी सीमाओं के भीतर होते हैं।

14. निम्नलिखित में से कौन-सा किसी पारिस्थितिकी तन्त्र में एकदिशीय प्रवाह दर्शाता है?
   (a) प्रकाश (b) ऊर्जा
   (c) जल (d) जैवमात्रा (बायोमास)

**उत्तर: (b)** पारस्थितिक तंत्र में एकदिवसीय प्रवाह ऊर्जा प्रवाह को दर्शाता है। आहार तथा ऊर्जा एक जीव से दूसरे जीव में शृंखलाबद्ध रूप में स्थानांतरित होती है।

15. मनुष्य किसके द्वारा जीवमण्डल में पारिस्थितिकी सन्तुलन बनाए रख सकता है?
   (a) वनोन्मूलन
   (b) संवर्द्धित पौधों की नई किस्में और पालतू पशु की नई नस्लें विकसित करना
   (c) कीटनाशी और पीड़कनाशी का प्रयोग
   (d) जीवों की सापेक्ष संख्या के सूक्ष्म सन्तुलन को समझना

**उत्तर: (d)** जीवमण्डल में पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए जीवों की सापेक्ष संख्या के सूक्ष्म संतुलन को समझने की सबसे अधिक आवश्यकता है। पारिस्थितिकी संतुलन पर्यावरण एवं जीवों, मानव, अन्य प्राणियों एवं पौधों के मध्य संतुलन को दर्शाता है।

16. अपने प्राकृतिक परिवेश में वन्य जीवन के लिए कानूनी तौर पर आरक्षित क्षेत्र है
   (a) बायोस्फियर रिजर्व (b) सेंक्चुअरी
   (c) सामाजिक वन (d) नेशनल पार्क (राष्ट्रीय उद्यान)

**उत्तर: (d)** राष्ट्रीय उद्यान वन जीव के लिए कानूनी तौर पर आरक्षित क्षेत्र है। इसमें मानव गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होती हैं।

17. अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण रक्षक स्वयंसेवी संगठन के कार्यक्षेत्रों से संबद्ध कथनों पर विचार कीजिए:
   1. 'वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर' विश्व में पर्यावरण सुरक्षा के लिए कार्य करने वाले संगठनों को वित्तीय सहायता जानकारी तथा दिशा-निर्देश उपलब्ध करता है।
   2. 'वर्ल्ड यूथ इन इन्वायरन्मेंट' पर्यावरण सुरक्षा के लिए विश्व स्तर पर कार्यशाला, गोष्ठी आदि आयोजित करता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (a)** 'वर्ल्ड यूथ इन इन्वायरन्मेंट' पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करता है तथा इसे सुधारने में युवाओं को शामिल करता है। इसकी स्थापना 1983 ई. में की गयी थी तथा इसका मुख्यालय नीदरलैण्ड में है।

18. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
   1. 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन फॉर नेचर एण्ड नेचुरल रिसोर्सेज' ने तीन मुख्य संरक्षण वर्गो की स्थापना की है – विलुप्त, संकटापन्न और दुर्लभ प्रजातियाँ।

DISHA Publication Inc

2. IUCN ने वर्ष 1978 में पौधों पर और वर्ष 1988 में जन्तुओं पर रेड डाटाबुक का प्रकाशन किया था।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)** इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन फॉर नेचर एण्ड नेचुरल रिसोर्सेज ने 5 मुख्य संरक्षण वर्गों की स्थापना की है – विलुप्त, संकटापन्न, सुभेद्य और अपर्याप्त ज्ञात स्पीसीज।

19. पारिस्थितिकी तंत्र से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. पारिस्थितिकी तंत्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ए. जी. टांसले ने किया था।
2. जो जीव अपना भोजन स्वयं उत्पादित करते हैं, उन्हें स्वपोषित कहते हैं।
3. प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा उपभोक्ता अपने भोजन का उपभोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)** पारिस्थितिकी तंत्र शब्द का प्रयोग सबसे पहले ए. जी. टांसले द्वारा किया गया। पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्गत जैविक संघटकों को दो प्रमुख भागों में विभक्त किया जा सकता है – (i) स्वपोषित संघटक (ii) परपोषित संघटक। स्वपोषित संघटक प्रकाश संश्लेषण तथा रसायन संश्लेषण द्वारा अपना आहार स्वयं निर्मित करते हैं। उपभोक्ता मानव रहित परपोषित जन्तु होते हैं जो स्वपोषित पौधों द्वारा उत्पन्न जैविक तत्वों से अपना आहार ग्रहण करते हैं, अत: कथन 3 गलत है।

20. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
1. हाल ही में पश्चिमी घाट के अगस्त्यमाला बायोरिजर्व से 'फिम ब्रिस्तिलिस अगस्थेमलेनेसिस' नामक प्रजाति के पौधे की खोज की गयी है।
2. अपनी औषधीय गुणों के कारण यह पौधा जंगली पशुओं का आहार नहीं बन सकता, अत: इसे संरक्षण श्रेणी में रखने की आवश्यकता नहीं है।
3. यह पौधा सायपरेस परिवार से संबंधित है।

निम्न कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें:

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)** औषधीय गुण के बावजूद यह पौधा जंगली पशुओं का आहार बन सकता है, इसलिए शोधकर्ताओं ने इसे संरक्षण की श्रेणी में रखने की सिफारिश की है। भारत में सायपरेस परिवार से 122 पौधे पाए जाते हैं, जिनमें से 87 पश्चिमी घाट में हैं।

21. पारिस्थितिकी से संबद्ध 'स्टैंडिग स्टेट' किसका द्योतक है?

(a) बीज को अंकुरित होने में लगने वाले समय का।
(b) किसी क्षेत्र में किसी प्रजाति की आबादी का।
(c) किसी निश्चित समय के दौरान मृदा में उपस्थित अजैविक पोषक तत्वों की मात्रा का।
(d) अपने प्राकृतिक पर्यावास में किसी जीव के औसत जीवन काल का।

**उत्तर: (c)** सजीवों को वृद्धि करने, प्रजनन करने और शरीर के विभिन्न कार्यों को विनियमित करने के लिए पोषक तत्वों की निरंतर आपूर्ति आवश्यक है। किसी निश्चित समय के दौरान मृदा में विद्यमान कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, कैल्शियम इत्यादि अजैविक पोषक तत्वों की मात्रा को स्टैंडिग स्टेट कहा जाता है। यह विभिन्न प्रकार की पारिस्थितिकी प्रणालियों में और मौसमी आधार पर भिन्न-भिन्न होती है।

22. सतत् विकास से संबंधित 'अंतर-पीढ़ी समानता' से संबद्ध कथनों पर विचार कीजिए:
1. अंतर-पीढ़ी समानता एक मूल्यगत संकल्पना है, जो मानव समुदाय की भूत, वर्तमान और भविष्यकालीन पीढ़ियों के मध्य समझदारी को दर्शाता है।
2. अंतर-पीढ़ी समानता सिद्धान्त के अनुसार प्रत्येक पीढ़ी को संसाधनों तक पहुँच का लाभ प्राप्त होना चाहिए।

उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)** अंतर-पीढ़ी समानता का तात्पर्य है कि प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग इस प्रकार से किया जाए कि वे वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों की भी जरूरत पूरी करने में समक्ष हो सकें।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव समूह आहार श्रृंखला बनाता है?

(a) घास, मानव और मछली (b) घास, बकरी और मानव
(c) बकरी, गाय और मानव (d) पेड़, पेड़ काटने वाला और बाघ

**उत्तर: (b)** किसी पारितंत्र में उत्पादक से उच्च उपभोक्ता तक खाद्य ऊर्जा के स्थानांतरण के क्रमबद्ध प्रवाह के पथ को खाद्य श्रृंखला कहते हैं। इसमें एक जीव दूसरे जीव द्वारा खाया जाता और इसी प्रक्रम में ऊर्जा का प्रवाह होता है। जीव समूह खाद्य श्रृंखला घास-(उत्पादक)-बकरी (प्राथमिक उपभोक्ता)-मानव (द्वितीय उपभोक्ता)

24. जीवों द्वारा जीने के लिए और अधिक वंशवृद्धि के लिए बेहतर अनुकूलित वातावरण बनाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

(a) प्राकृतिक चयन (Natural Selection)
(b) परिवर्तन (Mutation)
(c) पुन: संयोजन (Recombination)
(d) नॉन-रैंडम मैटिंग (Non-Random Mating)

**उत्तर: (a)**

25. जेनेवा II सम्मेलन .......... के भविष्य के बारे में बातचीत के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित एक अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन था।

(a) पाकिस्तान (b) ईरान
(c) इराक (d) सीरिया

**उत्तर: (d)**

26. जीवित जीवों में विभिन्नता उन सभी स्रोतों से, जिनमें जमीनी, समुद्री और दूसरे पारितंत्र तथा पारिस्थितिक समष्टियाँ शामिल हैं जिनके वे भाग हैं, जिसमें पारितंत्रों के जातियों के अन्दर और जातियों के बीच विविधता शामिल है, किसे निर्दिष्ट करती है?

(a) भौगोलिक विविधता (b) जीव-जन्तु की विविधता
(c) पारिस्थितिक विविधता (d) जैविक विविधता

**उत्तर: (d)** जैविक विविधता, अथवा जैव विविधता के अंतर्गत पृथ्वी पर रहने वाले सभी तरह के जीवों की विविधता शामिल है। जैव विविधता स्वयं को तीन स्तरों पर अभिव्यक्त करती है। अर्थात् प्रजाति विविधता जिसका संबंध जीवित सूक्ष्म जीवों की संख्या और उनके प्रकारों से है; आनुवंशिक विविधता जिसका संबंध प्रजातियों की संख्या के भीतर की आनुवांशिक विविधता से है तथा पारि-प्रणाली विविधता जिसका संबंध पर्यावासों, जैविक समुदायों की विविधता और जैवमंडल में होने वाली पारिस्थितिकीय प्रक्रियाओं से है।

27. भारत में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम पारित हुआ–

(a) 1981 में (b) 1986 में
(c) 1995 में (d) 2000 में

**उत्तर: (b)** भारत में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम [The Environment (Protection) Act, 1986; वर्ष 1986 ई० में पारित हुआ था। यह सम्पूर्ण भारत में लागू है।

28. निम्नलिखित वर्षों में से कब पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पारित हुआ था?

(a) 1982 (b) 1986
(c) 1990 (d) 1994

**उत्तर: (b)** वर्ष 1986 ई० में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम [The Environment (Protection) Act, 1986] वर्ष 1986 ई० में पारित किया गया था। यह सम्पूर्ण भारत में लागू है।


29. 'विश्व पर्यावरण दिवस' जिस तारीख को मनाया जाता है, वह है–
(a) 21 मार्च (b) 23 सितम्बर
(c) 5 जून (d) 25 मई

**उत्तर: (c)** 'विश्व पर्यावरण दिवस' प्रति वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस को इको दिवस के नाम से भी जाना जाता है। वर्ष 2018 का पर्यावरण दिवस का होस्ट देश भारत था। 2018 के पर्यावरण दिवस सेलिब्रेशन का थीम है "बीट प्लास्टिक पोल्युशन"।

30. पर्यावरण किससे बनता है?
(a) जीवीय घटकों से (b) भू-आकृतिक घटकों से
(c) अजैव घटकों से (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (d)** पर्यावरण एक अविभाज्य समष्टि है तथा जैविक तत्वों वाले पारस्परिक क्रियाशील तंत्रों से इसकी रचना होती है। पर्यावरण के तीन संघटक हैं–
(i) भौतिक या अजैविक संघटक-स्थल, वायु, जल
(ii) जैविक संघटक – पादप, मनुष्य, जन्तु, सूक्ष्म जीव
(iii) ऊर्जा संघटक – सौर्यिक ऊर्जा एवं भूतापीय ऊर्जा

अतः पर्यावरण कई संघटकों से निर्मित एक संरचना है। यह सभी जैविक और अजैविक अवयवों का सम्मिश्रण है जो जीवों को चारों ओर से प्रभावित करता है। पर्यावरण के कुछ कारक संसाधन के रूप में कार्य करते हैं तथा कुछ कारक नियंत्रक के रूप में कार्य करते हैं। पर्यावरण को वृहत् व लघु स्तर पर समझा जा सकता है। इसके साथ ही क्षेत्रीय तथा भूमंडलीय स्तर पर भी पर्यावरण में विभिन्नताएं पाई जाती हैं।




**चित्र:** पर्यावरण एवं उसकी संरचना

31. राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान (NEERI) अवस्थित है–
(a) बंगलौर में (b) हैदराबाद में
(c) नागपुर में (d) नई दिल्ली में

**उत्तर: (c)** वर्ष 1958 में स्थापित राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान (NEERI) महाराष्ट्र राज्य के नागपुर शहर में अवस्थित है। इसकी स्थापना केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग शोध संस्थान (CPHERI) के रूप में वॉटर सप्लाई, सीवरेज प्लान, इससे संबंधित बीमारियों एवं औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के क्षेत्र में शोध एवं विकास के लिए की गई थी। इसकी पाँच क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता एवं मुम्बई में हैं। NEERI भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

32. सौर विकिरण की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है–
(a) कार्बन चक्र में (b) हाइड्रोजन चक्र में
(c) जल चक्र में (d) नाइट्रोजन चक्र में

**उत्तर: (c)** जल चक्र में सौर विकिरण की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। सौर विकिरण चल चक्र को चालित करता है और जल का वाष्पीकरण करता है। बर्फ का जल में द्रवीकरण होता है। जल चक्र हाइड्रोस्फीयर में जल की विभिन्न गतिविधियों को दर्शाता है। प्रकृति में जल चक्र को निम्न प्रकार से प्रदर्शित किया जा सकता है।



**चित्र:** जल चक्र

33. 'रियो डी जनेरियो' में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन था:
(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण एवं विकास सम्मेलन
(b) पर्यावरण एवं प्रदूषण सम्मेलन
(c) अंतर्राष्ट्रीय नई अर्थव्यवस्था
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (a)** 'रियो डी जनेरियो' (ब्राजील) में वर्ष 1992 में सम्पन्न 'अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी शिखर सम्मेलन' (Earth Summit), संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण एवं विकास सम्मेलन था।

34. सतत् विकास के लिए आवश्यक है
(a) जैविक विविधता का संरक्षण (b) प्रदूषण का निरोध एवं नियंत्रण
(c) निर्धनता को घटाना (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर: (d)** सतत् विकास के लिए जैविक विविधता का संरक्षण, प्रदूषण का निरोध एवं नियंत्रण तथा निर्धनता घटाना सभी आवश्यक हैं। प्रकृति की अपनी सुंदरता है, अपनी सीमाएं हैं। अतः हमें चाहिए कि पहले हम प्रकृति को समझने का प्रयास करें उसके बाद अपनी विकास नीतियों का निर्धारण करें। अतः आर्थिक विकास और पर्यावरण सुरक्षा के मध्य एक वांछित संतुलन बनाए रखना ही टिकाऊ विकास या सतत् विकास है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यह एक भूमंडलीय दृष्टिकोण बन चुका है। टिकाऊ विकास की जो अनिवार्य शर्तें हैं, वे सूचनाओं की उपलब्धता पर आधारित होती हैं।
उल्लेखनीय है कि ये सूचनाएं सुदूर संवेदन तकनीक, सांख्यिकी विधि तथा भौगोलिक सूचना तंत्र व पर्यावरण सूचना तंत्र इत्यादि तरीकों से प्राप्त की जाती हैं। इन प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अनुकूलतम स्तर का निर्धारण किया जाता है। फिर विकास की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है।

35. निम्नलिखित नोबल गैसों में से कौन-सी वायु में नहीं पाई जाती है?
(a) हीलियम (b) ऑर्गन
(c) रेडॉन (d) निऑन

**उत्तर: (c)** वायुमंडल में नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, ऑर्गन, कार्बन डाइऑक्साइड, इत्यादि गैसें उपस्थित रहती हैं। शुष्क वायु में घनत्व के अनुसार सर्वाधिक मात्रा नाइट्रोजन की होती है।

| गैस | प्रतिशत |
|---|---|
| नाइट्रोजन | 78.08% |
| ऑक्सीजन | 20.95% |
| ऑर्गन | 0.93% |
| कार्बन डाइऑक्साइड | 0.038% |
| निऑन | 0.0018% |
| हीलियम | 0.0005% |
| मेथेन | 0.00017% |

36. वातावरण में सर्वाधिक प्रतिशत है–
(a) ऑक्सीजन का
(b) कार्बन डाइऑक्साइड का
(c) नाइट्रोजन का
(d) हाइड्रोजन का

**उत्तर: (c)** वातावरण में सर्वाधिक रूप से नाइट्रोजन पाया जाता है। वातावरण में इसकी मात्रा 78.08% है।

37. अपक्षय का विचार संबंधित है–
(a) पृथक हुए पदार्थों का संग्रह
(b) मौसम में दैनिक परावर्तन
(c) एक प्राकृतिक क्रिया जो चट्टानों को सूक्ष्म कणों में विभक्त करती है
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

**उत्तर: (c)** अपक्षय चट्टानों की टूट–फूट की वह प्राक्रतिक क्रिया है जिसके अन्तर्गत चट्टानें विघटन तथा वियोजन द्वारा ढीली पड़कर एवं विदीर्ण होकर अपने स्थान पर ही बिखर कर रह जाती हैं। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

38. विश्व मौसम विज्ञान संगठन का मुख्यालय अवस्थित है–
(a) जेनेवा में
(b) रोम में
(c) सिडनी में
(d) टोकियो में

**उत्तर: (a)** 17 मार्च, 1951 को स्थापित, विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषज्ञ एजेंसी है जो पृथ्वी के वायुमंडल की दशा और व्यवहार का अध्ययन करती है। 23 मार्च, 1950 को विश्व मौसम विज्ञान अभिसमय (World Meteorological Conventoion) लागू हुआ। इसका मुख्यालय जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है। इसके वर्तमान महासचिव पेटेरी टलास एवं अध्यक्ष डेविड ग्रीम्स हैं।

39. N.E.A. से आशय है–
(a) नेशनल एन्क्वायरी एक्ट
(b) नेशनल इन्वायरमेंट अथॉरिटी
(c) नेशनल एक्जामिनेशन एजेंसी
(d) नेशनल इवेन्ट एसोसिएशन

**उत्तर: (b)** N.E.A. का तात्पर्य National Environment Authority अर्थात् राष्ट्रीय पर्यावरण प्राधिकरण से है। यद्यपि इसका पूरा नाम राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण (NEAA) है। 'राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण' (NEAA) का गठन वन व पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा किया गया है। इसे कुछ प्रतिबंधित क्षेत्रों में ऐसे मामलों को देखने के लिए, जिनमें पर्यावरण मंज़ूरी आवश्यक है, स्थापित किया गया था। इसे राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित किया गया था ताकि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत, क्षेत्रों के प्रतिबंध हेतु किसी भी उद्योग, संचालन या प्रक्रिया या उद्योगों, संचालन या प्रक्रियाओं की श्रेणी के संबंध में अपील की सुनवाई की जा सके।

40. 'इकोमार्क' उन भारतीय उत्पादों को दिया जाता है जो–
(a) शुद्ध एवं मिलावट–रहित हों
(b) प्रोटीन–समृद्ध हों
(c) पर्यावरण के प्रति मैत्रीपूर्ण हों
(d) आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य हों

**उत्तर: (c)** 'इकोमार्क' प्रमाणपत्र उन भारतीय उत्पादों को दिया जाता है जो पर्यावरण के प्रति मैत्रिपूर्ण हों। यह प्रमाणपत्र ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (B15) द्वारा वर्ष 1991 से दिया जा रहा है। B15 की स्थापाना 23 Dec. 1986 को किया गया था इसका मुख्यालय दिल्ली में अवस्थित है।

41. 'हरित विकास' (ग्रीन डेवलपमेंट) का लेखक है–
(a) एम.जे. ब्रेडशा
(b) एम. निकोल्सन
(c) आर.एच. व्हीटेकर
(d) डब्ल्यू. एम. एडम्स

**उत्तर: (d)** डब्ल्यू, एम. एडम्स द्वारा लिखित पुस्तक हरित विकास (ग्रीन डेवलपमेंट) है। इसका पूरा नाम Green Development: Environment and Sustainability in a Developing World है। इस पुस्तक का पहला संस्करण 1990 में प्रकाशित हुआ था।

42. पर्यावरण अपकर्ष से अभिप्राय है:
(a) पर्यावरणीय गुणों का पूर्ण रूप से निम्नीकरण।
(b) मानवीय क्रियाकलापों से विपरीत परिवर्तन लाना।
(c) पारिस्थितिकीय विभिन्नता के परिणामस्वरूप परिस्थितिकीय असन्तुलन।
(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (d)** प्राकृतिक आवास का विनाश, जैव विविधता की हानि या प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण होने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को पर्यावरण अपकर्ष कहते हैं। पर्यावरण अपकर्ष प्राकृतिक या मानव जनित होता है। उपरोक्त कथनों से सभी विकल्प पर्यावरण अपकर्ष को व्यक्त कर रहे हैं, अत: सही उत्तर (d) होगा।

43. पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम (ई.पी.ए.) को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(a) छाता विधान
(b) छड़ी मुबारक
(c) पर्यावरण विधान
(d) इको–संरक्षण नियम

**उत्तर: (a)** वर्ष 1972 में स्टाकहोम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के प्रथम मानव पर्यावरण सम्मेलन के निर्णयों को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 को 'छाता विधान' (Umbrella Legislation) के रूप में जाना जाता है। यह अधिनियम केन्द्र सरकार को शक्ति देता है कि वह अधिनियम के उपबंधों के अन्तर्गत पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा संरक्षण के लिए और पर्यावरणीय प्रदूषण के निवारण, नियंत्रण, उपशमन के उपाय करे। उल्लेखनीय है कि भोपाल गैस त्रासदी के बाद भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 को पारित किया। इस अधिनियम ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बनाए गए अन्य कानूनों में समन्वय बनाने व उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

44. पर्यावरण संरक्षण के लिए 'ग्रीन आर्मी' को किसने प्रारंभ किया?
**M.P.P.C.S. (Pre) 2014**
(a) जापान
(b) चीन
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) इजिप्ट

**उत्तर: (c)** पर्यावरण संरक्षण के लिए 17–24 वर्ष के 15000 युवाओं को नियुक्त करने के उद्देश्य से ऑस्ट्रेलिया ने अगस्त 2014 में ग्रीन आर्मी को लांच किया था। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इस कार्यक्रम हेतु 360 मिलियन डॉलर आवंटित किए हैं। जिससे प्रतिवर्ष 500 परियोजनाओं को सहायता प्रदान की जाएगी।

45. निम्नलिखित में से कौन एक पारिस्थितिक तंत्र के संबंध में सही नहीं है?
(a) पारिस्थितिकी तंत्र किसी निश्चित स्थान–समय इकाई के समस्त जीवों तथा भौतिक पर्यावरण का प्रतिनिधित्व करता है।
(b) यह एक कार्यशील इकाई है।
(c) इसकी अपनी उत्पादकता होती है।
(d) यह एक बंद तंत्र होता है।

**उत्तर: (d)** पारिस्थितिकी तंत्र एक प्राकृतिक इकाई है, जिसमें एक क्षेत्र विशेष के सभी जीवधारी अर्थात पेड़-पौधे, जानवर और सूक्ष्म जीव शामिल हैं जो कि अपने अजैव पर्यावरण के साथ अंत: क्रिया करके एक संपूर्ण जैविक इकाई बनाते हैं। इसकी प्रमुख विशेषताएं है–
- पारिस्थितिकी तंत्र जीवमंडल में एक सुनिश्चित क्षेत्र धारण करता है।
- पारिस्थितिकी तंत्र एक कार्यशील क्षेत्रीय इकाई है।
- इसकी रचना तीन मूल संघटकों से होती है– (1) ऊर्जा संघटक, (2) जैविक (बायोम) संघटक, (3) अजैविक भौतिक संघटक।
- पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक संसाधन होते हैं अर्थात् इसकी अपनी उत्पादकता होती है।
- पारिस्थितिकी तंत्र एक खुला तंत्र होता है।
- किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र का, समय इकाई के संदर्भ में पर्यवेक्षण किया जाता है।

46. निम्न में से कौन पारिस्थितिक तंत्र के विषय में सही नहीं है?
    (a) यह अजैविक एवं जैविक दोनों संघटकों से युक्त होता है।
    (b) इसकी अपनी स्वयं की उत्पादकता होती है।
    (c) यह एक बंद तंत्र होता है।
    (d) यह प्राकृतिक संसाधन तंत्र होता है।


**उत्तर: (c)** पारिस्थितिकी तंत्र एक खुला तंत्र होता है क्योंकि इसमें ऊर्जा तथा पदार्थों का लगातार निवेश (Input) तथा बहिर्गमन (Output) होता रहता है। पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक संसाधन होते हैं अर्थात् इसकी अपनी उत्पादकता होती है। ध्यातव्य है कि बंद तंत्र से यह क्रियाएं नहीं होती हैं।

47. निम्नलिखित में से कौन कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र है?
    (a) धान का खेत (b) वन **[U.P.P.C.S. (Pre) 2016]**
    (c) घास का मैदान (d) झील

**उत्तर: (a)** वन, झील तथा घास का मैदान प्राकृतिक परितंत्र है जबकि धान का खेत मानव निर्मित कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र है। ध्यातव्य है कि प्रकृति में पारिस्थितिकी तंत्र को दो प्रमुख श्रेणियों स्थलीय एवं जलीय तंत्र में विभाजित किया जा सकता हैं। घास स्थल, वन तथा मरुस्थल, स्थलीय पारिस्थितिक तंत्रों के उदाहरण हैं। जलीय पारिस्थितिकीय तंत्र में झील, नदियां तथा समुद्र आते हैं। प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र मानवीय गतिविधियों द्वारा मानवीकृत पारिस्थितिक तंत्र में परिवर्तित वनों में बड़े भाग को जोतकर उसे शष्य भूमि में परिवर्तित किया जा चुका है। मानव ने प्राकृतिक वनों के बड़े भाग को काटकर उस भूमि पर वृक्षारोपण या कृषि कार्य किया है। पारिस्थितिक तंत्र को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है।

48. निम्नलिखित में किस कार्य से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ता है?
    (a) लकड़ी काटना (b) सामाजिक वानिकी
    (c) वन-महोत्सव (d) वनारोपण


**उत्तर: (a)** पारिस्थितिक असंतुलन का मूल कारण वनोन्मूलन (लकड़ी काटना) है। वनोन्मूलन के विभिन्न कारणों को नीचे दिए गए चित्र में दर्शाया गया है।



**चित्रः वनोन्मूलन के विभिन्न कारण**


49. एक घासस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के खाद्य शृंखला में विभिन्न घटकों का सही क्रम है:
    (a) घास, टिड्डा, मेंढक, सर्प (b) घास, टिड्डा, सर्प, मेंढक
    (c) टिड्डा, मेंढक, घास, सर्प (d) टिड्डा, सर्प, मेंढक, घास

**उत्तर: (a)** ऐसे पदार्थ जिनके ऑक्सीकरण के पश्चात् जीवधारियों को ऊर्जा प्राप्त होती है, खाद्य (Food) कहे जाते हैं। पौधे अपना खाद्य स्वयं निर्मित करते हैं। जबकि जंतु खाद्य के लिए पौधों पर निर्भर करते हैं। खाद्य शृंखला विभिन्न प्रकार के जीवधारियों का एक ऐसा क्रम है जिससे किसी पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह होता है। ध्यातव्य है कि जीवों द्वारा ऊर्जा का यह प्रवाह एकदिशीय (Undirectional) होता है। निम्न दिए हुए चित्र में खाद्य शृंखला के विभिन्न घटकों के क्रम को दर्शाया गया है।




50. निम्न में से कौन आहार शृंखला का निमार्ण करते हैं?
**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2015**
    (a) घास, गेहूं तथा आग (b) घास, बकरी तथा मानव
    (c) बकरी, गाय तथा हाथी (d) घास, मछली तथा बकरी
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b)** किसी परितंत्र में उत्पादक से उच्च उपभोक्ता के खाद्य् पदार्थों या खाद्य् ऊर्जा के स्थानान्तरण के क्रमबद्ध प्रवाह के पथ को खाद्य् शृंखला कहते है। घास, बकरी तथा मानव आहार शृंखला का निर्माण करते हैं।




51. निम्नलिखित वृक्षों में कौन पारिस्थितिकी मित्र नहीं है?
    (a) बबूल (b) यूकेलिप्टस
    (c) नीम (d) पीपल

**उत्तर: (b)** यूकेलिप्टस मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया में पाया जाने वाला पौधा है। दुनिया भर में इसकी लगभग 300 प्रजातियाँ पाई जाती हैं यूकेलिप्टस को उसकी अत्यधिक जल ग्रहण शक्ति के कारण पर्यावरण शत्रु के रूप में घोषित किया गया है। इसको जिस स्थान पर लगाया जाता है वहां की मिट्टी का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है।

52. सबसे स्थाई परिस्थितिक तंत्र है:
    (a) वन (b) घास के मैदान
    (c) रेगिस्तान (d) समुद्री

**उत्तर: (d)** प्रश्नगत विकल्पों में सर्वाधिक स्थायी पारिस्थितिक तंत्र महासागर है।

53. पारिस्थितिकीय पदछाप के माप की इकाई है–
    (a) भूमंडलीय हेक्टेयर (b) नैनोमीटर
    (c) हॉप्स क्यूबिक फुट (d) क्यूबिक टन

**उत्तर: (a)** पारिस्थितिकीय पदछाप के माप की इकाई भूमंडलीय हेक्टेयर (Global Hectares) है।

54. निम्नलिखित सूचकांकों में से कौन-सा मानव विकास सूचकांक (एच.डी. आई.) की गणना में सम्मिलित **नहीं** किया जाता है? **[U.P.P.S.C. 2020]**
    (a) जीवन प्रत्याशा (b) शिक्षा
    (c) प्रति व्यक्ति आय (d) सामाजिक असमानता

**उत्तर: (d)** मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) एक सांख्यिकीय है जिसमें जीवन प्रत्याशा, साक्षरता दर और प्रति व्यक्ति आय को सूचक के रूप में माना जाता है । मानव विकास के चार स्तरों में देशों को रैंक प्रदान करने के लिए उपयोग किया जाता है। जिस देश में HDI अधिक होता है, लोगों का जीवनकाल अधिक होता है, उसके शिक्षा का स्तर अधिक होता है, और प्रति व्यक्ति आय अधिक होती है। यह पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब उल हक द्वारा विकसित किया गया था और इसका उपयोग संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा देश के विकास को मापने के लिए किया गया था।

55. वर्ष 1987 में संयुक्त राष्ट्र में पर्यावरण से सम्बन्धित एक प्रतिवेदन की प्रस्तुति के उपरान्त 'धारणीय विकास' (सस्टेनेबल डेवेलपमेण्ट) पर चर्चा आरम्भ हुई। वह प्रतिवेदन था **[U.P.P.S.C. 2020]**
    (a) जलवायु परिवर्तन पर पहला प्रतिवेदन
    (b) अवर कॉमन फ्यूचर
    (c) जलवायु परिवर्तन पर दूसरा प्रतिवेदन
    (d) पाँचवा मूल्यांकन प्रतिवेदन

**उत्तर: (b)** पर्यावरण और विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र के विश्व आयोग को स्थायी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक बैठक आयोजित की। इसकी अध्यक्षता नॉर्वे के पूर्व प्रधान मंत्री ग्रो हार्लेम ब्रुन्डलैंड ने की थी और इस तरह इसे ब्रुन्डलैंड आयोग के रूप में भी जाना जाता है। ब्रुन्डलैंड आयोग ने 1987 में एक रिपोर्ट ''आवर कॉमन फ्यूचर'' प्रकाशित की।

56. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वन्यप्राणियों के विलुप्तीकरण का प्रमुख कारण **नहीं** है? **[U.P.P.S.C. 2020]**
(a) प्राकृतिक आवास का नष्ट होना
(b) जंगलों में आग लगा देना
(c) वन्यप्राणियों का अवैध वाणिज्यिक व्यापार
(d) जनसंख्या की तीव्र वृद्धि

**उत्तर: (d)** प्राकृतिक आवास का नुकसान, जंगल की आग, वन्यजीवों का अवैध व्यावसायिक व्यापार; आदि वन्यजीव विलुप्त होने के कुछ मुख्य कारण हैं। मनुष्यों ने विभिन्न कारणों से जंगलों को काट दिया है, इस प्रकार, कई जंगली जानवरों के लिए प्राकृतिक आवास का नुकसान हुआ है । फर, त्वचा, सींग, हाथी दांत आदि के लिए जानवरों के अवैध शिकार ने पक्षियों, स्तनधारियों, पौधों और सरीसृपों के जीवन को खतरे में डाल दिया है।

57. सुपोषण (यूट्रोफीकेशन) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? **[U.P.P.S.C. 2020]**
1. यह जल में घुलित आक्सीजन को कम करता है।
2. यह जल निकाय के पोषक तत्व संवर्धन की घटना है।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए।
**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**उत्तर: (c)** यह पानी की घुलित ऑक्सीजन को कम करता है और यह एक जल निकाय के पोषक तत्वों के संवर्धन की घटना है।
यूट्रोफिकेशन, शैवाल और पौधों की बहुतायत से शुरू होने वाले पारिस्थितिकी तंत्र में एक श्रृंखला प्रतिक्रिया को बंद कर देता है। अतिरिक्त शैवाल और पौधे पदार्थ अंततः विघटित होते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन होता है और पानी की घुलित ऑक्सीजन कम हो जाती है।

58. एक पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न घटकों से होकर पोषक तत्वों का गुजरना कहलाता है **[U.P.P.S.C. 2020]**
(a) जैव-भू-रसायन चक्र (b) जैव-भूगर्भिक चक्र
(c) पारिस्थितिक अनुक्रम (d) जैवीय चक्र

**उत्तर: (a)** जैव भू रसायन चक्र, प्राकृतिक मार्गों में से कोई भी जिसके द्वारा जीवित पदार्थ के आवश्यक तत्व परिचालित होते हैं। जैव भू रसायन शब्द एक संक्षिप्त रूप है जो प्रत्येक चक्र के जैविक, भूवैज्ञानिक और रासायनिक पहलुओं पर विचार करता है।
सबसे महत्वपूर्ण जैव-रासायनिक चक्र कार्बन चक्र, नाइट्रोजन चक्र, ऑक्सीजन चक्र, फास्फोरस चक्र और जल चक्र हैं। जैव-रासायनिक चक्रों में हमेशा संतुलन की स्थिति होती है। संतुलन की स्थिति तब होती है जब तत्वों के चक्र में संतुलन होता है।

59. सामान्यतया पर्यावरण को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक इस वर्गीकरण का अंश **नहीं** है? **[U.P.P.S.C. 2020]**
(a) परिचालन पर्यावरण (b) भौतिक पर्यावरण
(c) सांस्कृतिक पर्यावरण (d) जैवकीय पर्यावरण

**उत्तर: (a)** परिचालन वातावरण राजनीतिक, सामाजिक, विधायी, आर्थिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यावरणीय कारकों के लिए है जो किसी भी सहयोग के कार्यान्वयन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। सहयोग तभी सफल होता है जब परिचालन वातावरण को ध्यान में रखा जाता है। इसका मतलब है: सही चीजें करें।

60. 'पारिस्थितिकी संक्रमण' अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग किया गया **[U.P.P.S.C. 2020]**
(a) एल्टन द्वारा (b) बेनेट द्वारा
(c) बर्कले द्वारा (d) रेटज़ेल द्वारा

**उत्तर: (b)** पारिस्थितिक संक्रमण मानव और भौतिक पर्यावरण के बीच संबंधों का अध्ययन करता है। यह सांस्कृतिक नृविज्ञान में कुछ अभिसरण दृष्टिकोणों का भी आकलन करता है, जिसमें सांस्कृतिक पारिस्थितिकी, आर्थिक नृविज्ञान, सामाजिक विनिमय और व्यवहार अनुकूलन शामिल हैं।

61. ट्रैवल एण्ड टूरिज्म प्रतियोगितात्मक सूचकांक (टी.टी.सी.आई.) जारी किया जाता है **[U.P.P.S.C. 2020]**
(a) विश्व बैंक द्वारा (b) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा
(c) विश्व आर्थिक मंच द्वारा (d) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा

**उत्तर: (c)** ट्रैवल एंड टूरिज्म कॉम्पिटिटिवनेस इंडेक्स (टीटीसीआई) यात्रा/पर्यटन स्थलों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल, उचित स्वच्छता बुनियादी ढांचे और गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच के लाभों को पहचानता है। ट्रैवल एंड टूरिज्म कॉम्पिटिटिवनेस रिपोर्ट पहली बार 2007 में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा प्रकाशित की गई थी। 2007 की रिपोर्ट में 124 प्रमुख और उभरती अर्थव्यवस्थाएं शामिल थीं। 2008 की रिपोर्ट में 130 देशों को शामिल किया गया, 2009 की रिपोर्ट का विस्तार 133 देशों और 2011 की रिपोर्ट के अनुसार 139 देशों तक हो गया।

62. ग्रामीण सड़क निर्माण में, पर्यावरणीय दीर्घोपयोगिता को सुनिश्चित करने अथवा कार्बन पदचिह्न को घटाने के लिए निम्नलिखित में से किसके प्रयोग को अधिक प्राथमिकता दी जाती है? **[UPSC 2020]**
1. ताम्र स्लैग
2. शीत मिश्रित ऐस्फाल्ट प्रौद्योगिकी
3. जीयोटेक्सटाइल्स
4. उष्ण मिश्रित ऐस्फाल्ट प्रौद्योगिकी
5. पोर्टलैंड सीमेंट
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 4 और 5 (d) केवल 1 और 5

**उत्तर: (a)**
- सरकार ने 2020 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए कॉपर आधारित भू टेक्सटाइल के उपयोग की अनुमति दी है।
- हॉट मिक्स डामर तकनीक में, डामर को गर्म करके पत्थर, रेत, बजरी पर डाला जाता है, फिर सड़क की सतह को कॉम्पैक्ट करने के लिए इस पर एक भारी रोलर चलाया जाता है। यदि आप पूरी प्रक्रिया की कल्पना करते हैं, तो यह हीटिंग के कारण कई गैसों का उत्सर्जन करता है, कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद नहीं करता है।
- कॉपर स्लैग एक उप-उत्पाद है जो तांबे को गलाने और परिष्कृत करने के दौरान प्राप्त किया जाता है। कॉपर स्लैग गैर-खतरनाक, गैर विषैला पदार्थ है। स्टरलाइट कॉपर कंपनी की रिपोर्ट कहती है कि पिछले 3 वर्षों से सरकारी सड़क परियोजनाओं में इस पर्यावरण के अनुकूल औद्योगिक उत्पाद का उपयोग किया जा रहा है।

63. वन सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2021 के अनुसार, क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक वन-आवरण है? **[NDA 2020–I]**
(a) ओडिशा (b) मध्य प्रदेश
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर: (b)** वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 को जनवरी 2022 के महीने में जारी किया गया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में देश के कुलवन और वृक्ष आवरण में 2,261 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है। वन क्षेत्र में अधिकतम वृद्धि आंध्रप्रदेश (647 वर्ग किमी) में देखी गई, इसके बाद तेलंगाना (632 वर्ग किमी) और ओडिशा (537 वर्ग किमी) का स्थान है।

DISHA Publication Inc

17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का भौगोलिक क्षेत्र 33 प्रतिशत से अधिक वन आच्छादित है। देश के जंगल में कुल कार्बन स्टॉक 7,204 मिलियन टन होने का अनुमान है, 79.4 मिलियन की वृद्धि। देश में कुल मैंग्रोवकवर 4,992 वर्ग किमी है, जिसमें 17 वर्ग किमी की वृद्धि देखी गई है।

64. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आइ० यू० सी० एन०) हाल ही में लाल चंदनवृक्ष (रेड सैंडर) को किस श्रेणी में श्रेणीकृत किया है? **[NDA 2020–I]**

(a) न्यून (डेफिशिएंट) श्रेणी
(b) संकटग्रस्त (एन्डेंजर्ड) श्रेणी
(c) संकटासन्न (नियर-थ्रेटेंड) श्रेणी
(d) घोर-संकटग्रस्त (क्रिटिकलि एन्डेंजर्ड) श्रेणी

**उत्तर: (b)** रेड सैंडर्स (रेड सैंडल वुड) इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट में 'लुप्तप्राय' श्रेणी में वापस आ गया है।
**IUCN का मुख्यालयः ग्लैंड, स्विट्जरलैंड**

65. भारत सरकार द्वारा पर्यावरण के परिरक्षण (संरक्षण) अधिनियम कब पारित किया गया था? **[UPPCS 2022 - I]**

(a) 1986 (b) 1974
(c) 1981 (d) 1971

**उत्तर:** (a) पर्यावरण की सुरक्षा एवं पर्यावरण में सुधार करने के उद्देश्य से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (Environment Protection Act & EPA), 1986 को अधिनियमित किया गया था। यह केंद्र सरकार को सभी रूपों में पर्यावरण प्रदूषण को रोकने और देश के विभिन्न हिस्सों में विशिष्ट पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिये प्राधिकरण स्थापित करने हेतु अधिकृत करता है। यह अधिनियम पर्यावरण के संरक्षण और सुधार हेतु सबसे व्यापक कानूनों में से एक है।

66. केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय, भारत सरकार ने 'डॉल्फिन डे' मनाने की घोषणा की है जो मनाया जायेगा **[UPPCS 2022 - I]**

(a) 28 अक्टूबर को (b) 5 अक्टूबर को
(c) 15 जुलाई को (d) 15 अप्रैल को

**उत्तर:** (b) 5 अक्टूबर का दिन राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की 67 वीं बैठक में यह घोषणा की।

67. 'इंडिया स्टेट ऑफ फोरेस्ट रिपोर्ट-2021' के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य ने पिछले दो वर्षों में वन क्षेत्र में अधिकतम वृद्धि दर्ज की है? **[UPPCS 2022 - I]**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) असम
(c) अरूणाचल प्रदेश (d) केरल

**उत्तर:** (a) वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 जारी; पिछले दो वर्षों में देश के कुल वन और वृक्षों से भरे क्षेत्र में 2,261 वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है। वन क्षेत्र में अधिकतम बढ़ोतरी आंध्र प्रदेश (647 वर्ग किमी) में दर्ज की गई, इसके बाद तेलंगाना (632 वर्ग किमी) और ओडिशा (537 वर्ग किमी) का स्थान है।

68. 'विश्व खुशहाली सूचकांक-2022' के अनुसार भारत में कौन-से स्थान पर है? **[UPPCS 2022 - I]**

(a) 130वाँ (b) 110वाँ
(c) 140वाँ (d) 136वाँ

**उत्तर:** (d) विश्व हैपीनेस रिपोर्ट 2022 के 10वें एडिशन के अनुसार, इस साल के इंडेक्स में कुल 146 देशों को स्थान दिया गया था। इसमें भारत को 149 देशों में 140वां स्थान मिला है, जबकि फिनलैंड शीर्ष पर है। यह रिपोर्ट 18 मार्च को जारी हुई थी।

69. 10 अप्रैल 2022 को घोषित 'नीति आयोग के राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक' के अन्तर्गत भारत के निम्नलिखित में से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले तीन राज्य कौन-से हैं? **[UPPCS 2022 - I]**

(a) पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल
(b) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक
(c) गुजरात, केरल, पंजाब
(d) मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम

**उत्तर:** (c) गुजरात बड़े राज्यों में नीति आयोग के पहले राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक (एसईसीआई) 2022 में सबसे ऊपर है, इसके बाद केरल और पंजाब का स्थान है, जबकि झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सूचकांक में सबसे नीचे के तीन प्रदर्शनकर्ताओं के रूप में समाप्त हुए।

70. निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्यावरण का/के प्रकार्य है/हैं ? **[CDS 2022 - I]**

1. संसाधनों की पूर्ति 2. जीवन बनाए रखना
3. सौन्दर्यपरक सेवाएँ देना नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

**उत्तर:** (c) **पर्यावरण के कार्यः**
- पर्यावरण उत्पादन के लिए संसाधन (नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय संसाधन दोनों) की आपूर्ति करता है।
- पर्यावरण अपशिष्ट को आत्मसात करता है,
- पर्यावरण जीवन का निर्वाह करता है।
- पर्यावरण जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

71. अनुमति योग्य शोर के स्तर के सन्दर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए। **[UPPCS 2022]**

| सूची-I (क्षेत्र) | सूची-II (अनुमति योग्य शोर स्तर) |
|---|---|
| A. आवासीय क्षेत्र | 1. 50 डीबी |
| B. शान्त क्षेत्र | 2. 55 डीबी |
| C. औद्योगिक क्षेत्र | 3. 65 डीबी |
| D. व्यापारिक क्षेत्र | 4. 70 डीबी |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तर: (c)** सीपीसीबी ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए भारत में अनुमेय ध्वनि स्तर निर्धारित किए हैं। ध्वनि प्रदूषण नियमों ने विभिन्न क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय के लिए ध्वनि के स्वीकार्य स्तर को परिभाषित किया है। आवासीय क्षेत्रः 55 डीबी; साइलेंट जोनः 50 डीबी; औद्योगिक क्षेत्रः 70 डीबी; वाणिज्यिक क्षेत्रः 65 डीबी।

72. निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष पर्यावरण के लिए खतरा है? **[UPPCS 2022]**

(a) केला (b) यूकेलिप्टिस
(c) बबूल (d) नीम

**उत्तर: (b)** कभी दलदली जमीन को सूखी धरा में में बदलने के लिए अंग्रेजों के जमाने में भारत लाया गया यूकेलिप्टस का पेड़, आज पर्यावरण के लिए मुसीबतों का सबब बनता जा रहा है। जिले में साल दर साल यूकेलिप्टस का क्षेत्र बढ़ रहा है। पेड़ों की बढ़ती संख्या से भूगर्भ के गिरते जलस्तर को थामने की कोशिशों पर भी खतरा मंडराने लगा है।

73. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए। **[UPPCS 2022]**

| **सूची-I (सतत् विकास लक्ष्य (SDG))** | **सूची-II (संबंधित है)** |
|---|---|
| A. SDG 10 | 1. जलवायु परिवर्तन |
| B. SDG 30 | 2. भूमि पर जीवन |
| C. SDG 13 | 3. असमानताओं से कमी |
| D. SDG 15 | 4. जल के नीचे जीवन |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तरः (a)** एसडीजी 1: कोई गरीबी नहीं
1. एसडीजी 2: जीरो हंगर
2. एसडीजी 3: अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण
3. एसडीजी 4: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
4. एसडीजी 5: लैंगिक समानता
5. एसडीजी 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता
6. एसडीजी 7: सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा
7. एसडीजी 8: अच्छा काम और आर्थिक विकास
8. एसडीजी 9: उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा
9. एसडीजी 10: असमानता में कमी
10. एसडीजी 11: सतत शहर और समुदाय
11. एसडीजी 12: जिम्मेदार खपत और उत्पादन
12. एसडीजी 13: जलवायु कार्रवाई
13. एसडीजी 14: पानी के नीचे का जीवन
14. एसडीजी 15: भूमि पर जीवन
15. एसडीजी 16: शांति और न्याय मजबूत संस्थाएं
16. एसडीजी 17: लक्ष्य हासिल करने के लिए साझेदारी

74. वह क्षेत्र जो दो पारिस्थितिकी तंत्रों के मध्य सीमा रेखा अथवा संक्रमण क्षेत्र के रूप में कार्य करता है **[MPPSC 2022]**
(a) इकोस्फीयर (b) इकोबाउन्ड्री
(c) इकोट्विन (d) इकोटोन

**उत्तरः (d)** इकोटोन दो पारिस्थितिक तंत्रों के बीच संक्रमण का एक क्षेत्र है और यह मुख्य रूप से दो पारिस्थितिक तंत्रों के बीच एक संक्रमण क्षेत्र है। इस क्षेत्र में आम तौर पर किनारे के प्रभाव के कारण विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां और जीव-जंतु पाए जाते हैं, जिनमें कई स्थानिक प्रजातियां भी शामिल हैं। इकोटोन के सामान्य उदाहरण दलदली भूमि, मैंग्रोव, मुहाना आदि हैं। सरल शब्दों में एज प्रभाव का मतलब है कि क्षेत्र की मूल आबादी पड़ोसी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है।

75. लोटिक पारिस्थितिकी तंत्र का उदाहरण है- **[UPPCS 2023]**
(a) तालाब (b) नदी
(c) धसाउ क्षेत्र (मार्शी एरिया) (d) दलदल

**उत्तरः (b)** लोटिक पारितंत्रों की पहचान बहते जल से होती है। इसके उदाहरणों में नदियाँ, धाराएँ और झरने शामिल हैं। यहां धारा के निरंतर बहते जल के कारण ऑक्सीजन का स्तर अधिक होता है और जल स्वच्छ होता है। नदी या धारा के क्षेत्र के आधार पर जल का प्रवाह भिन्न होता है।

76. प्राकृतिक संसाधनों का वर्तमान पीढ़ी द्वारा इस प्रकार उपयोग किया जाए कि प्राकृतिक संसाधनों का न्यून क्षरण हो, तो यह किस प्रकार का विकास कहलाएगा। **[UPPCS 2023]**
(a) जैविक विकास (b) सतत विकास
(c) सामाजिक विकास (d) आर्थिक विकास

**उत्तरः (b)** सतत विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें संसाधन दोहन, आर्थिक, ऊर्जा, कृषि और औद्योगिक नीतियों का निर्माण इस तरह के विकास के लिए किया जाता है जो आर्थिक, सामाजिक और जैविक तीनों स्तर पर सततया अनवरत जारी रहे। यह अवधारणा यह भी सुनिश्चित करती है कि विकास हेतु ऐसे वित्तीय प्रबंधन किए जाएं जिसे आने वाली पीढ़ी को चुकाना न पड़े।

77. गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत वे स्रोत हैं, जो कि- **[UPPCS 2023]**
(a) विद्युतजनित हैं (b) नवीकरणीय हैं
(c) उष्माजनित हैं (d) गैर-नवीकरणीय हैं

**उत्तरः (b)** गैर-पारंपरिक स्रोतों को ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के रूप में भी जाना जाता है। ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों के उदाहरणों में सौर ऊर्जा, जैव ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा और पवन ऊर्जा शामिल हैं।

78. एक जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के तालाब में, निम्नलिखित में से किस घटक का प्रतिनिधित्व कवकों, जीवाणुओं एवं फ्लैजेलेट्स के द्वारा किया जाता है? **[MPPSC 2024]**
(a) स्वपोषी घटक (b) उपभोक्ता
(c) अपघटक (d) अजैविक घटक

**उत्तरः (b, c)** तालाब के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में कवक, जीवाणुओं और फ्लैजेलेट्स मुख्य रूप से अपघटक के रूप में कार्य करती हैं। ये जीव मृत कार्बनिक पदार्थों को विघटित करते हैं, पोषक तत्वों को पारिस्थितिकी तंत्र में वापस रिसाइकिल करते हैं। अपघटक पोषक चक्रण के लिए आवश्यक हैं, मृत पौधों, जानवरों और अपशिष्ट उत्पादों को सरल अकार्बनिक पदार्थों में परिवर्तित करते हैं जिन्हें शैवाल और जलीय पौधों जैसे स्वपोषी पुनः उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, कुछ बैक्टीरिया और कशाभिकाएँ उपभोक्ता भी हो सकते हैं, जो कार्बनिक पदार्थ या छोटे जीवों को खाते हैं। इस प्रकार उनकी प्राथमिक भूमिका अपघटक है, उनमें से कुछ प्रजातियाँ तालाब के खाद्य जाल के भीतर उपभोक्ता के रूप में कार्य कर सकती हैं।